आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 19°C |

इनसाइड न्यूज

यूपी में ईवी चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाएगी योगी सरकार

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 11 नवंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 30 | www.janexpresslive.com/epaper



पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस... 12

# 'सपा शासन के दौरान अनुसूचित जाति-जनजाति पर हुआ सर्वाधिक अत्याचार'

## जहां दुर्दांत अपराधी, माफिया व दुष्कर्मी पैदा होते हैं, अखिलेश उस प्रोडक्शन हाउस के सीईओ और शिवपाल ट्रेनर हैं: योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कटेहरी, मझवा और फूलपुर में की चुनावी जनसभा
- सीएम ने सपा को घेरा: सपा का पीडीए मतलब प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी
- सपा के प्रोडक्शन हाउस की उपज थे अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, खान मुबारक: सीएम

**जन एक्सप्रेस। अंबेडकरनगर/मीरजापुर/प्रयागराज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव प्रचार की रैलियों में रविवार को समाजवादी पार्टी के नेतृत्व व नेताओं को खूब धोया। सीएम ने पीडीए को घेरते हुए इसकी नई परिभाषा बताई। उन्होंने कहा कि इनका पीडीए (प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी) है। सपा माफिया व अपराधियों को पालने का प्रोडक्शन हाउस बन गया है। हर दुर्दांत अपराधी माफिया, दुष्कर्मी पैदा जिस प्रोडक्शन हाउस से पैदा होते हैं, उसके सीईओ अखिलेश यादव व ट्रेनर शिवपाल यादव हैं। प्रदेश का हर बड़ा अपराधी, माफिया व दंगाई सपा के इसी प्रोडक्शन हाउस का हिस्सा होगा। सपा माफिया का प्रोडक्शन हाउस बनकर जनता को तबाह कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कटेहरी, मझवा व फूलपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए रविवार को जनसभा की। उन्होंने कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवा से सुचिस्मिता मौर्य व फूलपुर से दीपक पटेल को जिताने की अपील की।



### सपा के प्रोडक्शन हाउस की उपज थे अतीक अहमद

सीएम ने कहा कि अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, खान मुबारक सपा के प्रोडक्शन हाउस की उपज थे। यह लोग अपराध के लिए साथ बिजनेस करते थे। गाजीपुर में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय, रमेश पटेल, रमेश यादव समेत सात लोग की निर्मम हत्या हुई थी। माफिया ने इन्हें भून डाला था। तब सपा सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन माफिया के मरने पर सपा मुखिया वहां फातिहा पढ़ने चले गए। सपा सरकार में अतीक अहमद के गुंडों ने प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल की निर्मम हत्या कर दी। जब डबल इंजन सरकार आई, इस परिवार को न्याय तब मिला। डबल इंजन सरकार ने जब अपना वास्तविक रूप दिखाया तो इनका रामनाम सत्य होने में देर न लगी।

### सपा मुखिया जिन्ना को याद कर रहे थे

कटेहरी में सीएम योगी ने कहा कि एक साल पहले भाजपा 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी तो सपा और उसके मुखिया भारत के विभाजन के जिम्मेदार जिन्ना की जयंती मना रहे थे। इन्हें जिन्ना प्यारा है, क्योंकि उसने भारत का विभाजन कराया था। अनुसूचित जाति-जनजाति पर सर्वाधिक अत्याचार सपा शासन के दौरान हुआ। 2015-16 में इन लोगों ने अनुसूचित जाति-जनजाति के बच्चों की छात्रवृत्ति रोक दी थी, उसे भी हमने शुरू कराया।

### इंडी गठबंधन देश व समाज के लिए खतरनाक

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस व सपा का इंडी गठबंधन देश व समाज के लिए खतरनाक है, इसलिए हरियाणा में जनता ने उन्हें नहीं आने दिया और पीएम मोदी के आह्वान पर दो तिहाई से अधिक सीट देकर भाजपा की हैट्रिक लगाई। सीएम ने कहा कि वहां के लोग समझ गए कि बंटे थे तो कटे थे, इसलिए अयोध्या में 500 वर्ष तक इंतजार करना पड़ा।

### कटेहरी को परिवारवाद का गढ़ बना देना चाहते हैं सपाई

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कुछ लोग सपा का प्रत्याशी बनकर कटेहरी को परिवारवाद का गढ़ बना देना चाहते हैं। जब रामलला विराजमान हो रहे थे तो यह लोग विरोध कर रहे थे। हर गरीब की श्रद्धा का केंद्र शिवबाबा धाम व श्रवण क्षेत्र के विकास के लिए इन्होंने कुछ नहीं किया, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने राम मंदिर निर्माण के साथ ही इन दोनों धाम का सुंदरीकरण कराया। सीएम ने अपील की कि अंबेडकरनगर के मेडिकल कॉलेज को तबाह करने के जिम्मेदार बैरियर को हटाइए।

### वीर-वीरांगनाओं का सम्मान हो रहा है

सीएम योगी ने कहा कि भाजपा है तो महापुरुषों का सम्मान होता है। मोदी जी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के पंच तीर्थ का भी निर्माण कराया तो दुनिया में सरदार वल्लभ भाई पटेल की सबसे बड़ी प्रतिमा भी गुजरात में बनवाई। इन महापुरुषों को भारत रत्न तब मिला, जब भाजपा सरकार को समर्थन कर रही थी। महाराज सुहेलदेव ने आक्रांता सालार मसूद गाजी को मारकर वह हाल किया कि कोई विदेशी आक्रांता 150 वर्ष तक भारत पर हमले का दुस्साहस नहीं कर पाया था। उन्होंने हिंदू राजाओं की ताकत को एकजुट किया। मथुरा से लेकर बहराइच व नेपाल की सीमा के अंदर तक सुरक्षा का ऐसा जाल बनाया कि एक बार सालार समूद घुसा तो उसकी कब्र ही खोदी गई। हमने बहराइच में महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनाया। सपा को भय है कि वह सम्मान देगी तो मुस्लिम वोट न खिसक जाए।

### सपा को प्रदेश का नहीं, परिवार का विकास चाहिए

सीएम योगी ने कहा कि विंध्य क्षेत्र कभी यह क्षेत्र खनन व भूमाफिया के लिए जाना जाता था। आज मीरजापुर के पास मेडिकल कॉलेज, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मां विंध्यवासिनी का भव्य कॉरिडोर है। पीएम मोदी इंटरनेशनल सोलर अलाइंस के लिए फ्रांस के प्रधानमंत्री को लेकर यहां आए और सोलर के सबसे बड़े प्लांट का उद्घाटन किया था। सीएम ने कहा कि खटाखट के नाम पर सपा व कांग्रेस के झूठे इंडी गठबंधन से किसी को एक लाख रुपये नहीं मिला। कांग्रेस व सपा वालों से पूछना चााहिए कि यह पैसा कहां गया। चार-चार बार मुख्यमंत्री होने के बावजूद सपा ने मीरजापुर में विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, हर घर नल और मां विंध्यवासिनी धाम को कॉरिडोर के रूप में नहीं बदला। इन्हें परिवार का विकास चाहिए, प्रदेश का नहीं।

### 'सरकार का मतलब समाधान होता है, समस्या नहीं'

सीएम योगी ने कहा कि 2025 में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है। जिसे पीएम मोदी ने यूनेस्को की सूची में लेकर मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दिलाई है। उन्होंने कहा कि आज पैसा विकास में लगता है, लेकिन साढ़े सात साल पहले पैसा सैफई घराने और उनके कारिंदों के पास जाता था। सीएम ने आश्वस्त किया कि कछार क्षेत्र में हजारों बीघा जमीन जलमग्न होती थी, लेकिन अब इसका स्थायी समाधान भी होगा। सरकार का मतलब समाधान होता है, समस्या नहीं। जो सरकार गरीब, किसान व युवा की आवाज न सुनती हो, उसे डूब मरना चाहिए। कुंभ 2007 और 2013 में भी हुए थे, उस समय की अराजकता और दुर्व्यवस्था किसी से छिपी नहीं थी। हमारी टीम के हिस्से सभी जनप्रतिनिधियों ने प्रयागराज कुंभ को सफल बनाने में पूरी ताकत लगाई थी। सीएम ने शहीदों-जवानों के लिए सरकार द्वारा किए जाने वाले कार्यों को गिनाया। चुनाव की तिथि परिवर्तित किए जाने पर भी सीएम ने सपा को घेरा। बोले कि सपा राम मंदिर, गंगा स्नान, हिंदु और राष्ट्रीय अस्मिता के साथ खिलवाड़ करती है।

### आज समाजवादियों को देख घबराती हैं बेटियां

सीएम योगी ने कहा कि यह क्षेत्र प्रखर समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की पावन भूमि है। एक समय जयप्रकाश नारायण, डॉ. राम मनोहर लोहिया, आचार्य नरेंद्र देव, चंद्रशेखर, जनेश्वर मिश्र, मोहन सिंह जैसे लोग समाजवादी आंदोलन को नेतृत्व दे रहे थे। इस आंदोलन को आदर्श आंदोलन माना जाता था। लेकिन आज देख सपाई, बिटिया घबराई। अयोध्या में सपा नेता मोइद खान जैसे दुष्कर्मी को जेल भेजा गया तो सपा अंतिम समय तक उसे बचाकर क्लीनचिट दे रही थी। कन्नौज, लखनऊ व हरदोई में भी यही हुआ। लखनऊ में बारिश के दौरान एक बेटी मोटरसाइकिल से परिवार के साथ जा रही थी। एक सपाई के द्वारा उसे मोटर साइकिल से गिरा दिया गया। जब हम लोगों ने आरोपी को जेल में डाला तो सपाई थाने घेर रहे थे, लेकिन पुलिस का डंडा था तो सपाई भाग गए। सीएम ने चेतावनी दी कि बेटियों की इज्जत से खेलोगे तो जहन्नुम पहुंचा देंगे।

# मित्र पुलिस या विचित्र पुलिस

## स्टाल पर नहीं बिकने वाले और मुफ्त में बांटे जाने वाले अखबारों से जुड़े लोग ब्लैकमेलर होते हैं...

*गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा पर एक दिव्यांग पत्रकार से अशोभनीय लहजे में बात करने का आरोप, ऑडियो वायरल*

- उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में लाएगी
- यह बात पुलिस कमिश्नर ने समाचार पत्र के संपादक को तब कही जब उन्होंने अपने खिलाफ पुलिस द्वारा चुनाव में की गई कार्रवाई पर एतराज जताने के लिए फोन किया
- पीड़ित समाचार पत्र का संपादक इस बात से आहत होकर मामले को प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया में ले जाने के साथ कोर्ट जाने की चेतावनी दे रहा है

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

पत्रकारों के उत्पीड़न का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। अब गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा पर एक दिव्यांग पत्रकार से अशोभनीय लहजे में बात करने का आरोप है। कथित तौर पर गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर ने पत्रकार से कहा कि स्टाल पर नहीं बिकने वाले और मुफ्त में बांटे जाने वाले अखबारों से जुड़े लोग ब्लैकमेलर होते हैं। मामले का ऑडियो भी वायरल हुआ है। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने इस मामले में पुलिस कमिश्नर के रवैये पर ऐतराज जताया है। समिति के महासचिव अरुण त्रिपाठी के अनुसार प्रकरण को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में लाया जाएगा। पत्रकारों का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद अजय कुमार मिश्रा की एक ऑडियो क्लिप सामने आई है जिसमें वे एक समाचार पत्र के दिव्यांग संपादक को कह रहे हैं कि स्टाल पर नहीं बिकने वाले और मुफ्त में बांटे जाने वाले अखबारों से जुड़े लोग ब्लैकमेलर होते हैं। ये बात पुलिस कमिश्नर ने समाचार पत्र के संपादक को तब कही जब उन्होंने अपने खिलाफ पुलिस द्वारा चुनाव में की गई कार्रवाई पर एतराज जताने के लिए फोन किया था।




### अनीस दोनों पैर से 60 प्रतिशत दिव्यांग हैं, उप-चुनाव में शांति भंग करने की आशंका में निरोधात्मक कार्रवाई!


गाजियाबाद के विजयनगर इलाके के काशीराम आवास-विकास परिषद के फ्लेट्स में रहने वाले अनीस अंसारी प्रगतिशील समाजवाद के नाम से एक समाचार पत्र का संचालन करते हैं। वे कई संस्थाओं और सामाजिक संगठनों से भी जुड़े हुए हैं। अनीस दोनों पैर से 60 प्रतिशत दिव्यांग हैं। बावजूद इसके कुछ रोज पहले विजयनगर पुलिस ने उनके खिलाफ उप-चुनाव में शांति भंग करने की आशंका में निरोधात्मक कार्रवाई कर दी। इस बात की शिकायत करने के लिए अनीस ने पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा को फोन किया था।

### कोर्ट और प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया की चौखट पर देंगे दस्तक

आरोप है कि फोन पर न सिर्फ सीनियर आईपीएस ने उनके साथ आपत्तिजनक तरीके से बात की बल्कि ये भी कहा कि स्टॉल पर नहीं बिकने वाले अखबारों से जुड़े लोग ब्लैकमेलर होते हैं। अनीस ने पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा के फोन पर की गई बातचीत के ऑडियो क्लिप को लेकर कोर्ट जाने और इस बात की शिकायत प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया से करने की बात कही है।

# राज्य सूचना आयुक्त ने रक्षामंत्री को भेंट की अपनी पुस्तक



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से आज उनके कालिदास मार्ग स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने रक्षामंत्री को अपनी पुस्तक प्राचीन प्रशासनिक प्रणाली भेंट की। डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने रक्षामंत्री को अवगत कराया कि इस पुस्तक में सुशासन की शीर्ष व्यवस्था के रूप में रामराज्य का उल्लेख है। इसमें सुशासन के शाश्वत मार्गदर्शक तत्व है। जिससे समय समय पर प्रजा हितैषी शासक प्रेरणा लेते रहे हैं।

# बिजनौर ट्रिपल मर्डर: बिस्तर पर ही तीनों को मार डाला... सबूत के नाम पर मिला आला कत्ल और छह जोड़ी चप्पल



**जन एक्सप्रेस। बिजनौर**

तिहरे हत्याकांड को हत्यारों ने बेहद शातिर ढंग से अंजाम दिया। तीन हत्या करके फरार हो गए और किसी को भनक तक नहीं लगी। बरामदे में जमीन पर ही लगे बिस्तर पर कबाड़ी मंसूर और उसकी पत्नी जुबैदा की पेचकस घोंपकर हत्या की। साथ ही कमरे में सो रहे उनके बेटे याकूब को भी मार डाला। मृतकों को एक दूसरे का बचाने का भी मौका नहीं मिला। इतना ही नहीं पड़ोसियों को भी इस हत्याकांड की भनक नहीं लग सकी। मंसूर के छोटे से घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिलने से अटकलें लगाई जा रही हैं कि आरोपियों ने अंदर घुसते ही दरवाजा बंद कर लिया था। इसके बाद दीवार फांदकर फरार हो गए। पुलिस को मौके पर आला कत्ल पेचकस के आलावा अन्य कोई साक्ष्य नहीं मिल सका। छत पर एक कैंची जरूर पड़ी मिली, जिस पर खून का कोई निशान नहीं था। उधर मृतक के घर के सामने किराए पर रहने वाली महिला ने बताया कि रात में कोई आवाज भी नहीं सुनाई दी। पुलिस जब सबूत जुटाने की कोशिश में लगी थी, तभी शहर कोतवाल उदयप्रताप की नजर चप्पलों पर पड़ी। घर में तीन लोग थे, जबकि मौके पर चप्पल छह जोड़ी मिली। एक जोड़ी चप्पल महिला वाली, जबकि पांच जोड़ी मर्दाना थीं। तीन जोड़ी चप्पल बरामदे के बाहर सलीके से निकाली हुई प्रतीत हो रही थीं। उधर मंसूर के घर में चूल्हे पर हंडिया जस की तस रखी थी। जबकि सोमवार को साग बनाने की तैयारी थी। जीने पर एक छबड़ी में बिना पका साग खुले आसमान के नीचे रखा हुआ था।

### बिरयानी खाकर सो गया था परिवार

मृतक याकूब की दादी हसीना ने रोते हुए बताया कि याकूब रात में नौ बजे उसके पास गया था। जोकि खूब सारी बिरयानी लेकर आया। इसके बाद याकूब बिरयानी लेकर घर चला गया। कबाड़ी, उसकी पत्नी और बेटे याकूब ने बिरयानी खाई और सो गए। हालांकि इससे पहले याकूब पड़ोस में चल रहे डीजे पर भी डांस करके आया था।

# 10 दिसंबर तक बनकर तैयार होगा फाफामऊ में गंगा पर अस्थाई स्टील ब्रिज

- महाकुंभ से पहले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्टील ब्रिज का निर्माणकार्य जोरों पर
- 450 मीटर लंबे ब्रिज का 72 मीटर से ज्यादा हिस्सा बनकर हुआ तैयार

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के लिए तैयारी पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। खास तौर पर इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कार्यों को दिसंबर माह तक पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में एनएचएआई ने भी प्रयागराज के फाफामऊ में गंगा नदी पर बन रहे स्टील ब्रिज के निर्माण को 10 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। 450 मीटर लंबे इस ब्रिज के निर्माण में दिन रात तेज गति से कार्य गतिमान है।



### 72 मीटर से ज्यादा बनकर हुआ तैयार

एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार स्टील ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। 450 मीटर लंबे इस ब्रिज के 72 मीटर से ज्यादा का कार्य पूरा भी हो चुका है। निर्माण कार्य से संबंधित लगभग पूरी सामग्री साइट पर पहुंच चुकी है। इस अस्थाई ब्रिज के निर्माण कार्य को 10 दिसंबर, 2024 तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्थाई स्टील ब्रिज की एप्रोच रोड (4 किमी) का कार्य नवंबर 2024 में पूरा कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न फिनिशिंग कार्यों को भी 15 दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा।

### 6 लेन ब्रिज बनाने का कार्य भी प्रगति पर

मालूम हो कि प्रयागराज के फाफामऊ में नया छः-लेन पुल बनाने का कार्य प्रगति पर है। लेकिन महाकुंभ 2025 से पहले इस पुल का निर्माण पूरा करना संभव नहीं है। ऐसे में सरकार ने महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थाई स्टील पुल बनाने का निर्णय लिया था। कैबिनेट सचिव ने 7 अगस्त 2024 को निर्देश दिया था कि अस्थाई स्टील पुल महाकुंभ से पहले बनकर तैयार हो। चीफ़ ऑफ़ स्टाफ़ ने इस पर मंजूरी दी और कार्य शुरू कर दिया गया है। इसमें गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

### यूपी: नौकरशाही में हुआ बड़ा उलटफेर, दस आईएएस अधिकारियों के हुए तबादले, मनोज सिंह किए गए प्रतीक्षारत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रदेश के दस आईएएस अधिकारियों के रविवार को तबादले कर दिए गए। वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को रिटायरमेंट से डेढ़ महीने पहले प्रतीक्षारत कर दिया गया है। उनके विभाग की जिम्मेदारी श्रम एवं सेवायोजन व खनन विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार तृतीय को दी गई है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. राजशेखर से नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के सचिव पद, पीएम कृषि सिंचाई योजना के स्टेट नोडल आफिसर और उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम का चार्ज ले लिया गया है। अब उनके पास उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक का पद रह गया है। उनसे लिए गए विभागों की जिम्मेदारी प्रमुख सचिव सिंचाई एवं संसाधन अनिल गर्ग को सौंपी गई है। इसी तरह रवि रंजन से उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम और यूपी एग्रो के प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी ले ली गई है। यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन के पद पर वह यथावत रहेंगे। राज्य पर्यटन विकास निगम के एमडी पर प्रतीक्षारत चल रहीं सान्या छाबड़ा को भेजा गया है। वहीं नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की विशेष सचिव व जल निगम की संयुक्त प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या से ये विभाग लेकर यूपी एग्रो का एमडी बनाया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग के विशेष सचिव और विधिक बांट-माप विज्ञान के नियंत्रक प्रभाष कुमार को नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग और संयुक्त प्रबंध निदेशक जल निगम (ग्रामीण) दिया गया है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग में विशेष सचिव उदय भानु त्रिपाठी को नगर विकास विभाग में विशेष सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। आगरा मंडल में अपर आयुक्त डॉ. कंचन सरन को राज्य महिला आयोग का सचिव बनाया गया है।

# देव दीपावली पर गौ माता के गोबर से बनाए दीयों से दमकेंगे काशी के घाट

**जन एक्सप्रेस। वाराणसी**

- सीएम योगी की दूरदर्शिता से आत्मनिर्भर और सशक्त हो रहीं महिलाएं
- काशी की आत्मनिर्भर महिलाओं के हाथों का हुनर घाटों पर देव दीपावली में गाय के गोबर से बने दीयो के लौ में दिखेगी
- गाय के गोबर से 30 हजार दीये बनाने का लक्ष्य, 7 स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 25 परिवार की महिलाएं दीये बनाने में जुटीं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की है। इन प्रयासों से न केवल महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है, बल्कि उनके आत्मसम्मान में भी वृद्धि हो रही है। खासकर वाराणसी जिले में देव दीपावली के मौके पर गाय के गोबर से बने दीपों का निर्माण कर रही महिलाओं की सफलता इस बात का गवाह है कि कैसे योगी सरकार ने उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत किया है। देव दीपावली के मौके पर, वाराणसी के घाटों पर लाखों दीप जलाने की तैयारी हो रही है। खास बात यह है कि इन दीपों का निर्माण गाय के गोबर से किया जा रहा है और यह कार्य स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं। 7 स्वयं सहायता समूहों की 25 परिवारों की महिलाएं इस कार्य में जुटी हुई हैं और उनका लक्ष्य 30,000 गोबर से बने दीप तैयार करना है। पहले जहां देव दीपावली पर महिलाएं मुश्किल से 400-500 रुपये कमाती थीं, अब उन्हें इस कार्य के लिए लगभग 4,000 से 5,000 रुपये की आय हो रही है।

### सरकार की योजनाओं से महिलाएं को मिल रहा प्रोत्साहन

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को रोजगार और सशक्तिकरण के नए अवसर प्रदान किए हैं। इस मिशन से जुड़ी महिलाएं गाय के गोबर से बने दीपों का निर्माण कर रही हैं, और इन दीपों की बिक्री से उनकी आय में वृद्धि हो रही है। इसके अलावा, सरकार ने महिलाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए गाय के गोबर का उपयोग करके उन्हें एक स्वच्छ और पर्यावरण फ्रेंडली रोजगार का अवसर दिया है।

### देव दीपावली पर काशी में 12 लाख दीपों से रोशन होंगे घाट

15 नवंबर को काशी में मनाई जाने वाली देव दीपावली में 12 लाख दीपों से घाट रोशन होंगे, जिसमें गाय के गोबर से बने दीप भी शामिल होंगे। देव दीपावली पर गाय के गोबर से बने दीपों के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि जब महिलाओं को सही अवसर मिलते हैं, तो वे समाज में बदलाव ला सकती हैं। योगी सरकार के इन प्रयासों से न केवल महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं, बल्कि वे समाज में अपनी पहचान भी बना रही हैं।

### स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं की कमाई में वृद्धि

स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं अब घर-घर जाकर दीपों की बिक्री नहीं करतीं, बल्कि उन्हें पहले से ही बड़े पैमाने पर आर्डर मिलने लगे हैं। ग्राम अहरक की राधिका ने बताया कि पहले उन्हें दीपों को बेचने के लिए घर-घर जाना पड़ता था, लेकिन अब योगी सरकार के प्रयासों से उन्हें पहले से ही आर्डर मिल जाते हैं, जिससे उनकी आय में जबरदस्त वृद्धि हुई है। महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनी हैं और अपने पैरों पर खड़ी हैं, जिसका सीधा लाभ उनके परिवारों को मिल रहा है।

# जिम ट्रेनर युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

## एक जिम ट्रेनर युवक पर प्यार में धोखा देने का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस । उरई**

शहर के मोहल्ला गणेश गंज में जिम ट्रेनर युवती ने शनिवार शाम को घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती ने आत्महत्या करने से पहले अपना वीडियो बनाया। साथ ही उस वीडियो को अपनी मां को व्हाट्सएप कर एक मैसेज भी किया। जिसमें एक युवक पर प्रेम में धोखा देने का आरोप लगाया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के कोतवाली के मोहल्ला गणेशगंज निवासी स्नेहा कुमारी उर्फ जिया 19 वर्ष पुत्री स्वर्गीय महेश खटीक ने शनिवार शाम को घर के अन्दर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती ने आत्महत्या करने से पहले अपना एक वीडियो बनाया, साथ ही उस वीडियो को अपनी मां को भेज दिया। उस वीडियो के साथ एक मैसेज भी भेजा। जिसमें जिम में साथ काम करने वाले एक जिम ट्रेनर हिमांशु यादव पर प्यार में धोखा देने का आरोप लगाया। जिसके बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई, और घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में सीओ उमेश कुमार पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही वीडियो और चैट को भी देखा जा रहा है। युवती के मोबाइल को लिया गया है और उसे डिटेल निकाली जा रही है। जिसके बाद विधि कार्रवाई की जाएगी।

### मृतका की मां ने जिम मालिक व ट्रेनर सहित तीन लोगों पर लगाए आरोप



**उरई।** युवती की मां रानी ने इस आत्महत्या के बारे में कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें बताया कि उसकी बेटी न्यू बेयरलेस जिम जो शहर की इलाहाबाद बैंक के पास पीली कोठी पर है, उसमें वह काम करती थी। जिसके मालिक आकाश गुप्ता व सानू जिम ट्रेनर, विशाल पुरवार, हिमांशु यादव ने मेरी बेटी स्नेहा उर्फ जिया को फंसा लिया। साथ ही उसका मानसिक उत्पीड़न कर ब्लैकमेल करते रहे। इतना ही नहीं उसकी बेटी को हिमांशु यादव अपने प्रेम जाल में फंसाए रहा साथ ही किसी कारण से ब्लैकमेल कर रहे थे। जिस कारण उसकी बेटी ने शनिवार शाम को हिमांशु यादव से फोन पर बात करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी, साथ ही युवती का मोबाइल लेकर साक्ष्य जुटाना शुरू कर

## दुकान में लगी आग, सामान हुआ खाक

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोंच कोतवाली क्षेत्र के विरौरा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक परचून की दुकान में आग लग जाने से उसमें रखा तमाम सामान जलकर खाक हो गया। दुकानदार ने गांव के ही कतिपय लोगों द्वारा रंजिशन दुकान में आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। विरौरा निवासी कृष्ण कुमार ने भेंड़ चौकी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह घर के पास ही एक दुकान चलाता है। शनिवार रात गांव के रहने वाले पिता पुत्र ने उसकी दुकान में आग लगा दी और भाग गए। आग से दुकान का कुछ सामान जल गया और कुछ बाहर बिखरा पड़ा है। इससे पहले भी उक्त पिता पुत्र उसकी दुकान में आग लगा चुके हैं जिसकी शिकायत उसने कोतवाली में की थी। उक्त पिता पुत्र दबंग किस्म के हैं और आए दिन उसके साथ गाली गलौज करते रहते हैं। कृष्ण कुमार ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## खुद को खुदा समझने की भूल न करें, पीड़ित को न्याय दिलाने का काम करें : कृष्णा पटेल



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

समाजवादी पार्टी कार्यालय बस स्टैंड कर्वी में रविवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

सभा में सांसद कृष्णा पटेल ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था पंगु हो गई है जिले के थानों में खुलेआम वसूली हो रही है बरगढ़ में नर्स के साथ हुए बलात्कार की घटना में पुलिस दोषियों को बचाने का काम कर रही है रेप पीड़िता बेटी चीख चीख कर कह रही है कि उसके साथ तीन से चार लोगों ने बलात्कार किया है लेकिन जिले की पुलिस सिद्ध करने में तुली है कि एक आरोपी ने ही बलात्कार किया है एक महिला जो मेडिकल के पेशे में है उसके बयान को तरजीह न देकर खुद खुदा बन गए और अपनी पीठ खुद थपथपा रहे हैं जल्द ही पीड़ित बेटी से मिलकर उसको इंसाफ दिलाने का काम किया जाएगा जरूरत पड़ी तो लोकसभा में भी इस मुद्दे को उठाने का काम किया जाएगा, विकास के काम में बाधक बन रहे अधिकारियों को सूची बनाकर संसद में उनका एक एक काला चिट्ठा खोलने का काम किया जाएगा।

पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बूथ प्रभारी मतदाता सूची का अवलोकन कर लें और 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों का नाम मतदाता सूची में जरूर जुड़वा दें एक भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए भाजपा के नफरती राजनीति को समाजवादी पार्टी समाज को जोड़कर एवं पीडीए को मजबूत करके हराने का काम आने वाले 2027 चुनाव में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता करेंगे ।

इस मौके पर पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, मो.गुलाब खान, मदन त्रिपाठी, लवलेश यादव, डॉ अंकुर पटेल, राजा यादव, शीलू यादव, बबूलेश यादव, राघवेंद्र यादव, रामसागर यादव, त्रिभुवन सिंह यादव, सिद्धार्थ पांडेय, रमा यादव, रामकिशोर कुरील, आशुतोष अग्रहरि, सुरेंद्र खंगार, अजय यादव, विक्की यादव, अमर पटेल, निजाम सिद्दीक, रामबाई वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पीएम सूर्य घर योजना के तहत लगवाएं सोलर प्लांट

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत जनपद में हर घर सोलर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत निजी घरों पर सोलर रूपटॉप व सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित कर विद्युत बचत की जा सकती है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा जनपद में इस योजना से बारह हजार घरो को अच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिसके तहत नगर पालिका व नगर पंचायतो को लक्ष्य आवन्टित किया गया है। जिसमें नगर पालिका परिषद कर्वी को 9900, नगर पंचायत मऊ 300, राजापुर 300, मानिकपुर 300 एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को 200 तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को एक हजार का लक्ष्य दिया गया है।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की इस महात्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अधिक से अधिक उपभोक्ताओ को योजना के सम्बन्ध मे जानकारी देकर अच्छादित किया जाए। इसके लिए पीएम सूर्यघर पोर्टल की वेबसाइट अथवा स्मार्ट फोन पर एप्लीकेशन डाउनलोड कर दी गयी प्रकियानुसार आवेदन किया जा सकता है। कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत लाभार्थियों को प्रेरित कर आवेदन कराना सुनिश्चित करें।

## मोदनवाल समाज ने मनाई मोदनसेन महराज की जयन्ती

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**



कस्बे के मोदनवाल समाज ने रविवार को मोदनसेन महराज की जयन्ती पूजा-अर्चना कर व शोभा यात्रा निकालकर मनाई। साथ ही सभा का आयोजन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोदनवाल सभा के पूर्व नगर अध्यक्ष गणेश प्रसाद मोदनवाल ने किया।

सभा में पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता ने कहा कि मोदनवाल समाज की दशा और दिशा पर चिंतन करने के लिए राष्ट्रीय संगठन का निर्माण किया गया है तथा समाज के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए संगठन के माध्यम से समाज के उत्थान और विकास के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। कहा कि नशा समाज को गरीबी व पारिवारिक विघटन की ओर ले जाता है। इसलिए सारे समाज के लोग कृत संकल्पित होकर नशामुक्ति करें। मोदनवाल सभा के प्रदेश मंत्री जयप्रकाश उर्फ लल्लू भाई मोदनवाल ने कहा कि पुरुष प्रधान समाज मे नारी शक्ति का होना अत्यंत आवश्यक है। महिलाओं को भी राजनैतिक क्षेत्र में पूर्ण सहभागिता के साथ शिरकत करने की आवश्यकता है। सभा का संचालन सभासद रमन मोदनवाल ने किया।

इस मौके पर मोदनवाल समाज के जिलाध्यक्ष कमलेश मोदनवाल, नगर अध्यक्ष विकास मोदनवाल उर्फ रिशु, राजाराम उर्फ पिंकू मोदनवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल गुप्ता, विनय कुमार गुप्ता, रामनरेश मोदनवाल, पूर्व सभासद अशोक मोदनवाल, मोनू मोदनवाल, भोला मोदनवाल, सन्तोष मोदनवाल, देवकीनन्दन मोदनवाल, छोटेलाल मोदनवाल, सविता मोदनवाल, मुन्नी देवी, शारदा देवी, संगीता देवी, सुधा आदि मौजूद रहे।

## किला गेट के सामने मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस । उरई**

रामपुरा थाना क्षेत्र के जगम्मनपुर में किला गेट के सामने संदिग्धावस्था में युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं मृतक के परिजनों ने हत्याकर शव फेंक कर भाग जाने की आशंका जताई है।

रामपुरा के कस्बा जगम्मनपुर निवासी आशू यादव 26 वर्ष पुत्र पप्पू यादव का शव शनिवार की देर रात किला गेट के सामने पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान कर उसके परिजनों को खबर दी। पुत्र के मौत की खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान कर उसके परिजनों को खबर दी। पुत्र के मौत की खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि मृतक शराब पीने का आदी था और अनुमान लगाया जा रहा है कि शराब के नशे में किसी से विवाद हो गया होगा और मारपीट के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत का कारण कुछ और भी हो सकता है, लेकिन मृतक के घर व मोहल्ले के लोग इस घटना को हत्या बता रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस घटना को लेकर पुलिस पूरे मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल करने में लगी हुई है।

## सामान्य ज्ञान परीक्षा सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

युवा एवं बाल विकास समिति अन्तर्गत भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा रविवार को जिले में डॉ अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा प्रभारी गया प्रसाद बौद्ध ने बताया कि यह परीक्षा रविवार 11 से 12:30 बजे तक जनपद तीन परीक्षा केंद्रों अभिनव इन्टर कॉलिज सरधुवा, बजरंग इन्टर कॉलिज सपहा मानिकपुर, सरस्वती शिशु मंदिर भरतकूप चित्रकूट में आयोजित की गई। जिसमें जाहर सिंह को राजकीय अभिनव इन्टर कालेज सरधुवा का पर्यवेक्षक, गणेश शंकर विद्यार्थी एवं दिनेश कुमार आर्टिस्ट को बजरंग इन्टर कालेज सपहा का पर्यवेक्षक, मुन्नीलाल शाक्य को सरस्वती शिशु मंदिर भरतकूप का पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। परीक्षा प्रभारी ने बताया कि इस परीक्षा में? जूनियर वर्ग में 122 और सीनियर वर्ग में 92 छात्र पंजीकृत थे। सभी परीक्षा केन्द्रों में चुन्नूलाल प्रजापति, अवनीश कुमार, शिवपूजन, नसीम, प्रेमनरेश, राजबहादुर वर्मा, संजय कुमार, विजय कुमार, रामलखन, कपिल गौतम, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार, नगीना, गीता वर्मा, प्रेमलता, रुबी गौतम, आनन्द कुमार, आलोक बौद्ध, आर.के. मूलनिवासी ड्यूटी में उपस्थित रहें।

## श्रीमद भागवत कथा में भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया

**जन एक्सप्रेस । उरई**



शहर के स्टेशन रोड स्थित एक मैरिज हॉल में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आखरी दिन की कथा व्यास ओमप्रकाश शास्त्री ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है।अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की इसके बाद अग्रवाल परिवार द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान कमला अग्रवाल व पारीक्षत श्रीमती शिप्रा दीपेश अग्रवाल के साथ उनके परिवार के सदस्य प्रकाशचंद्र अग्रवाल, रिचा राजीव अग्रवाल, पूजा रामेंद्र कुमार, यसी, खुशी, आश्वत, आशवी, अश्विनी निरंजन, कल्लू यादव, नरेंद्र ठाकुर, हरिओम शिवहरे, पप्पन सिंह, आदर्श मिश्रा, अनुराग दुबे सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शिव विवाह की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भगवान शिव के विवाह की कथा सुनने से सभी प्रकार के मंगल होते है। साथ ही भगवान शिव भी प्रसन्न होते है। यहा बात श्रीराम कथा वाचिका माधवी ने कही। जिला मुख्यालय स्थित वृंदावन गार्डन में चल रही श्री राम कथा के दूसरे दिन रविवार को कथा वाचिका माधवी ने भगवान शिव के विवाह उत्सव की कथा सुनाई। उन्होंने भगवान शिव के अद्भुत बारात का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान शिव के विवाह की कथा सुनने से सभी प्रकार के मंगल होते हैं। इसके साथ ही भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। कथा में सोमवार को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। रविवार की कथा सुनकर सभी भक्त जन आनन्दित हो उठे। इस दौरान पूरे कथा पंडाल में जय श्रीराम के नारे गंजूने लगे। आयोजकों ने बताया कि कथा के मध्य स्वामी अनिरुद्धाचार्य महराज का आगमन भी प्रस्तावित है। इस मौके पर पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा, भाजपा नेता दिनेश कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### हाईटेंशन के करंट का झटका खाकर गिरे युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एक युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। युवक खेत में धान की फसल कटवा रहा था और हार्वेस्टर की टंकी पर बैठा था तभी वहां झूल रहे एचटी लाइन के तार में प्रवाहित करंट का झटका खाकर वह नीचे आ गिरा। तत्काल उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा निवासी संतोष पटेल चचेड़ा गांव के पास खेत बंटाई पर लिए थे। रविवार की सुबह संतोष का बेटा अवनीश उर्फ दामोदर पटेल (28) खेत पर हार्वेस्टर से धान की फसल कटवा रहा था। युवक हार्वेस्टर पर चढ़ कर टंकी देख रहा था तभी ऊपर से गुजरी हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया और झटका खाकर नीचे जमीन पर आ गिरा। वहां मौजूद उसके चाचा शिवकुमार ने उसे तत्काल कोंच सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से तत्काल उसे उरई मेडीकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि युवक तीन बहनों में इकलौता भाई था।

### बबूल का पेड़ काटते समय टहनी गिरने से टूटा पोल, दबकर किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम हिड़ोखरा में बबूल का पेड़ काटते समय कटी हुई टहनी विधुत पोल पर गिर गई। जिससे पोल धराशाई हो गया और इस दौरान वहां से निकल रहे वृद्ध किसान की पोल से दबकर मौत हो गई। बता दे कि रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम हिड़ोखरा में एक बबूल का पेड़ काटा जा रहा था। इसी दौरान बबूल के पेड़ की टहनी कटकर सीमेंट के विद्युत पोल पर जा गिरी। जिससे वहां से गुजर रहे 60 वर्षीय किसान राजा भइया के ऊपर खंभा टूटकर गिर गया, जिससे वह घायल हो गया। मौजूद लोगों ने खबर उसके परिजनों को देने के साथ साथ उसे उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अयांश ने शानदार मॉडल बनाकर खींचा सबका ध्यान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

कहते है हुनर किसी उम्र की मोहताज नहीं होती है। जी हां ऐसा ही कर दिखाया है नगर के किंग्सन इंग्लिश स्कूल के बचपन प्ले ग्रुप में पढ़ने वाले नर्सरी के पांच वर्षीय छोटे से छात्र अयांश सोनकर ने जिसने मॉडल के रूप में चित्रकूटधाम का एक ऐसा दृश्य पेश किया। जिसमें मुख्यालय के धनुष चैराहा का हूबहू चित्रण किया गयाहै। दरअसल किंग्सन इंग्लिश मीडियम स्कूल में 11 और 12 नवंबर को एक क्राफ्ट और विज्ञान की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने अपने प्रोजेक्ट बनाकर स्कूल प्रशासन को सौंपे हैं। जिसमें एक प्रोजेक्ट अयांश सोनकर का है, जिसकी स्कूल प्रशासन ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया में भी जमकर तारीफ की जा रही है। पांच वर्षीय अयांश सोनकर पुत्र अखिलेश सोनकर नर्सरी का छात्र है। जिसने अपने हुनर से अपने प्रोजेक्ट में चित्रकूट जनपद के धनुष चैराहे का हूबहू चित्रण किया है। इस प्रोजेक्ट में अयांश ने धनुष चैराहे की खूबसूरती दिखाते हुए चित्रकूट धाम के मंदिर और अस्पताल सहित यहां की खूबसूरती को प्रस्तुत किया है इसके साथ ही सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों के बारे में भी जागरूक किया है। इतनी कम उम्र में



चित्रकूटधाम की ऐसी सुंदरता को अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से दिखाकर अयांश ने सभी को तारीफ करने के लिए मजबूर कर दिया है। अयांश सोनकर के इस प्रोजेक्ट को देखकर स्कूल प्रशासन तो तारीफ कर ही रहा है, वही सोशल मीडिया में भी बच्चे की हुनर की जमकर तारीफ की जा रही है। स्कूल के प्रबंधक मिनहाज आलम खान और स्कूल के अध्यापकों ने इस पर प्रसन्नता जाहिर की है।

### 14 वर्षीय किशोर लापता, पुलिस से लगायी गुहार

**जन एक्सप्रेस । उरई**

14 वर्षीय एक किशोर अचानक लापता हो गया। पिता ने पुलिस से गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

मोहल्ला गांधीनगर में सिंह वाहिनी मंदिर के समीप रहने वाले बल्लू याज्ञिक पुत्र बसोरे ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कक्षा 10 में पढ़ने वाला उसका 14 वर्षीय पुत्र जिगर उर्फ राजा शनिवार की शाम 6 बजे अचानक लापता हो गया। संभावित सभी जगह खोजबीन करने के बाद भी अब तक उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका है। परेशान पिता ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मामले की गुमशुदगी दर्ज कर बेटे को सकुशल बरामद किए जाने की मांग की है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही : डीएम

**जन एक्सप्रेस । उरई**



निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षित करने के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान बीते 29 अक्टूबर से चलाया जा रहा है। समस्त तहसीलों के बूथों पर विशेष दिवस का आयोजन हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन, ठाकुर महेंद्र सिंह पब्लिक स्कूल, नलकूफ, राजकीय इंटर कॉलेज, टाउन हॉल के बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। बीएलओ से अब तक भरे गए फार्म एवं डोर टू डोर सर्वे की स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

1 जनवरी 2025 को जो भी युवक-युवतियां 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए, जो लोग मृतक हो गए हैं या बाहर रह रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए। बीएलओ को कहा कि मतदाता पुनरीक्षण विशेष अभियान दिवस पर सभी बूथ खुले रहने चाहिए और मतदाता पुनरीक्षण कार्य को निष्पक्ष एवं सुचारू ढंग से संपन्न कराया जाए। 18 वर्ष या उससे ऊपर के कोई भी मतदाता का नाम सूची में छूटने न पाए। मतदाता सूची में पंजीयन कराने हेतु 23 नवंबर, 24 नवंबर को तिथि निर्धारित की गई है, इस विशेष तिथि में बूथ लेवल अधिकारी अपने बूथ पर मतदाता सूची एवं फार्म के साथ रहकर कार्य करेंगे।




**कांग्रेस समाज की सामूहिक ताकत को...**

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड पहुंचे। यहां उनका एक मेगा रोड शो और चुनावी रैलियों का कार्यक्रम है। सबसे पहले पीएम मोदी ने बोकारो में एक जनसभा को संबोधित किया... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...


# यूपी में ईवी चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाएगी योगी सरकार

## उत्तर प्रदेश नवीकरणीय और ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की स्थापना से पर्यावरण अनुकूल और स्वच्छ परिवहन को मिलेगा बढ़ावा

- प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने में जुटी योगी सरकार
- राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों तथा शहरी क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशनों की होगी स्थापना
- पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल का उपयोग करके स्थापित किये जाएंगे चार्जिंग स्टेशन
- डिस्कॉम कार्यालयों, सबस्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित किए जा रहे हैं ईवी चार्जिंग पॉइंट्स



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

योगी सरकार राज्य में पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए लगातार कई कदम उठा रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उपयोग को प्रोत्साहित करने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश नवीकरणीय और ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (यूपीआरईवी) की स्थापना की है। इसके तहत योगी सरकार प्रदेश में ईवी चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाने जा रही है। यह पहल राज्य को एक हरित और ऊर्जा-कुशल भविष्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ईवी चार्जिंग के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करने पर जोर योगी सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशनों के विकास के लिए व्यापक योजना बनाई है। यूपीआरईवी के तहत, राज्य के प्रमुख शहरों, राष्ट्रीय-राज्य राजमार्गों और शहरी क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल का उपयोग किया जाएगा, जिससे निजी निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में तेजी आएगी। सरकार ने अन्य सरकारी विभागों के साथ मिलकर राज्य की भूमि को चार्जिंग स्टेशनों के लिए राइट टू यूज के आधार पर उपयोग करने की अनुमति दी है। इस पहल से राज्य के डिस्कॉम कार्यालयों, सब स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ईवी चार्जिंग पॉइंट्स स्थापित किए जा रहे हैं।

### नए ईवी टैरिफ से उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

योगी सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए बिजली दरों में भी संशोधन किया है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के नए आदेश के अनुसार, अब सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए टैरिफ को औसत लागत से भी कम रखा गया है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को किफायती दरों पर चार्जिंग की सुविधा मिलेगी, जिससे ईवी को अपनाने में तेजी आएगी। सरकार का लक्ष्य है कि ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए बेहतर दरें निर्धारित की जाएं ताकि परिवहन क्षेत्र में हरित ऊर्जा का अधिक उपयोग हो सके। इस कदम से राज्य में ईवी उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है।

### पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन को मिलेगा बढ़ावा

ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ योगी सरकार का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखना है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित करना है। चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों, इंजीनियरों और स्थानीय लोगों को काम पर लगाया जा रहा है। इससे राज्य के युवाओं को रोजगार मिलेगा और आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा। इसके अलावा, यूपीईआरवी के माध्यम से योगी सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत 2000 करोड़ रुपये की सब्सिडी का लाभ उठाने की योजना बना रही है, जिससे और अधिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जा सके।

### हरित भविष्य की ओर कदम

योगी सरकार की यह पहल न केवल राज्य के पर्यावरण को बेहतर बनाने में सहायक होगी, बल्कि उत्तर प्रदेश को ईवी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करके राज्य न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा, बल्कि परिवहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी बढ़ाएगा। इस तरह की योजनाओं से यह स्पष्ट है कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आने वाले वर्षों में यह पहल राज्य को स्वच्छ, हरित और अधिक उन्नत बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

# किसानों को लहसुन की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार

- एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत बनाई गई विशेष योजना
- भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित इस योजना को यूपी के 45 जनपदों में किया जा रहा लागू
- प्रदेश में प्रति हेक्टेयर 30,000 रुपये की अनुमान्य इकाई लागत तय की गई है
- इसमें किसानों को प्रति हेक्टेयर 40 प्रतिशत (अधिकतम 12,000 रुपये) का दिया जाएगा



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

प्रदेश में लहसुन की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत विशेष योजना बनाई है। यह मिशन भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है। इसे प्रदेश के 45 जनपदों में लागू किया जा रहा है। यह जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, बरेली, मुरादाबाद, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, हाथरस, कानपुर, इटावा, कन्नौज, लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, बाराबंकी, सुल्तानपुर, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बलिया, कुशीनगर, महराजगंज, बांदा, हमीरपुर, जालौन, चित्रकूट, महोबा, ललितपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही, गोरखपुर, झांसी, अयोध्या एवं फर्रूखाबाद हैं।

### 390 रुपये प्रति किग्रा. रखी गई लहसुन के बीज की कीमत

योजना के तहत प्रदेश में उद्यान विभाग द्वारा प्रति हेक्टेयर 30 हजार रुपये की अनुमन्य इकाई लागत तय की गई है। इसमें किसानों को प्रति हेक्टेयर 40 प्रतिशत (अधिकतम 12 हजार रुपये) अनुदान दिया जाएगा। यह अनुदान प्रति किसान न्यूनतम 0.2 हेक्टेयर से अधिकतम 4.0 हेक्टेयर तक की भूमि पर उपलब्ध होगा। लहसुन का बीज राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, नई दिल्ली द्वारा किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। बीज की कीमत 370 से 390 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच रखी गई है।

### 10 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में लहसुन की खेती का लक्ष्य

किसान इस योजना का लाभ प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक किसानों को अपने जनपद के जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में संपर्क करना होगा। इसके साथ ही, किसान योजना में पंजीकरण करने के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। लहसुन की बढ़ती मांग और उसकी गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के तहत 10 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में लहसुन की खेती का लक्ष्य रखा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इस योजना के प्रस्ताव को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, उद्यान अनुभाग, भारत सरकार को भेजा था, जिस पर केंद्र सरकार ने अनुमति प्रदान की है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा केंद्र सूची जारी,14 नवम्बर तक लिये जायेंगे प्रत्यावेदन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया सार्वजनिक कर दिया है। जिलाधिकारी द्वारा गठित तहसील स्तरीय समिति द्वारा प्रमाणित विद्यालयों की आधारभूत सूचनाओं के आधार पर परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है। सूची में छात्र आवंटन की जानकारी शामिल है, अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु परिषद की वेबसाइट पर जिला विद्यालय निरीक्षक के पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि किसी संस्था के प्रधानाचार्य या प्रबंधक को परीक्षा केंद्र निर्धारण में आपत्ति या शिकायत है तो वे निर्धारित प्रारूप में अपना प्रत्यावेदन ऑनलाइन माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर 14 नवम्बर तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में आपत्तियों के लिए आवश्यक साक्ष्य और युक्तियुक्त कारण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इस निर्धारित तिथि के बाद प्रत्यावेदन मान्य नहीं होगा। आपत्ति के समाधान हेतु परिषद द्वारा जारी प्रारूप का पालन करना होगा ताकि जनपदीय केंद्र निर्धारण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया है कि वे प्रधानाचार्य या प्रबंधक से प्राप्त आपत्तियों का सम्यक् परीक्षण करें। आपत्तियों का निस्तारण कर, आख्या एवं संस्तुति के साथ 23 नवम्बर तक परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन रूप से अग्रसारित किया जाएगा।

### उपचुनाव: सीएम योगी ने संभाला मोर्चा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज हो रहा है। अब वोटिंग में करीब दस दिनों के वक्त बचा हुआ है। इस बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने एनडीए के लिए खुद मोर्चा संभाल लिया है। रविवार को मिर्जापुर में सीएम योगी ने एक जनसभा को संबोधित किया।उन्होंने समाजवादी पार्टी और मुख्तार अंसारी के परिवार पर जमकर जुबानी हमला बोला हैं। सीएम ने कहा कि भाजपा, अपना दल, निषाद पार्टी, सुहेलदेव राजभर पार्टी, आरएलडी का गठबंधन एनडीए के रूप में है तो दूसरी ओर समाजवादी पार्टी-कांग्रेस का इंडी गठबंधन है। इतना झूठ और फरेब उनके द्वारा फैलाया गया था। उन्होंने कहा था खटाखट-खटाखट... किसी को पैसा मिला क्या? आप समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोगों से पूछो की पैसा कहां गया? मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन झूठ और फरेब की बात करते है। मुख्तार अंसारी ने कृष्णानंद राय की हत्या गाजीपुर में करवाई थी लेकिन मुख्तार अंसारी को सपा ने बचाया था। सपा अपराधी पैदा करने का प्रोडक्शन हाउस बन गया है।उस हाउस में दुर्दांत अपराधी पैदा होते हैं। इसके सीईओ अखिलेश यादव हैं। कृष्णानंद राय की हत्या के समय सपा की सरकार थी कोई कारवाई नहीं हुई।अतीक अहमद ने राजू पाल की हत्या की सपा की सरकार थी कोई कार्रवाई नहीं थी।एक सपाई से बिटिया घबराई हुई है। ये पहले ही एरिया खनन माफिया और भू-माफिया के लिए जाना जाता था लेकिन आपने 10 साल में बदलते हुए भारत को देखा है। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति पर सर्वाधिक हमले, सर्वाधिक अत्याचार समाजवादी पार्टी की सरकार के समय में हुए।इन्होंने अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों की स्कॉलरशिप भी रोक दी थी।जब हम लोग भारत की एकता के शिल्पी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने जनसभा के दौरान सपा के पीडीए फॉर्मूले को तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने पिछड़ों के साथ ही अगड़ों को भी साधने की कोशिश की। मिर्जापुर की मझवां विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। इस सीट पर एनडीए से बीजेपी का उम्मीदवार है।

### झारखंड में आज चार रैली करेंगे योगी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** तीन दिन तक उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को झारखंड जाएंगे। वे यहां दूसरे दिन चुनाव प्रचार करेंगे। इसके पहले सीएम योगी पांच नवंबर को चुनाव प्रचार में झारखंड गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र में होगी। भारतीय जनता पार्टी ने यहां से मनु प्रताप शाही को टिकट दिया है। सीएम योगी इसके बाद पलामू जनपद की हुसैनाबाद सीट से उम्मीदवार कमलेश कुमार सिंह के लिए वोट मांगेंगे। सीएम योगी की तीसरी व चौथी रैली भी पलामू जनपद में ही होगी। तीसरी रैली पांकी से शशिभूषण मेहता के लिए करेंगे। सीएम योगी की सोमवार को चौथी व आखिरी रैली डॉल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में होगी। यहां से भाजपा ने आलोक कुमार चौरसिया को उम्मीदवार बनाया है।

### जाति-जनगणना के लिये ओबीसी महासभा करेगी जनांदोलन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी डा. अनूप पटेल ने आज लखनऊ मे कार्यकर्ता सम्मेलन मे ऐलान किया कि जातिवार-जनगणना हुये बिना जनगणना कराना देश के लिये घातक है।जाति-जनगणना के मसले पर विपक्ष ईमानदार नहीं है क्योंकि इनकी सरकारों मे भी जाति-जनगणना नहीं हो रही है।बिना आंकड़े सरकार ईडब्लूएस कोटा लागू कर देती है लेकिन ओबीसी आरक्षण को आबादी के आधार पर बढ़ाने की जगह ख़त्म कर रही है। केंद्रीय स्तर पर ओबीसी वर्ग के लाखों पद खाली है और ऐसा ओबीसी वर्ग के प्रधानमंत्री के रहते हो रहा है। लेटरल इंट्री से आरक्षण की मूल भावना ख़त्म हो रही है।

# पिकअप डाला अनियंत्रित होकर पलटा, तीन व्यक्ति घायल

- पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटौंजा में करवाया भर्ती, इलाज जारी



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार दोपहर 12:35 बजे इटौंजा स्टेशन के सामने हाईवे रोड पर पिकअप डाला अनियंत्रित होकर पलट गया। जिस पर बैठे तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। बता दे कि सीतापुर जिले से पिकअप डाला लखनऊ की तरफ जा रहा था जिस पर लगभग आठ व्यक्ति सवार थे पिकअप डाला तेज रफ्तार में होने के कारण गाड़ी का अगला पहिया डिवाइडर पर चढ़ गया। पिकअप डाला अनियंत्रित होकर हाईवे रोड पर पलट गया,जिस पर बैठे तीन व्यक्ति विद्यासागर पुत्र धनीराम ग्राम छांजन सिधौली सीतापुर, छोटू पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम छांजन सिधौली सीतापुर,जाबिर अली पुत्र मैकू निवासी विसवां सीतापुर को गंभीर चोटे आई हैं। वहीं राजगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 एवं इटौंजा थाने की सेकंड मोबाइल पर तैनात पुलिस कर्मियों ने तीनों घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा में भर्ती करवाया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो पिकअप डाला चालक जोकि तेज रफ्तार में गाड़ी चला रहा था, वह गाड़ी पलटने के बाद मौके से फरार हो गया। वहीं इटौंजा पुलिस आगे की कार्यवाहीं कर रही हैं।

# ग्राम चौपालों में 04 लाख 27 हजार प्रकरणों का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

डिप्टी सीएम केशव मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,गांव की समस्या -गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1210ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3080 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 3194 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5544 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 66 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 07 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 76 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 04 लाख 27 हजार से अधिक समस्याओं, प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# भ्रष्ट अफसरों की खैर नहीं! सीएम योगी सरकार के आदेश से अफसरों में हड़कंप

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



यूपी में राज्य कर विभाग के भ्रष्ट अफसर और खराब छवि रखने वाले अफसरों की शामत आने वाली है। इन लोगों की लिस्ट शासन ने मांगी है। यूपी राज्य कर के प्रमुख सचिव एम देवराज ने पिछले दिनों समीक्षा बैठक हुई थी, जिसमें जोन के आयुक्त और संयुक्त आयुक्तों को निर्देश दिया कि वो हर जिले में सचल दल और विशेष जांच दल के एक-एक सर्वाधिक भ्रष्ट अधिकारियों के नाम दें।एम देवराज ने हर अपर अप्रयुक्त ग्रेड वन व अपर आयुक्त ग्रेट 2 को इस बात आदेश दिया है कि वो विशेष जांच दल और सचल दल के सबसे भ्रष्ट और खराब अधिकारियों के नाम वे अतिशीघ्र बताएं। एम देवराज ने जोनल स्तर पर सबसे खराब प्रदर्शन और सबसे खराब छवि वाले अधिकारियों के नाम भी खोजे हैं। सचल दल एवं विशेष जांच दल के कार्य हेतु मानक स्थापित किये गये हैं। इस मानक पर खरे नहीं उतरने वाले अधिकारियों की सूची तैयार की जाएगी। अप्रभावी अधिकारियों के नाम सरकार को भेजे जायेंगे।मोबाइल टीमों के संचालन के लिए निर्धारित मानदंड एकत्रित करों की मात्रा, वाहन निरीक्षण से जुड़े कर चोरी करने वाले वाहनों की संख्या, इलेक्ट्रॉनिक वेबिल की स्कैनिंग और क्षेत्र में कर संग्रह पर प्रभाव, 50,000 रुपये से कम के चालान हैं। कर संग्रह का किसी सहकर्मी की समग्र छवि पर क्या प्रभाव पड़ता है? जहां तक ??विशेष जांच दल की बात है तो उसके काम के मानक तय किये जा रहे हैं।ये मानक कर संग्रह की स्थिति, केस प्रोफ़ाइल की गुणवत्ता, प्रसारण की गुणवत्ता और रिपोर्ट की मात्रा, अधिकारी की समग्र छवि हैं। इन दो मानकों के अलावा ज़ोनिंग अधिकारी अतिरिक्त मानक बना सकते हैं। कार्यालयो में खलबली मची हुई है। कई जगहों पर अधिकारियों के बीच मतभेद भी दिखे। नीचे के अधिकारियों का कहना है कि ऊपर वाले साफ-सुथरे हैं और डिप्टी कमिश्नर, डिप्टी कमिश्नर और वाणिज्य कर अधिकारी ही भ्रष्ट हैं।

### उपचुनाव में स्वत्रंतदेव सिंह के साथ प्रचार करते दिखे अधिकारी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** आगामी 20 नवंबर को यूपी की 9 सीटों पर उपचुनाव है। प्रदेश की सियासत में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।सपा लगातार बीजेपी को घेरने की कोशिश में लगी हुई है। सपा नेता अधिकारियों पर आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा के लिए प्रचार कर रहे हैं। कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में सपा कैंडिडेट शोभावती वर्मा के पति और सपा सांसद लालजी वर्मा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक फोटो पोस्ट कर चुनाव आयोग से शिकायत की है। जलशक्ति मंत्री स्वत्रंतदेव सिंह की प्रचार करते हुए एक फोटो सामने आई है, जिसमें एडीओ पंचायत अकबरपुर हंस प्रकाश सिंह उर्फ प्रभात सिंह भी साथ नजर आ रहे हैं, जिसको लेकर सपा सांसद ने सवाल खड़ा करते हुए चुनाव आयोग से संज्ञान लेने की बात कही है। उनका आरोप है कि प्रशासन सपा प्रत्याशी के साथ भेदभाव कर रहा है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव भी गड़बड़ी करने और अधिकारियों पर पक्षपात करने का आरोप लगा चुके हैं। दोनों नेताओं का आरोप है कि भाजपा चुनाव प्रचार के लिए अधिकारियों का इस्तेमाल कर रही है।

# यूपी उपचुनाव: मंच पर बैठे बीजेपी के दिग्गज

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

अलीगढ़ के खैर विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी सुरेंद्र दिलेर का एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सभी वरिष्ठ भाजपा नेता मंच पर कुर्सियों पर बैठे हैं, जबकि सुरेंद्र दिलेर जमीन पर बैठे नजर आ रहे हैं। तस्वीर ने विपक्ष को इसे मुद्दा बनाने का मौका दे दिया और उन्होंने इसे दलित समाज के प्रति अपमान बताया लेकिन सुरेंद्र दिलेर ने इस पर अपने विचार रखते हुए बताया कि यह उनके गुरुओं और बुजुर्गों के प्रति सम्मान का प्रतीक है न कि अपमान का। वह अपने पिता और दादा की परंपराओं का पालन कर रहे हैं और उन्हीं के आदर्शों को अपनाते हुए अपने गुरुओं का सम्मान कर रहे हैं।सुरेंद्र दिलेर ने बताया कि उनके परिवार में हमेशा से बुजुर्गों और गुरुओं का आदर और सम्मान किया जाता रहा है। उनके पिता और दादा हमेशा अपने से बड़े लोगों को ऊँचा स्थान देते थे और खुद नीचे बैठते थे ताकि उनका आदर और सम्मान बना रहे. यह आदतें उन्होंने अपने परिवार से सीखी हैं और अब वह इन्हीं परंपराओं को आगे बढ़ा रहे हैं।उनका कहना है कि उन्होंने मंच पर कुर्सियों पर बैठे गुरुओं का सम्मान करने के लिए जमीन पर बैठने का निर्णय लिया था। सुरेंद्र दिलेर के अनुसार विपक्ष इस पूरे मामले को जान-बूझकर विवादित बना रहा है।उन्होंने इसे राजनीतिक चाल बताया और आरोप लगाया कि विपक्ष इसे समाज में गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहा है। सुरेंद्र दिलेर के अनुसार उनका जमीन पर बैठने का मकसद अपनी जड़ों से जुड़े रहना और समाज के बुजुर्गों और गुरुओं का आदर करना है। उनके पिता चुनावी अभियान के दौरान जनता से मिलते समय हमेशा जमीन पर बैठकर ही बातचीत किया करते थे। यह उनकी पारिवारिक परंपरा है, जिसमें बड़ों का सम्मान करना और जमीन से जुड़ा रहना सिखाया जाता है।सुरेंद्र दिलेर का कहना है कि वे लगातार लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और लोगों से जमीन पर बैठकर बातचीत करते हैं, ताकि वह जनता के और करीब आ सकें। जमीन पर बैठकर लोगों के बीच जाने से उन्हें अधिक भरोसा मिलता है और उनके साथ एक बेहतर जुड़ाव बनता है।उनके इस तरीके को लोगों ने सराहा भी है क्योंकि इससे उनमें एक विनम्रता और सरलता का भाव दिखाई देता है।उन्होंने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे को गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं और समाज को भ्रामक संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों और गुरुओं का सम्मान करना महत्वपूर्ण स्थान रखता है और संस्कृति को अपने जीवन में अपनाए हुए हैं।

# बांटने वाले भी वही हैं, काटने वाले भी वही: इकरा हसन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी सुम्बुल राणा के चुनाव प्रचार में आज कैराना सांसद इकरा हसन पहुंची। उन्होंने नगला बुजुर्ग गांव में जनसभा को संबोधित किया। मीडिया से मुखातिब इकरा हसन ने एआइएमआइएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के द्वारा उनको लेकर दिए गए पोस्टर गर्ल वाले बयान पर दो टूक कहा कि बेबुनियाद बयान पर हम कोई रिएक्शन नहीं देंगे। इकरा हसन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गये बंटोगे तो कटोगे के बयान पर कहा कि बांटने वाले भी वही हैं और काटने वाले भी वही हैं। ऐसे लोगों को सिर्फ नफरत की बात फैलानी आती है। हम जोड़ने की और प्यार की बात करते हैं और प्यार से हम सबको जोड़ेंगे। मुजफ्फरनगर जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अपने भाषण में दिए गए बयान जहां दिखे सपाई वहां बिटिया घबराई, इकरा हसन ने कहा कि जिनकी पार्टी में बृजभूषण जैसे लोग हों और वह चुनाव लड़ते हों। इतना बड़ा प्रोटेस्ट हमारी बहनों ने किया उसके बावजूद भी जिन पर कोई असर नहीं हुआ, उनके मुंह से ऐसी बातें शोभा नहीं देती।मुजफ्फरनगर में हुई एक जनसभा में जयंत चौधरी द्वारा पीडीए की फुल फॉर्म बताते हुए बयान दिया गया था जिसमें उन्होंने पीडीए को पर्सनल डेवलपमेंट ऑफ़ एरागैरा बताया था इस पर इकरा हसन ने कहा कि पीडीए का जो नारा है वह अपने आप में अपनी जीत दिखा चुका है। अपना वजूद दर्शा चुका है। लोकसभा के चुनाव में यह जनता के बीच का धरातल का मुद्दा है। नारा है और हमें पूरी उम्मीद है, आगे भी हम इसी पर जीतेंगे। मुजफ्फरनगर में हुई जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में समाजवादी पार्टी की मीरापुर से प्रत्याशी सुम्बुल राणा के ससुर पूर्व एमपी क़ादिर राणा को देंगे का आरोपी बताया था जिस पर इकरा हसन ने कहा कि यह सब कोर्ट के मामले होते हैं, अगर ऐसा कुछ है तो सरकार उनकी है वह मुकदमा करें, कोर्ट में बात जाएगी। बेफजूल में किसी बात को राजनीति के लिए इस्तेमाल करने का बेबुनियाद कोई फायदा नहीं है। इकरा हसन ने कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव आपकी और हमारी लड़ाई को मजबूती से लड़ने का काम कर रहे हैं, जिसका परिणाम आपने लोकसभा के चुनाव में भी देखा। भाजपा को हटाने के लिए जो गति उन्होंने गठबंधन को दी है, वह और कोई नहीं दे पाया। तो आज वक्त है कि वह गति रुकने ना पाए। आप और हम कोशिश करें कि जिस राह पर हम लोग तेजी से बढ़ रहे हैं, उसमें आप लोग भी अपना योगदान दें। यह लड़ाई सिर्फ इस उपचुनाव की नहीं है। यह लड़ाई आने वाले 27 का रास्ता तय करेगी। यह बहुत महत्वपूर्ण लड़ाई है और इसमें आप सबके साथ और सहयोग की हमें जरूरत है। 10 साल से हमारे ऊपर कैसी सरकार है। केंद्र में भी और राज्य में भी क्या इनके कारनामे रहे हैं। किस तरह से इन्होंने आपको हमें चिन्हित करके परेशान करने का काम किया है। आगे जो कानून बनते जा रहे हैं, वह आपके सामने हैं। इन्हें रोकने का अगर कोई तरीका है, वह सिर्फ एक वोट है। हमारी पार्टी यूपी में 9 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और हर जगह मजबूती से हमारी पार्टी चुनाव लड़ने का काम कर रही है। पीडीए का जो नारा था उसको बुलंद करने का हम लोग प्रयास कर रहे हैं और हमें पुरी उम्मीद है कि 9 की 9 सीटें समाजवादी पार्टी के खाते में जाएंगी।

# गोपाष्टमी के अवसर पर कारसेवक पुरम में गोवंशों का पूजन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



कारसेवक पुरम स्थित श्रीराम गौशाला में गोपाष्टमी के अवसर पर सैकड़ों गौवंशों का वैदिक रीति से पूजन किया गया। इस पूजन समारोह का आयोजन विहिप केंद्रीय संयुक्त संगठन महामंत्री विनायक राव देश पांडेय के नेतृत्व में हुआ, जिसमें प्रमुख मार्गदर्शक प्राधानाचार्य इंद्रदेव मिश्र थे।

विहिप संगठन महामंत्री विनायक राव ने इस मौके पर कहा कि गौवंशों की सुरक्षा के लिए सरकारों को मजबूत इच्छाशक्ति दिखानी होगी। उन्होंने गौ हत्या को लेकर सख्त कानून की आवश्यकता जताते हुए कहा कि इस पर फांसी की सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए, तभी हम इस अमूल्य धरोहर को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा, 'प्राचीन काल से यह मान्यता रही है कि 'गावो विश्वस्त मातरः', अर्थात गाय ही विश्व की माता है। भारत की आत्मा गाय में ही बसती है।÷विनायक राव ने गऊ पालन को परिवारों के लिए बोझ नहीं, बल्कि समृद्धि का कारण बताया। उनका मानना था कि गो सेवा करने वाला व्यक्ति हर संकट से मुक्त रहता है। श्रीराम गौशाला समिति के उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने गौशालाओं को सरकारों से हर प्रकार का सहयोग देने की अपील की और साथ ही गांवों में गोचर भूमि को फिर से संरक्षित करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि आजकल गोचर भूमि पर आवासीय और व्यापारिक केंद्र स्थापित हो रहे हैं, जिससे देशी नस्ल की गायों का अस्तित्व संकट में है।

डाडिया मंदिर के महंत गिरीश दास ने गौ पालन को पवित्र कार्य बताते हुए कहा कि 'गौ आधारित कृषि ही हमारी मूल है।' उन्होंने कहा कि पहले हम सभी गौ सेवा को देवी-देवताओं की सेवा मानते थे और गाय को परिवार में मां के बाद सबसे पवित्र स्थान पर रखते थे।इस अवसर पर विहिप के संयुक्त महामंत्री कोटेश्वर शर्मा, केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह 'पंकज', कारसेवक पुरम प्रभारी शिवदास सिंह, उमेश पोडवाल, सह प्रबंधक शरद शर्मा, वीरेन्द्र कुमार, विभाग मंत्री धीरेश्वर वर्मा, व्यवस्था प्रमुख बालचंद वर्मा, राजेंद्र वर्मा, वरुण राय, सुभाष पांडेय, अनिल पांडेय, पवन तिवारी, बबलू सविता, कमला देवी सहित अन्य गौभक्तों ने गौवंश का श्रृंगार कर गुड़ और पूड़ी का भोग अर्पित किया और गौरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल बोले 'व्यापारियों का नही हो शोषण'



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम आज रायबरेली में स्थानी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय अरुण गुप्ता जी को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल जी ने कहा उनके मंडल का मुख्य उद्देश्य ही व्यापारियों का शोषण नहीं होना चाहिएराष्ट्रीयअध्यक्ष संदीप बंसल जी का स्वागत प्रदेश मंत्री सोनू वर्मा जिला अध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह छाबड़ा संरक्षक महेंद्र अग्रवाल संदीप जैन वरिष्ठ जिला महामंत्री संदीप शुक्ला जिला महामंत्री प्रभाकर गुप्ता नगर कोषाध्यक्ष मोहम्मद शकील ने कियासंचालन नगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल जी प्रदेश युवा अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता के अनुज स्वर्गीय अरुण गुप्ता जी के आवास पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया, इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ राजकुमारी सिंह विमलेश मिश्रा प्रियंका अवस्थी रुचि सिंह पंकज प्रजापति दिलदार राइनी वी के रावत दुर्गेश वर्मा ओमिक सोनी राकेश अग्रहरी ओम प्रकाश साहू प्रदीप सिंह आशीष शुक्ला अशोक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# गो आश्रय स्थलों में गो सेवा कार्य हुआ संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया है कि दिनांक 09 नवम्बर-2024 को गोपाष्टमी के पावन अवसर पर जनपद रायबरेली में संचालित समस्त गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों का पूजन किया गया, समाज के गणमान्य लोगों को गोवंश आश्रय स्थल में आमंत्रित कर गो सेवा कार्य करवाया गया तथा स्थानीय लोगों को गोसेवा व गो आधारित कृषि को अपनाने के लिये प्रोत्साहित भी किया गया। इसी क्रम में विकास खण्ड राही स्थित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल चक सिरहिरा कनौली में जिले के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कुमार, खण्ड विकास अधिकारी राही गौरी राठौड़, पशु चिकित्साधिकारी राही बा0 राजेन्द्र कुमार, पशुधन प्रसार अधिकारी पंकज गुप्ता, विश्व हिन्दू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष सूरज सिंह बिसेन, रेनू सिंह, प्रधान प्रतिनिधि बोध कुमार सिंह,अंजनी सिंह व गो सेवकों की उपस्थिति में गो पूजन किया गया तथा उनके द्वारा, संरक्षित गोवंशों को भूसे व हरे चारे के साथ गुड़, चना, लैया. आटा, केले व अन्य फल-सब्जियों खिलायी गयी। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा गोवंश अश्रय स्थल का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें गोवंश आश्रय स्थल संचालन समिति को पर्याप्त भूसा भण्डारण करने को निर्देशित किया गया तथा परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक पायी गयी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा गोवंश आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंश अपेक्षाकृत कमजोर प्रतीत होने पर, संचालन समिति को नियमित रूप से हरा चारा व पौष्टिक आहार दिये जाने को भी निर्देशित किया गया। विश्व हिन्दू महासंघ से सूरज सिंह बिसेन जी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को गो-आधारित कृषि व गोपालन की महिमा के बारे में जानकारी दी गयी तथा सभी को अपने जन्मदिवस वैवाहिक वर्षगांठ व अन्य शुभ अवसरों पर गोशालाओं में दान, गोसेवा आदि प्रकल्प करवाने का आवाहन किया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने आत्मसात करने का प्रण लिया जिला भाजपा इकाई से श्रीमती रेनू सिंह जी ने भी गो पूजन कर गोवंशों को गुड़ व हरा चारा खिलाया और जीवनपर्यन्त गो-सेवा करने का संकल्प लिया।

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार 14 कोसी परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर देखने को मिली

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार 14 कोसी परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं में खास उत्साह है। यही वजह है कि लाखों श्रद्धालु एक दिन पूर्व ही अयोध्या पहुंच गए शनिवार शाम को 6:32 पर परिक्रमा आरंभ कर दी मुहूर्त अनुसार रविवार दोपहर बाद 4:44 तक चलेगी। परिक्रमार्थी राम नाम संकीर्तन और लोकगीतों के साथ परिक्रमा करते नजर आए, उनके स्वास्थ्य सुरक्षा की समुचित व्यवस्था के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जगह -जगह लगायी गयी थी। ड्रोन कैमरे की देखरेख में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। परिक्रमा मार्ग पर परिक्रमार्थी नंगे पाव परिक्रमा करते श्रद्धालुओं का सैलाब दिखाई देने लगा।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। परिक्रमा मार्गों पर बड़ी संख्या में पुरुषों व महिला पुलिस कर्मियों के साथ शादी वर्दी में भी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही ड्रोन से पूरे मेले की निगरानी की जा रही है। अयोध्या में कार्तिक परिक्रमा मेले में इस बार और भी श्रद्धालुओं के उभरने की संभावना जताई जा रहीहै। परिक्रमार्थियों में परिक्रमा करते समय कोई दिक्कत ना आए, सभी रास्तो पर बालू डलवाया गया ताकि नंगे पांव चलने वाले परिक्रार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। जगह-जगह पर खोया पाया कर लगाया गया है। 12 प्राथमिक उपचार केंद्र बनाए गए हैं। हनुमान गुफा, मोनी बाबा, हल्कारा का पुरवा, दर्शन नगर, अचारी का सगरा, जंनौरा, सहादतगंज, हनुमानगढ़ी ,गुप्तार घाट, अफीम कोठी, अमानीगंज, चक्रतीर्थ और झुंकी घाट शामिल है।

14 जगह पर एंबुलेंस की तैनाती की गई है। पूरे कार्तिक पूर्णिमा मेले के दौरान मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में श्री राम चिकित्सालय में 10 बेड आरक्षित रखा गया है। परिक्रमा में किसी भी श्रद्धालु को परेशानी ना हो, इसके लिए योगी सरकार ने प्रशासन को विशेष निर्देश दिए हैं,प्रशासन भी सुरक्षा सफाई एवं मूलभूत संसाधन उपलब्ध करा रहा है। 14 कोसी परिक्रमा को सकुशल संपन्न कराने के लिए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, एसपी राजकरण नायर आदि निरीक्षण करते हुए दिखाई पड़े, धार्मिक मान्यता है कि 14 कोसी परिक्रमा यानी 42 किलोमीटर की परिक्रमा को पूरा करने पर सात जन्मों का पुण्य प्राप्त होता है। अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक परिक्रमा का आयोजन आज भी अपनी परंपरा के मुताबिक होता है। पूरे परिक्रमा पथ पर तमाम स्वयं सेवी संस्थाये चाय नाश्ते का स्टॉल, अल्पाहार की व्यवस्था की गई है श्रद्धालु अपनी सुविधा अनुसार 14 कोसी परिक्रमा नाका हनुमानगढ़ी नया घाट दीनबंधु नेत्र चिकित्सालय चौराहा श्री सीताराम आरोग्य निकेतन रामायण आश्रम मानस भवन श्री हरीधाम महादेव मंदिर आदि स्थलों से शुरू की 14 कोसी परिक्रमा मेला शांतिपूर्वक चल रहा है सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण करते मुस्तैद रहे। मेला सहायक कौशल किशोर श्रीवास्तव से मोबाइल नंबर 9454402642पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# स्वच्छ वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोतों को बढ़ावा देना होगा : डॉ0 ठाकुर यादव

■ अविवि में नैनो मटेरियल : रिसेंट एडवांसेज फॉर हाइड्रोजन एनर्जी विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**




डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में नैनो मटेरियलः रिसेंट एडवांसेज फॉर हाइड्रोजन एनर्जी विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान में इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज के भौतिकी विभाग के बतौर मुख्य वक्ता डॉ0 ठाकुर प्रसाद यादव ने कहा कि सभी को स्वच्छ वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोतों को बढावा देना होगा।

उच्च क्षमता, कम लागत वाली स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और भंडारण तकनीक में प्रभावकारी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा नेटवर्क में कम कार्बन सफल एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण होगी। हाइड्रोजन को अक्सर पारंपरिक ईंधन का एक अच्छा विकल्प माना जाता है। जीवाश्म ईंधन, जिसमें प्राकृतिक तेल और गैस शामिल हैं। सभी उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों के 75 प्रतिशत से अधिक और सभी कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के लगभग 90 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं। ये दुनिया के प्रमुख चालक बन गए हैं। कार्यक्रम में डॉ0 ठाकुर प्रसाद ने बताया कि भारत में अक्षय ऊर्जा की तेजी से वृद्धि का प्रमुख कारक देश की बढ़ती आबादी है। ईंधन के अलावा, हाइड्रोजन ऊर्जा का उपयोग विभिन्न अनुप्रयोगों में किया जा रहा है।

हाइड्रोजन को स्वच्छ ऊर्जा कहा जाता है, क्योंकि जब इसे जलाया जाता है, तो यह केवल जल वाष्प उत्पन्न करता है और वायुमंडल में कोई अन्य उपोत्पाद नहीं निकलता है। उन्होंने बताया कि ईंधन कोशिकाओं और पानी को विभाजित करने वाले इलेक्ट्रोलिसिस ने ऊर्जा रूपांतरण की दक्षता में सुधार किया गया है। परिष्कृत सामग्रियों ने हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के लिए क्लेकारो उत्प्रेरक का उपयोग करना शुरू कर दिया है। आज नैनोमटेरियल सबसे महत्वपूर्ण नैनो-सामग्री में से एक है।

कार्यक्रम में भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभागाध्यक्ष प्रो0 गंगाराम मिश्र ने अतिथियों का स्वागत व विषय प्रवर्तन करते हुए नैनोपार्टिकल्स और नैनोट्यूब पर चर्चा की। कहा कि हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए ऐसे नैनोकणों को नियोजित किए जाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने हाइड्रोजन भंडारण और री-हाइड्रोजनीकरण विशेषताओं पर नैनो-सामग्री के उत्प्रेरक के प्रभाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव, डॉ0 सिंधु सिंह सहित शोद्यार्थी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## देश की उन्नति में गांधी नेहरू परिवार का बड़ा योगदान अतुल सिंह

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के कुम्हारन का पुरवा, इस्माइलमऊ, घूरी, पूरे बांध, तिवारीपुर, बरगदहा आदि गांव में चौपाल एवं जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी एवं कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि इस देश के विकास में और देश की उन्नति में सबसे बड़ा योगदान गांधी-नेहरू परिवार का है,आज रायबरेली में एम्स जैसा बड़ा हॉस्पिटल गांधी परिवार की देन है, जिसमें रायबरेली सहित भारत के विभिन्न राज्यों के लोग यहां इलाज कराने आते हैं। श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जी आप सब की लड़ाई लड़ रहे हैं, देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की यह लड़ाई राहुल जी आप सबके सहयोग से लड़ रहे हैं।

# नीलामी में सुपुर्द की गई धान की फसल काट कर ले जाने की सूचना देना युवक को पड़ा भारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

रास्ते की भूमि पर उगाये गये धान के फसल की तहसीलदार द्वारा नीलामी का निर्देश दिए जाने के बावजूद फसल काट कर ले जाने की सूचना देने वाले युवक पर भारी पड़ गया। आरोपी निर्मल सुत राम्मू,बृजलाल सुत निर्मल,शिवम सुत बृजलाल, रात में फसल को चोरी से कटाई कर ले जा रहे थे।जिसकी सूचना ग्रामीण ने पीआरवी को दिया।मौके पर आकर पुलिस ने लदी गाड़ी से फसल को उतरवाया और रामगंज थाने पर बुलाया गया।पुलिस ने सूचना देने वाले को शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रामगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अग्रेसर की गाटा संख्या 1500 रास्ते के भूमि दर्ज है।इस भूमि पर के गांव के ही दबंग कई वर्षों से खेती कर रहे है।मौके पर भी धान की फसल उगाई गयी है।रास्ते की भूमि पर फसल उगाने की शिकायत रामगंज थाना क्षेत्र के अग्रेसर निवासी राहुल गौतम ने किया था। जिसके बाद हल्का लेखपाल व कानूनगो द्वारा पैमाइश की गयी थी। जिलाधिकारी अमेठी के निर्देश पर नायब तहसीलदार,कानूनगो व स्थानीय लेखपाल ने मौके पर जाकर उक्त धान के फसल की निलामी के लिए अवैध कब्जेदार को बेदखल कर धान की खड़ी फसल ग्राम प्रधान अग्रेसर को सुपुर्दगी नामा बनाकर मौके पर सुपुर्द कर दिया गया। अवैध कब्जेदारों को सूचना दी गई कि भविष्य में इस गाटे में जुताई- बुआई न करें।मनबढ़ अवैधकब्जेदार नीलामी प्रक्रिया के धान की फसल जबरन ले जा रहे थे।आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा निलामी होने पर कुछ दिन पहले शिकायतकर्ता पर लेखपाल व ग्राम प्रधान सुलह समझौता करने का दबाव बना रहे थे।शिकायतकर्ता ने सुलह समझौता करने से किया इनकार किया तो ग्राम प्रधान व रामगंज थाना की मिली भगत से फसल को ले जाया जा रहा था।जिससे नीलामी प्रक्रिया में घोर लापरवाही की जा रही है।राहुल गौतम ने चोरी से फसल काटने की शिकायत एवं अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कानून का उल्लंघन करने व राजकीय राजकोष में जमा की जाने वाली राशि का दुरूपयोग करने की वैधानिक एवं दण्डात्मक कार्रावाई करने की मांग पर पुलिस ने उसी का शांति भंग करने के आरोप में चालान कर दिया।

# वार्षिक तकनीकी महोत्सव ऊर्जोत्सव में छात्रों ने दिखाया रचनात्मक कौशल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायसअमेठी में दो दिवसीय वार्षिक तकनीकी महोत्सव में छात्रों ने तकनीकी और रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया।शैक्षिक महोत्सव के समापन के दिन रविवार को संस्थान के कैंपस में आयोजित ऊर्जोत्सव में स्पार्क वी आर के सीईओ निखिल भटनागर और आई आई टी बॉम्बे के प्रो.राजकुमार पंत ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।निखिल भटनागर ने वर्तमान उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया।वहीं प्रो.पंत ने हल्के-से-हवा सिस्टम और स्वायत्त हवाई जहाज परियोजनाओं पर चर्चा की।साथ ही एक हीलियम-चालित एयरशिप का प्रोटोटाइप भी प्रस्तुत किया।ये दोनों चर्चाएँ छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहीं।और उन्हें नई तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।ऊर्जोत्सव में विभिन्न रोचक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।जिनमें कैपिटल क्रेस्ट,आरसी प्लेन,इनोवेशन चैलेंज, टेक्नो एमयूएन,उर्जा अनुभव,नवीकरणीय ऊर्जा चैलेंज,गेमिंग बैटल,हाइड्रोलिक आर्म,और किक डिटेक्शन चैलेंज शामिल रहे।इन सभी प्रतियोगिताओं ने छात्रों को तकनीकी और रचनात्मक दृष्टिकोण से न केवल चुनौती दी,बल्कि उनके कौशल को भी निखारा।इन सबके साथ ऊर्जोत्सव का समापन समारोह हुआ।इस समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों और आयोजकों के योगदान को सम्मानित किया गया।

## विधिक सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता. जागरुकता शिविर

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के द्वारा विधिक सेवा दिवस के अवसर पर दुर्गा पब्लिक इण्टर कालेज देदौर, रायबरेली में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर व रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुपम शौर्य, अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्वान अधिवक्ता रामकुमार सिंह द्वारा प्रतिभागियों को बताया गया कि विधि के समक्ष समता प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। लीगल एड डिफेंस काउन्सिल के विद्वान अधिवक्ता जय सिंह यादव के द्वारा बताया गया कि गरीबी के कारण कोई न्याय से वंचित न हो इसलिए निःशुल्क विधिक सहायता का प्रावधान किया गया है।

# त्योहारों एवं विभिन्न परीक्षाओं के मद्देनजर जनपद में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

अपर जिला मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने बताया कि गुरू नानक जयन्ती,कार्तिक पूर्णिमा,वीरांगना ऊदादेवी शहीद दिवस,गुरू तेगबहादुर शहीद दिवस एवं माह दिसम्बर में तेईस चौधरी चरण सिंह जन्मदिवस,पच्चीस को क्रिसमस डे आदि पर्वो तथा विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के मद्देनजर जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा जनसामान्य के जीवन की सुरक्षा हेतु वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार जनहित में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता धारा-163लागू कर दी गई है। जिसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए यह निषेधाज्ञा तीन जनवरी तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी रहने के साथ ही जनपद की सीमा में सामान्य रूप से रहने व आने-जाने वाले सभी नागरिकों व व्यक्तियों पर लागू होगी। तथा निषेधाज्ञा का उल्लंघन दण्डनीय अपराध होगा।उन्होंने बताया कि आगामी त्यौहारों के दौरान अत्यधिक सतर्कता बरती जाय।एवं किसी प्रकार के जूलूस इत्यादि प्रशासन से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही आयोजित किये जायेंगे। सार्वजनिक स्थान पर पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्रित नहीं होगें। किसी प्रकार से धार्मिक उत्तेजना फैलाना,भाषण देना, सामग्री वितरण आदि व जूलुस, सामाजिक विद्वेश पूर्ण कार्य, व्यवहार, आचरण एवं व्यक्तियों के बीच वैमनस्य व भ्रम फैलाना, धार्मिक जातीय वर्गीय विभाजन सम्बन्धी कोई भी कथन व कृत्य पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा।किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा मार्ग व विद्युत लाइन की गतिशीलता का अवरोध और न ही इसके लिए किसी को दुष्प्रेरित करेगा,साथ ही किसी विद्युत उपकेन्द्रों, कार्यालय व विद्युत संयंत्रों को क्षति नही पहुॅचायेगा एवं कोई भी व्यक्ति घातक हथियार तथा ढेला,ईंटा,पत्थर,सोडा वाटर की बोतलें आदि एकत्र नहीं करेगा। म्यूजिक सिस्टम,लाउडस्पीकर का सार्वजनिक प्रयोग बिना अनुमति वर्जित होगा। उन्होंने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग, उप्र अधीनस्थ चयन आयोग व अन्य परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक वस्तुएं, अनुचित साधन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर दो सौ गज की परिधि में आवश्यक निषेधाज्ञा लागू की जाय।गेस पेपर, गाईड बुक, क्वैशचन बैंक, साल्ड, अनसाल्ड पेपर, परीक्षा समाप्ति तक किसी भी अभ्यर्थी अथवा प्रश्नपत्र को परीक्षा केन्द्र के बाहर जाने से तथा परीक्षा अवधि में सौ मीटर की परिधि में फोटो कॉपियर मशीन की दुकान खोलने एवं संचालन प्रतिबंधित रहेगा।प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के अन्दर एवं बाहर 100 मीटर की परिधि के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं तथा परीक्षा संचालन से जुड़े प्रशिक्षकों, अधिकारियों अथवा कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य किसी का प्रवेश व परीक्षा केन्द्र के अन्दर सेलुलर फोन अथवा इलेक्ट्रानिक उपकरण कार्बन आदि प्रतिबंधित रहेगा।परीक्षा केन्द्र के आस-पास ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग,परीक्षा केन्द्र के बाहर समाज विरोधी व्यक्तियों का एकत्र होना पूर्णतया प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति जनपद की सीमा के अन्दर लाठी, डण्डा अंधे व अपाहिज तथा सिख धर्म द्वारा रखे जाने वाले कृपाण को छोड़कर तेज धार वाले चाकू तथा नुकीले शस्त्र जैसे तलवार, बरछी, गुप्तियां, कटार, फरसा, संगीन, त्रिशूल अथवा आग्नेयशस्त्र, ज्वलनशील पदार्थ, घातक हथियार आदि लेकर नही चलेगा। और न ही किसी सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शित करेगा। तथा ड्यूटीरत पुलिसकर्मी, अर्द्ध सैनिक बल पर ये प्रतिबन्ध लागू नहीं होगें, कोई भी व्यक्ति अपने घर की छत पर या घर के बाहर अथवा सार्वजनिक स्थान पर ईंट,पत्थर आदि के टुकड़े एकत्र नही करेगा। मन्दिर, मस्जिद, गुरूदारा, चर्च आदि धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की ध्वनि धार्मिक स्थल तक ही सीमित रहेंगे। सोशल मीडिया पर ग्रुप एडमिन का उत्तरदायित्व होगा कि ग्रुप से जुड़ा कोई भी व्यक्ति भड़काऊ अफवाह फैलाने सम्बन्धित कोई पोस्ट नही करेगा। यदि कोई व्यक्ति ऐसा पोस्ट करता है तो ग्रुप एडमिन उसे तत्काल डिलीट कराते हुए सम्बन्धित व्यक्ति को ग्रुप से बाहर करेगा और स्थानीय पुलिस को सूचित भी करेगा।



### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला की हत्या का प्रयास किया। मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पांच आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी...... शेष पेज 10 पर...

# आशियाने का सपना देख रहे 554 आवेदकों के 3.86 करोड़ रूपये केडीए में फंसे



एनआरआई सिटी में नक्शे का मामला अटकने की वजह से लॉटरी नहीं कराई जा रही थी। वहां गलत तरीके से स्वीकृत हुआ नक्शा निरस्त भी किया गया है। इसके बाद ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणी के इन फ्लैटों को आवंटित करने के लिए एनओसी मिली तो पिछले महीने आवेदकों को अधूरे आवेदनपत्रों को पूरा करने का मौका दिया गया। 8 नवंबर इसकी दस्तावेज पूरे कराने की अंतिम तारीख भी पूरी हो गई। जल्द ही आवेदनों की जांच की जाएगी और चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद इसी माह लॉटरी से आवंटन किया जाएगा। असफल आवेदकों के खातों में उनका पैसा भी पहुंचेगा।

*सत शुक्ला, विशेष कार्याधिकारी, केडीए।*

**कई आवेदकों ने पंजीकरण शुल्क वापसी के लिए किया आवेदन**

एनआरआई सिटी में एलआईजी, ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का सपना पूरा न होता देख कई आवेदकों ने केडीए को पत्र लिखकर जमा की गई पंजीकरण धनराशि वापस मांगी है। कुछ ने तो इस अवधि का ब्याज भी देने का आग्रह किया है।

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

केडीए की एनआरआई टाउनशिप के 150 फ्लैटों के 554 आवेदकों के 3.86 करोड़ रुपये पौने दो साल से फंसे हैं। आवेदन लेने के बावजूद केडीए अब तक इनकी लॉटरी नहीं करा सका है। अब केडीए ने इन फ्लैटों के आवंटन की तैयारी की है। इसके चलते केडीए ने जिन आवेदकों के दस्तावेज अधूरे थे, उन्हें शुक्रवार तक का समय दिया था। शुक्रवार को 25 से ज्यादा आवेदक दस्तावेजों की कमियां दूर करने केडीए पहुंचे। टाउनशिप नीति के अनुसार मैनावती मार्ग स्थित एनआरआई टाउनशिप में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 40 और एलआईजी के 110 फ्लैटों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से होना है। इसके लिए केडीए ने 22 दिसंबर 2022 से 31 जनवरी 2023 तक आवेदन मांगे थे। ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के लिए पंजीकरण धनराशि 39 हजार और एलआईजी फ्लैटों के लिए 84 हजार रुपये है। आशियाने का सपना देख रहे 554 लोगों ने 525 रुपये की पंजीकरण पुस्तिका खरीदने के बाद आवेदन किया। इनमें ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के लिए 244 और एलआईजी फ्लैटों के लिए 310 आवेदन शामिल हैं। जैसे-तैसे बैंक में पंजीकरण धनराशि भी जमा की, पर तब से न तो लॉटरी हुई और न ही उनका आशियाने का सपना पूरा हुआ। आवेदकों ने बताया कि फार्म जमा करने के बाद से ही केडीए के चक्कर लगा रहे हैं। फ्लैट आवंटित होना तो दूर अफसरों से लेकर बाबू तक यह नहीं बता रहे कि कब लॉटरी होगी। अर्जियों के जवाब भी नहीं दिए जा रहे। उधर, केडीए ने इन आवेदनपत्रों की जांच की। इनमें से ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के आवेदनों में से 244 में और एलआईजी के आवेदनों में से 198 में कमियां मिलीं। किसी में आय प्रमाणपत्र नहीं लगा था तो किसी में जाति, दिव्यांगता प्रमाणपत्र या आय निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थी। इन चिन्हित आवेदकों से केडीए ने पिछले महीने दस्तावेज पूरे करने के लिए कहा। इन्हें पूरा कराने की अंतिम तिथि 8 नवंबर थी।

# ऑपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ी, मौत से मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



चकेरी रामादेवी स्थित कांशीराम अस्पताल में ऑपरेशन के 10 घंटे बाद महिला की हालत बिगड़ गई। इसपर उसे हैलट रेफर कर दिया गया। जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसपर परिजन शव वापस लेकर कांशीराम अस्पताल लौटे। फिर उन्होंने ऑपरेशन में लापरवाही बताकर अस्पताल में हंगामा किया। वहां पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाबुझा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अजय सिंह ने बताया कि उनकी बहन मीना सिंह (34) खुजेली सवाइजपुर नर्वल में रहतीं थी। वहीं बहनोई सौरभ सिंह प्राइवेट कर्मी हैं। बताया कि मीना के यूट्रस में कुछ समस्या थी। इसपर उसे कांशीराम अस्पताल में दिखाया था। यहां ऑपरेशन के लिए शनिवार की दोपहर दो बजे भर्ती किया। इसके बाद करीब चार बजे उसका ऑपरेशन सर्जन डॉ. रश्मि शर्मा ने किया। देर रात मीना की हालत बिगड़ने लगी। इसपर उसे कांशीराम से हैलट रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में अस्पताल के कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक नवीन चंद्रा ने बताया कि मरीज दो माह से अस्पताल आ रही थी। ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप गलत है, ऑपरेशन के कुछ घंटे बाद महिला को घबराहट हुई। इसपर उसे हैलट रेफर किया गया था।

### थाने में खड़ा सीज ट्रक गायब, सीओ ने लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। जसपुरा। दो दिन पूर्व बिना रायल्टी व ओवरलोडिंग में सीज ट्रक थाना परिसर से रात में गायब हो गया और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। सुबह जानकारी हुई तो पुलिस कर्मियों व अफसरों में अफरा-तफरी मच गई। सीओ ने थानाध्यक्ष सहित स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई। नायब तहसीलदार वेद प्रकाश व थानाध्यक्ष मोनी निषाद ने गुरुवार की रात गौरीकलां-अमारा मार्ग में चार ट्रकों को सीज कर थाना परिसर में खड़ा कराया था। शुक्रवार की रात अपनी बैट्री लगाकर चोर ट्रक ही ले गए और पहरे पर तैनात पुलिस कर्मियों को जानकारी तक नहीं हो सकी। सुबह ट्रक गायब मिला तो पुलिस महकमे में हलचल मच गई। सीओ सदर अजय कुमार सिंह ने थानाध्यक्ष से पूछताछ की। थानाध्यक्ष ने बताया कि सुबह डंपर न मिलने पर तलाश की गई, पर कहीं पता नहीं चला। सीओ ने सब इंस्पेक्टर राजाराम पांडेय, दीवान सरोज कुमार, पहरा देने वाले कांस्टेबल को लताड़ लगाई।

# राजनीतिक प्रभाव और शिक्षा से होगा प्रजापति समाज का विकास : दारा सिंह





■ लखनऊ के सुप्रसिद्ध बांसुरी वदक मुकेश मधुर प्रजापति ने अपनी कला से सभी को किया मंत्र मुग्ध

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चौबेपुर। जब तक हमारी राजनीतिक और शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत पकड़ नही होगी तब तक प्रजापति समाज का विकास नही होगा। समाज को विकास करने के लिए सोच बदलने की आवश्यकता है। मैं समाज के लिए सड़क पर संघर्ष करने के लिए तैयार हूं ये बाते अपने संबोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा सिंह प्रजापति ने प्रजापति समाज के द्वितीय प्रतिभा सम्मान और कार्यकर्ता समारोह में रविवार को चौबेपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में कही। प्रदेश अध्यक्ष डॉ राकेश प्रजापति ने प्रजापति समाज से एकजुट होने की अपील की और समाज को भविष्य की पीढ़ी के लिए बेहतर समाज देने की बात कही। इस मौके पर हाईस्कूल और इंटर के मेघावियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देश विदेश में अपनी बांसुरी वादन से लोहा मनवा चुके लखनऊ के कलाकार मुकेश मधुर प्रजापति ने बांसुरी से देशभक्ति और फिल्मी गीत सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया, बांसुरी वादन के लिए मुकेश मधुर प्रजापति को कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। औरैया जिले से साइकिल चलाकर आये प्रसिद्ध युट्यूबर हेलमेट बाबा ने सभी लोगो से हेलमेट पहनने के फायदे गिनाए और समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। भोजपुरी गायक सुनील प्रजापति ने भोजपुरी गाने गाकर सबका मन मोहा। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव कालूराम प्रजापति, जिलाध्यक्ष विवेक प्रजापति, मुख्य महासचिव अनिल प्रजापति,जिला संयोजक राज सर, जिला सरंक्षक राजाराम प्रजापति, कथा वाचक रुचिका रामायणी, जिलाध्यक्ष महिला सभा अर्चना रावत, महिला मंडल मंत्री रीता प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# ड्राइविंग के दौरान नींद आने पर अलर्ट करेगी डिवाइस

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



जय नारायण विद्या मंदिर विकासनगर में संकल्प जय नारायण स्मृति वार्षिकोत्सव के तहत इनोफेस्ट (इन्नोवेशन एंड स्टेम मॉडल प्रदर्शनी) का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में ड्राइविंग के दौरान नींद आने पर अलर्ट देने वाली डिवाइस मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही मेले में अगर कोई बच्चा खो जाए तो अलर्ट देने वाली चाइल्ड सेफ्टी डिवाइस, मोबाइल से चालित बायोमेट्रिक सिक्योरिटी सिस्टम, एंबुलेंस के लिए स्वतः रेड लाइट करने वाली लाइफ सेविंग डिवाइस जैसे 28 प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन किया गया।

10वीं के छात्र दिव्यांश ने ड्राइविंग के दौरान नींद आने पर अलर्ट करने वाली डिवाइस बनाई है। यह चश्में की तरह है। अगर गाड़ी चलाने के दौरान ड्राइवर की पलकें दो-तीन सेकेंड के लिए बंद होती है, तो अलार्म बजने लगता है। चश्में में सेंसर का इस्तेमाल किया गया है। डिवाइस से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईआईटी कानपुर के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अनंतरामकृष्ण रहे। प्रधानाचार्य डॉ.संतराम द्विवेदी ने जताया।


उपप्रधानाचार्य अनिल त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक कौस्तुभ ओमर, सह संयोजक दिव्यम गुप्ता व शिवा पटेल आदि का कार्यक्रम में सहयोग रहा।

### कार्तिक पूर्णिमा मेले को चार दिन शेष

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कार्तिक पूर्णिमा का मेला बिठूर में लगने वाला वर्ष का सबसे बड़ा मेला माना जाता है। इस मेले में कानपुर के अलावा इटावा, जालौन, कालपी, झांसी, ललितपुर, फतेहपुर, के अलावा अन्य जनपदों से भी श्रद्धालु गंगा स्थान के लिए आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा मेले में लगभग डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु गंगा स्थान के लिए आते हैं। इस वर्ष भी काफी तादाद में श्रद्धालुओं के आने की आशंका जताई जा रही है। मेला व्यवस्था को लेकर हाल ही में बिठूर पुलिस व स्थानीय प्रशासन ने एक बैठक कर प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की थी। वही बिठूर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ श्रीमती निर्मला सिंह ने नगर पंचायत कर्मियों को सख्त हृदय दी है।

# पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्कूटी सवारों ने लूटी शिक्षिका की चेन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कलक्टरगंज थाने की सिरकी मोहाल चौकी से चंद कदम की दूरी पर बेखौफ बदमाशों ने एक निजी स्कूल की शिक्षिका के गले झपट्टा मारकर चेन लूट ली। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद स्कूटी सवार लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। हूलागंज निवासी महेंद्र शर्मा प्राइवेट काम करते हैं। उनकी पत्नी विनीता एक निजी स्कूल में पढ़ाती हैं।

महेंद्र ने बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे वह पत्नी और दो बच्चों के साथ घंटाघर के एक होटल खाना खाने गए थे। रात करीब 11 बजे चारों पैदल ही घर लौट रहे थे। सिरकी मोहाल पुलिस चौकी के पास वे लोग पहुंचे थे कि स्कूटी से पीछे से आए दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर विनीता के गले में पड़ी चेन लूटकर भाग गए। महेंद्र ने पैदल पीछा करने की कोशिश की लेकिन बदमाश फरार हो गए।

यूपी 112 पर घटना की सूचना देनेपर पर एडीसीपी सेंट्रल, एसीपी कलक्टरगंज और थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिवार के घटना की जानकारी ली। एडीसीपी ने बताया कि महेंद्र शर्मा की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ लूट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।

# सांड़ ने बाइक सवार देवर-भाभी को पटका, इलाज के दौरान युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सचेंडी क्षेत्र में भांजे के अंतिम संस्कार में शामिल होकर भाभी को बाइक से लेकर घर लौट रहे देवर को सांड़ ने टक्कर मार दी। जमीन पर गिरे युवक को सांड़ ने उठाकर पटक दिया। राहगीरों की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। युवक ने शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सचेंडी के भीमसेन गढ़ी निवासी दुर्गेश पांडेय (27) मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी तनु, बेटा कृष्णा और काव्या है। दुर्गेश के बड़े भाई रवि पांडेय ने बताया कि सचेंडी के रातेपुर में भांजे नैतिक की बीमारी से मौत हो गई थी। इस पर दुर्गेश भाभी सुधा को लेकर बाइक से पांच नवंबर को उसके अंतिम संस्कार में गया था।

रात में लौटते समय रातेपुर और फत्तेपुर गांव के बीच बाइक में सांड़ ने टक्कर मार दी थी।

दोनों उछलकर सड़क पर गिर पड़े। सुधा ने बताया कि सांड़ ने देवर को उठाकर पटक दिया।

इससे दुर्गेश के सिर चोट आई और उसका कंधा टूट गया। राहगीरों ने उनके फोन से परिजनों को सूचना दी और कल्याणपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान दुर्गेश की शुक्रवार देर रात मौत हो गई।

**छुट्टा जानवरों के चलते पहले भी हुई घटनाएं**

- मार्च 2024 में छावनी में वृद्ध इखलाख को सांड़ ने कई बार सड़क पर पटका, मौत।
- वर्ष 2023 को काकादेव के ओम पुरवा में बहराइच निवासी विमल मिश्रा की सांड़ के हमले में जान गई।
- वर्ष 2019 के शास्त्री नगर के तिकोनिया पार्क में गाय को रोटी खिलाने के दौरान राजेंद्र कुमार को एक सांड़ ने पटका, मौत।
- वर्ष 2018 को बिठूर में ईश्वरीगंज में सूरज प्रसाद बाजार को सांड़ ने दौड़ाकर उठाकर पटका, मौत।
- वर्ष 2018 को बिधनू इलाके में फसल की रखवाली कर रहे किसान कथई को सांड़ ने पटककर मार डाला।
- वर्ष 2017 में आवारा जानवर की वजह से बर्रा-7 में एक महिला की जान चली गई थी।
- वर्ष 2015 में ए-ब्लाक दबौली में लड़ते वक्त दो सांड़ दीवार से टकराए। इससे दीवार गिरी, जिसके दबकर खूबचंद सुखनानी की मौत हो गई।

# कूड़े में मिली बच्ची को गोद लेने के लिए लगा लोगों का तांता

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

*बच्ची प्री मेच्योर लग रही है, उसका वजन 1100 ग्राम है। उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। एसएनसीयू में सीपैप मशीन में रखा गया है। हालत गंभीर है। सामान्य बच्चों का वजन ढाई किलो से ज्यादा होता है।*

**डॉ. ए. के. आर्या, विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग।**



नन्ही सी जान को जो मां की कोख में भी पूरे नौ महीने न रह सकी और पैदा होते ही उसे मां की गोद की जगह झाड़ियां नसीब हुईं। शुक्रवार को अशोक नगर में कूड़े के ढेर में मिली नवजात बच्ची की हैलट में हालत गंभीर बनी हुई है। शनिवार को खबर प्रकाशित होने के बाद काफी लोग अस्पताल पहुंचे और बच्ची को गोद लेने की इच्छा जताई। डॉक्टरों ने बताया कि काफी लोगों के फोन आए कि उन्हें बच्चा दे दिया जाए। एसएनसीयू में बच्ची की देखरेख कर रहीं सिस्टर इंचार्ज राजकुमारी खरवार ने बताया कि बच्ची को मशीन में रखा गया है। उसे ठंड लगी थी और किसी ने दूध पिला दिया तो हालत और बिगड़ गई।

### सौ मीटर दौड़ में अंशुमान और नैन्सी ने भरा फर्राटा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पुरवा विकासखंड के मझिगवां सदकू खेल मैदान में सब जूनियर वर्ग की सौ मीटर दौड़ में अंशुमान व नैन्सी ने फर्राटा भरा। कबड्डी में दीपिका और प्रियांश की टीमों ने जीत दर्ज की। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में सब जूनियर बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में आकाश पटेल और बालिका वर्ग में प्रियांशी ने बाजी मारी। 400 मीटर में अभिषेक व 800 मीटर दौड़ में अंशुमान सिंह ने फर्राटा भरा। कुश्ती व चक्का फेंक में विराट शुक्ला, गोला फेंक में रंजीत कुमार, भारोत्तोलन में प्रतिज्ञा कुमार, भाला फेंक में इंद्रजीत गौतम, बैडमिंटन में अभिषेक कुमार और लंबी कूद में राघव दीक्षित पहले स्थान पर रहे। सब जूनियर बालक वर्ग के कबड्डी मैच में प्रियांश और बालिका में दीपिका की टीमें जीतीं।

# बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख यदि घरों तक नहीं पहुंचे तो जीत सुनिश्चित नहीं : चौधरी भूपेंद्र सिंह





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख सभी घरों तक पहुंच कर एक एक मतदाता से संपर्क संवाद स्थापित कर ले और यह कार्य 18 नवंबर तक 2 बार करें आपकी विजय सुनिश्चित है।

उक्त बात बीते दिन एक दिवसीय प्रवास पर कानपुर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने चुन्नीगंज रायपुरवा कौशलपुरी मंडलों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। इन बैठकों में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा और आगे किए जाने वाले कार्यों की विस्तार से चर्चा की। चुन्नीगंज मंडल की बैठक में दोपहर 12 बजे पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी मंडल प्रवासी मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक शक्ति केंद्र प्रवासी एवं भाजपा से पार्षद का चुनाव लड़े जीते हारे प्रत्याशियों से बूथ वार एक एक बिंदु पर चर्चा की। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने अब तक किए गए कार्यों को जहां प्रदेश अध्यक्ष के सामने बिंदुवार रखा वहीं प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने आगे चुनाव की दृष्टि से क्या क्या करना है उसको बिंदुवार बताया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि यह चुनाव कार्यकर्ताओं की ताकत का अहसास कराने का चुनाव है उसको अपनी शक्ति बजरंगबली की तरह दिखानी होगी अपने बूथ से पन्ना प्रमुखों के साथ 100त्न मतदान की योजना बनाकर 20 नवंबर को एक एक घर में कुंडी खटखटाकर मतदान कराना होगा। तीनों मंडलों की बैठक में मुख्य रूप से विधायक सुरेंद्र मैथानी विधायिका श्रीमती नीलिमा कटियार महेश त्रिवेदी क्षेत्री मंत्री सुनील तिवारी पवन प्रताप सिंह पूर्व विधायक नीरज चतुर्वेदी रघुनंदन भदौरिया राजू शर्मा अवधेश सोनकर संतोष शुक्ला दीपक सिंह आनंद मिश्रा नवाब सिंह मंडल अध्यक्ष करन यादव अभिमन्यु सक्सेना गौरव पांडे पार्षद सौरभ देव अंकित मौर्य आकर्ष बाजपेई अंकित मिश्रा आलोक पांडे गोविंद शुक्ला सहित चुनाव मंडल टोली के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# खौलते दूध की कढ़ाई में गिरने से युवक की हुई दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



किसी शायर ने खूब कहा है मौत तू एक कविता है कब, कहां, कैसे, आएगी किसी को कुछ नहीं पता है। हुआं यूं कि एक युवक खौलते दूध की कढ़ाई पर गिर गया। दूध अत्यधिक गर्म होने की वजह से युवक के गिरने के बाद उसकी हालत नाजुक हो गई। लोग उसे उठाकर अस्पताल इलाज के लिए ले गए। जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि युवक काफी लड़खड़ाता हुआ चल रहा था। जिस वजह से यह घटना हुई है।

सूत्रों के मुताबिक पूरी घटना बाबू पुरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत की बताई जा रही है। लोगों ने तो यहां तक कहा कि युवक नशे की हालत में था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर बाबू पुरवा अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि युवक का नाम मनोज कुमार सोनकर है। वह भरुआ सुमेरपुर जिला हमीरपुर का रहने वाला है। वह मजदूरी करने के लिए कानपुर आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उसने शराब ज्यादा पी रखी थी। जिस वजह से खोलते हुए दूध की कढ़ाई के पास आकर लड़खड़ाया और कढ़ाई में गिर गया। खोलता हुआ दूध पूरा उसके ऊपर आ गिरा। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी है। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों की मदद से युवक को उर्सला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान युवक की मृत्यु हो गई।

### अश्लील वीडियो वायरल करने वाला भाजपा नेता गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। गुजैनी पुलिस ने युवती के साथ सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो वायरल करने वाले भाजपा नेता व पूर्व फौजी कुलदीप सिंह भदौरिया उर्फ संतोष सिंह को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। कुलदीप ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से एक युवती के साथ नग्न अवस्था में अश्लील वीडियो वायरल किया था। मामले में चौकी प्रभारी ने आईटी एक्ट और छेड़छाड़ की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एफआईआर में दर्ज धाराओं में सात साल से कम की सजा का प्रावधान है, इसलिए आरोपी को शांति भंग की धारा में जेल भेजा गया है। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि गुजैनी के फत्तेहपुर निवासी कुलदीप ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से एक युवती का अश्लील वीडियो अपलोड किया था। 32 और 2 सेकेंड के कुलदीप के युवती के साथ नग्न अवस्था में वीडियो अपलोड होते ही वायरल हो गए। मामले की जानकारी मिलने पर गुजैनी चौकी प्रभारी ने कुलदीप के खिलाफ युवती की बगैर अनुमति अश्लील वीडियो बनाने, किसी का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद रविवार को आरोपी कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया। कुलदीप को एसीपी नौबस्ता की कोर्ट में पेश किया गया वहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेजा गया है। गुजैनी थाना प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि जांच में पता चला कि युवती कुलदीप की रिश्तेदार है। एक महीने बाद युवती का शादी होनी है।

### प्रेम प्रसंग के बारे में मां ने पूछा तो किशोरी ने दी जान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

नरैनी। प्रेम-प्रसंग के चलते शुक्रवार की देर रात एक किशोरी ने महुआ के पेड़ पर दुपट्टा के सहारे फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। शनिवार की सुबह परिजनों ने शव फंदे पर लटकते देखा तो बिलख पड़े। कालिंजर थाना क्षेत्र के एक पुरवा निवासी 17 वर्षीय किशोरी का एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार की शाम को किशोरी मां के साथ खेतों से धान काटकर घर आ रही थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने मां को उसकी बेटी के प्रेम प्रसंग के बारे में जानकारी दी। घर पहुंची मां ने बेटी से पूछताछ की। इस पर किशोरी नाराज हो गई। परिजनों की नजर बचाकर रात को ही किशोरी घर से निकल गई। परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। शनिवार की सुबह किशोरी का शव घर से 150 मीटर दूर लगे महुआ के पेड़ पर दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकता मिला। कालिंजर थाना प्रभारी दीपेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

इधर, मृतका के पिता ने पड़ोस के गांव में रहने वाले युवक से प्रेम-प्रसंग की बात कही है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# आखिर आतंकवाद चाहता कौन है?

**कई बार सुना है कि पाकिस्तान को कड़े स्वर में समझा दिया गया है लेकिन उसका असर कभी नहीं दिखा। बहरहाल,नई सरकार बनते ही जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों ने वहां की जनता को दहला दिया है। हर रोज परिस्थितियां विषम होती जा रही हैं जिसको लेकर मौजूदा स्थिति में यह देश का बडा मुद्दा बन गया। अब आतंकवादी किसी विशेष को टारगेट न करके आमजन को निशाना बना कर एक अलग तरह की दहशत फैला रहे हैं।आतंकवादी अब जम्मू-कश्मीर की जनता के अलावा वहां के प्रवासियों को भी निशाना बना रहे हैं।**

*जम्मू-कश्मीर में नई सरकार बनने के बाद लगातार हो रहे आतंकी हमलों से हर कोई परेशान है। केंद्र सरकार के साथ लगभग सभी राजनीतिक दल इस बात से हैरान भी हैं कि आमजन में दहशत क्यों फैलाई जा रही है। आश्चर्य इस बात का भी है कि इस बार एक माह के भीतर हमले वहां हुए जहां पहले कभी नहीं हुए। मजदूरों तक को निशाना बनाया गया। इस विषय में सभी दलों के बड़े नेताओं से चर्चा भी हुई तो उन्होंने आतंकवाद का एक सुर में विरोध किया। यह सुनकर अच्छा भी लगा कि हर कोई आतंकवाद के विरुद्ध है। यहां समझना जरूरी है कि विशेषज्ञों का बड़ा तबका यह मानता है कि किसी भी प्रकार का हमला बिना किसी नेता या बड़े रसूख वाले व्यक्ति की मिलीभगत के बिना संभव नहीं। हालांकि पूर्व में जो भी हमले हुए, उनके बारे में पुलिस जांच का निष्कर्ष है कि इनमें स्थानीय लोगों का भी हाथ रहा है। मगर यह लोग कभी नहीं पकड़े गए। जो पकड़ा गया वह अलगाववादी नेता या किसी अन्य पार्टी का कार्यकर्ता व नेता ही मिला, लेकिन कभी भी इस बात को उजागर नहीं होने दिया जाता था। आश्चर्य की बात यह है कि आतंकी घटनाक्रम को नेता अपने एक पैटर्न से समझाते आ रहे हैं कि आतंकवादी संगठन जम्मू-कश्मीर के युवाओं के दिमाग में जहर भरते हैं जिसको लेकर उनके दिल-दिमाग में कट्टरता आ जाती है और देश विरोधी गतिविधि के में शामिल हो जाते हैं और इसका आरोप पाकिस्तान पर मढ़ देते हैं। बात में काफी हद तक सच्चाई भी है लेकिन सवाल यह ही है कि आमजन जो जीवन में अपनी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है उसे पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों से मिलवाता कौन है या सबसे पहले माइंड कौन डायवर्ट करता है। इन सभी बातों के आधार पर तो यह तय हो जाता है कि देश की असली दुश्मन देश में ही हैं। हम हर छोटे से छोटे हमले पर भी पाकिस्तान पर बात टाल देते हैं। यह सत्य है कि पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्रियां खोले बैठा है लेकिन हमें अपने देश में पल रहे पाकिस्तान परस्त लोगों व आतंकियों पर भी चर्चा करनी होगी। चर्चा हुई भी। पकड़े भी गए लेकिन पूर्ण रूप खत्म न होने पर जनता अभी भी परेशान है। हाल ही की स्थिति यह है कि जम्मू-कश्मीर के लोग अपने घर से बाहर निकलते हैं लेकिन वापस घर आएंगे यह पता नहीं। चूंकि आतंकवादी किसी पर भी बिना वजह हमला कर रहे हैं। उद्देश्य स्पष्ट न होने की वजह से अभी तक तो यह माना जा रहा है कि दहशत फैलाने की वजह से यह सब हुआ। पड़ोसी देश से आतंकवाद पर कई बार चर्चा हुई लेकिन आजादी लेकर आज तक कोई हल नहीं निकला। हमें सबसे पहले उन लोगों पर एक्शन लेना होगा जो अपने ही देश में रहकर आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। यह स्पष्ट है हर सरकार के कालखंड में वह खुलकर अंजाम देते आ रहे हैं। हर सरकार इसके इसके लिए चिंतित तो जरूर दिखती है लेकिन देश की जनता के मन में प्रश्न जरूर आता है कि बिना किसी की मिलीभगत से आतंकवाद कैसे संभव है। वैसे तो पूरे देश की जनता के लिए मुद्दा सुरक्षा का होता है लेकिन जम्मू-कश्मीर की जनता के लिए यह सर्वप्रथम रहता है। नई सरकार गठित होते ही जिस तरह आतंकवादियों हमले करते जा रहे हैं उससे वह क्या संदेश देना चाहते हैं यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत सभी दल के नेता परेशान हैं। कोई किसी की बुराई-भलाई नहीं कर रहा जिसे देखकर यह तो महसूस हो रहा है कि आतंकवाद को नियंत्रित करना आसान काम नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान से वार्ता करनी चाहिए लेकिन जब से दोनों देश आजाद हुए हैं भारत सरकार ने इस मामले पर शुरुआत से चर्चा ही की है और हल आज तक नहीं निकला।*

## एक्सप्रेस आलेख

**साम्यवाद और पूंजीवाद दोनों विचारधाराओं को, भौतिकवादी विचार दर्शन पर आधारित होने के चलते, आपने अस्वीकार कर दिया था एवं आपने हिन्दू विचार दर्शन के आधार पर थर्ड वे का रास्ता सुझाया। अर्थात, हिन्दू जीवन मूल्यों के आधार पर ही आर्थिक व्यवस्था के लिए तीसरा रास्ता निकाला था। पाश्चात्य आर्थिक प्रणाली भारतीय परम्पराओं के मानकों पर खरी नहीं उतरती है। भारत में तो हिंदू अर्थव्यवस्था ही सफल हो सकती है। आप अपने उद्बोधनों में कहते थे कि कि समावेशी और वांछनीय प्रगति और विकास के लिए एकात्म दृष्टिकोण बहुत जरूरी है। वर्तमान में दुनियाभर में उपभोक्तावाद जिस आक्रामकता से बढ़ रहा है, उससे आर्थिक असमानता चरम पर है।**


# स्वदेशी एवं वैश्वीकरण के बीच सामंजस्य चाहते थे दत्तोपंत जी ठेंगड़ी



प्रहलाद सबनानी

**आपका मत था कि हमें अपनी संस्कृति, वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य के लिए आकांक्षाओं के आलोक में प्रगति और विकास के अपने माडल की कल्पना करनी चाहिए। विकास का कोई भी विकल्प जो समाज के मूल को ध्यान में रखते हुए नहीं बनाया गया हो, वह समाज के लिए लाभप्रद नहीं होगा।**

श्री दत्तोपंत जी ठेंगड़ी का जन्म महाराष्ट्र के वर्धा जिले के आर्वी नामक ग्राम में हुआ था। श्री दत्तोपंत जी के पित्ताजी श्री बापूराव दाजीबा ठेंगड़ी, सुप्रसिद्ध अधिवक्ता थे, तथा माताजी, श्रीमती जानकी देवी, गंभीर आध्यात्मिक अभिरूची से सम्पन्न थी। उन्होंने बचपन में ही अपनी नेतृत्व क्षमता का आभास करा दिया था क्योंकि मात्र 15 वर्ष की अल्पायु में ही, आप आर्वी तालुका की 'वानर सेना' के अध्यक्ष बने तथा अगले वर्ष, म्यूनिसिपल हाई स्कूल आर्वी के छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गये थे। आपने बाल्यकाल से ही अपने आप को संघ के साथ जोड़ लिया था और आपने अपने एक सहपाठी और मुख्य शिक्षक श्री मोरोपंत जी पिंगले के सानिध्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्गों का तृतीय वर्ष तक का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया। आपके वर्ष 1936 से नागपुर में अध्यनरत रहने तथा श्री मोरोपंत जी से मित्रता के कारण आपको परम पूजनीय डॉक्टर जी को प्रत्यक्ष देखने एवं सुनने का अनेक बार सौभाग्य प्राप्त हुआ और आगे चलकर आपको परम पूजनीय श्री गुरूजी का भी अगाध स्नेह और सतत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। दिनांक 22 मार्च 1942 को संघ के प्रचारक का चुनौती भरा दायित्व स्वीकार कर आप सुदूर केरल प्रान्त में संघ का विस्तार करने के लिए कालीकट पहुंच गए थे। श्री दत्तोपंत जी बचपन में ही संघ के साथ जुड़ गए थे अतः आपके व्यक्तित्व में राष्ट्रीयता की भावना स्पष्ट रूप से झलकती थी। आपके व्यक्तित्व का चित्रण करते हुए श्री भानुप्रताप शुक्ल जी लिखते हैं कि रहन-सहन की सरलता, अध्ययन की व्यापकता, चिन्तन की गहराई, ध्येय के प्रति समर्पण, लक्ष्य की स्पष्टता, साधना का सातत्य और कार्य की सफलता का विश्वास, श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी का व्यक्तित्व रूपायित करते हैं। चूंकि श्री दत्तोपंत जी मजदूर क्षेत्र से सम्बंधित रहे थे अतः आपको वर्ष 1969 में भारत के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्य के रूप में रूस एवं हंगरी जाने का मौका मिला। यह यात्रा आपके लिए साम्यवाद के वास्तविक स्वरूप का बारीकी से अध्ययन करने का एक अच्छा अवसर साबित हुई। इस यात्रा के बाद आपने अनुभव किया कि साम्यवादी विचारधारा में खोखलापन है एवं यह कई अन्तर्विरोधों से घिरी हुई है। हालांकि उस समय दुनिया के कई देशों में साम्यवाद अपनी बुलंदियों



**श्री दत्तोपंत जी ने 'स्वदेशी' को देशभक्ति की व्यावहारिक अभिव्यक्ति के रूप में परिभाषित किया था। यह 'स्वदेशी' की एक बहुत ही आकर्षक और सभी के लिए स्वीकार्य परिभाषा है जो राष्ट्रीयता की भावना और कार्य की इच्छा को सामने लाती है।**

को छू रहा था, परंतु श्री दत्तोपंत जी ने उसी समय पर बहुत आत्मविश्वास के साथ कहा था कि आगे आने वाले समय में साम्यवाद अपने अन्तर्विरोधों के कारण स्वतः ही समाप्त हो जाएगा इसके लिए किसी को किसी प्रकार के प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आज परिणाम हम सभी के सामने है। इसी प्रकार आपकी आर्थिक दृष्टि भी बहुत स्पष्ट थी। आर्थिक क्षेत्र के संदर्भ में साम्यवाद एवं पूंजीवाद दोनों ही विचारधाराएं भौतिकवादी हैं और इन दोनों ही विचारधाराओं में आज तक श्रम एवं पूंजी के बीच सामंजस्य स्थापित नहीं हो पाया है। इस प्रकार, श्रम एवं पूंजी के बीच की इस लड़ाई ने विभिन्न देशों में श्रमिकों का तो नुकसान किया ही है साथ ही विभिन्न देशों में विकास की गति को भी बाधित किया है। आज पश्चिमी देशों में उपभोक्तावाद के धरातल पर टिकी पूंजीवादी अर्थव्यवस्थाओं पर भी स्पष्टतः खतरा मंडरा रहा है। 20वीं सदी में साम्यवाद के धराशायी होने के बाद एक बार तो ऐसा लगने लगा था कि साम्यवाद का हल पूंजीवाद में खोज लिया गया है। परंतु, पूंजीवाद भी एक दिवास्वप्न ही साबित हुआ है और कुछ समय से तो पूंजीवाद में छिपी अर्थ सम्बंधी कमियां धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। पूंजीवाद के कट्टर पैरोकार भी आज मानने लगे हैं कि पूंजीवादी व्यवस्था के दिन अब कुछ ही वर्षों तक के लिए सीमित हो गए हैं और चूंकि साम्यवाद तो पहिले ही पूरे विश्व में समाप्त हो चुका है अतः अब अर्थव्यवस्था सम्बंधी एक नई प्रणाली की तलाश की जा रही है जो पूंजीवाद का स्थान ले सके। वैसे भी, तीसरी दुनियां के देशों में तो अभी तक पूंजीवाद सफल रूप में स्थापित भी नहीं हो पाया है। धरातल पर अर्थ के क्षेत्र में हम आज जो उक्त वास्तविकता देख रहे हैं, यह श्री दत्तोपंत जी की दृष्टि ने अपने जीवनकाल में बहुत पहिले ही देख ली थी। इसी कारण से आपने निम्न तीन विषयों पर डंकेल प्रस्तावों का गहराई से अध्ययन करने के पश्चात इनका न केवल डटकर विरोध किया था बल्कि आपने इसके विरुद्ध देश में एक सफल जन आंदोलन भी खड़ा किया। आपका स्पष्ट मत था कि बौद्धिक सम्पदा अधिकारों का व्यापार, निवेश सम्बन्धी उपक्रमों का व्यापार एवं कृषि पर करार सबंधित डंकेल प्रस्ताव भविष्य में विकासशील देशों के लिए गुलामी का दस्तावेज साबित होंगे क्योंकि यह विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों के लिए आर्थिक साम्राज्यवाद ला सकते हैं एवं इससे विकासशील देशों की संप्रभुता संकट में पड़ जाएगी। दरअसल वर्ष 1980 से ही श्री दत्तोपंत जी ने विकसित देशों के साम्राज्यवादी षड्यंत्रों से भारत को आगाह करना प्रारम्भ किया था। आपका स्पष्ट मत था कि विश्व बैंक, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं इसी प्रकार की अन्य बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के माध्यम से विकसित देशों द्वारा विकासशील एवं अविकसित देशों का शोषण किया जा सकता है क्योंकि इस प्रकार के संस्थानों पर विकसित देशों का पूर्ण कब्जा रहता है। श्री दत्तोपंत जी का उक्त चिंतन भी सत्य होता दिखाई दे रहा है क्योंकि अभी हाल ही में चीन द्वारा श्रीलंका, पाकिस्तान एवं अन्य कई देशों को ऋण के जाल में फंसाकर इन देशों के सामरिक महत्व वाले बंदरगाहों आदि पर कब्जा करने का प्रयास किया गया है। इन्ही कारणों के चलते श्री दत्तोपंत जी ने आर्थिक क्षेत्र में साम्यवाद एवं पूंजीवाद के स्थान पर राष्ट्रीयता से ओतप्रोत एक तीसरे मॉडल का सुझाव दिया था।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 18:42 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 09:30 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | व्याघात, 22:28 |
| सूर्योदयः | 06:45 |
| सूर्यास्तः | 17:26 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 08:05-09:25 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

### बड़े बड़े ऐलान !

*झटपट में वो कर रहे ।*
*बड़े बड़े ऐलान ।।*
*करके ऐसा चाह रहे ।*
*बन जाना महान ।।*
*मिलना कितना फल ?*
*है भविष्य के गर्भ ।।*
*हट गए पर उससे ।*
*बात जिस संदर्भ ।।*
*कितना किया प्रयास ।*
*रखा जनमत मान ।।*
*शायद उनको लगता है ।*
*है सांसत में जान ।।*
*करके अब गुमराह ।*
*मुद्दे से भटकाव ।।*
*सुधरे ना तुरंत यदि ।*
*तय मिलना है घाव ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*देश में आतंकवादियों के हमले से हुए शहीदों की शहादत पर बाकी बचे हुए अस्पताल में पड़े हताहत पर। एक भिखारी ने दिया खुलकर दान बढ़ा दी मानवता की आन और बढ़ा दी भिखारियों की शान। भिखारी की इस देश भक्ति और मातृ भक्ति को बड़े आश्चर्य से देख एक नामचीन नेता जी ने बदल कर अपना भेष। मुस्कुराकर भिखारी से पूछा लगता है आपमें है देश भक्ति का जबरदस्त जज्बा और अभिमान तब ही आपने अपना सर्वस्व किया है दान। भिकारी मुस्कुराया खिल-खिलाया बोला देशभक्ति का है जज्बा जबरदस्त देशभक्ति में हो गया हूं मैं मस्त मेरी आर्थिक हालत है पस्त। अब मैं शहर का सबसे पढ़ा लिखा बड़ा भिखारी बन गया हूं मांग मांग कर पेट भर लेता हूं। वरना मैं कोई भ्रष्ट राजनेता होता या कोई बदनाम सरकारी अधिकारी होता।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*जीवन में बस चलते रहना नहीं चाहिए सही मार्ग पर चलते रहना चाहिए*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वर्कआउट करने का नहीं करता है मन तो जॉइन करें फिटनेस कम्यूनिटी, मिलेगा मोटिवेशन



**क्या** आपके कभी फिटनेस कम्यूनिटी के बारे में सुना है? फिटनेस कम्यूनिटी ऐसे लोगों की कम्यूनिटी या ग्रूप है, जो साथ में वर्कआउट करने पर काम करते हैं। आपको अपने आसपास ऐसी कम्यूनिटी या ग्रूप जरूर मिल जाएंगे, जो फिटनेस को लिए लोगों को मोटिवेट करते हैं। फिटनेस कम्यूनिटी का काम होता है, लोगों में फिटनेस और वर्कआउट के लिए मोटिवेशन बढ़ाना। ये कम्यूनिटी लोगों को ग्रूप में एक्सरसाइज करवाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कोई फिटनेस कम्यूनिटी जॉइन करना हमारे लिए किस तरह फायदेमंद है?

**गलती सुधारने में मदद मिलती है:** जब हम अकेले वर्कआउट करते हैं, तो हमें गलती बताने वाला कोई नहीं होता है। हमें जानकारी नहीं होती है कि कौन-सी एक्सरसाइज कैसे करनी है। लेकिन जब हम ग्रूप में वर्कआउट करते हैं तो कई लोग हमें सही एक्सरसाइज करने में मदद कर सकते हैं। इससे हमें वर्कआउट करने का मोटिवेशन भी मिलता है। साथ ही, सही एक्सरसाइज करने का तरीका पता चलता है।

**ग्रूप में सीखने का मौका मिलता है:** ग्रूप में वर्कआउट करने से हम कई चीजे सीख पाते हैं। इससे हम ग्रूप में काम करना सीखते हैं और कनेक्शन बना पाते हैं। लेकिन जब हम अकेले में वर्कआउट करना शुरू कर देते हैं, तो हम ज्यादातर समय आलस महसूस करते हैं। ऐसे में हम कई बार वर्कआउट अवॉइड भी कर देते हैं।

**हेल्दी कंपटीशन बनता है:** फिटनेस कम्यूनिटी जॉइन करने का सबसे बड़ा फायदा है कि आप हेल्दी कंपटीशन करना सीखते हैं। इससे आपको ग्रूप से सीखने और उनके जैसा वर्कआउट करने का मोटिवेशन मिलता है।इससे आप खुद से कंपटीशन कर सकते हैं और बेहतर बनने पर काम कर सकते हैं।

**एनर्जी लेवल बूस्ट होता है:** क्या आपने महसूस किया है कि अकेले वर्कआउट करने पर हम लो एनर्जी महसूस करते हैं? ऐसा तब होता है जब आप अकेले कोई नया काम करना शुरू करते हैं। लेकिन जब आप ग्रूप में वर्कआउट करते हैं तो आप खुश भी रहते हैं और नई चीजे सीखते हैं। इससे आपमें नई चीजें सीखने का मोटिवेशन बढ़ता है और एनर्जी लेवल बूस्ट होता है।

**मेंटल हेल्थ रिलैक्स होती है:** ग्रूप में वर्कआउट करने से आपकी मेंटल हेल्थ रिलैक्स रहती है। इससे आप नए लोगों से मिलते हैं और कनेक्शन बनाते हैं। यह मेंटल हेल्थ को बूस्ट करने और माइंड को रिलैक्स रखने में मदद करता है। फिजिकल हेल्थ के साथ यह आपको मेंटली हेल्दी रखने में भी मदद करता है। अगर आपको स्ट्रेस और एंग्जाइटी रहती है, तो ग्रूप वर्कआउट से आपको काफी मदद मिलेगी। इस तरह से फिटनेस कम्यूनिटी आपके वर्कआउट को एनर्जेटिक बनाने में मदद करती है। अगर आप अकेले वर्कआउट करने में आलस या बोरियत महसूस करते हैं, तो आप अपने आसपास से कोई फिटनेस कम्यूनिटी जॉइन कर सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# अपराधियों को बचाने में अधिकारियों की संलिप्तता!



प्रियंका सौरभ

**स्वचालित निगरानी जैसे प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को लागू करने से वास्तविक समय की निगरानी प्रदान करके पुलिस के कदाचार को रोका जा सकता है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्य पुलिस की जवाबदेही बढ़ाने के लिए बॉडी कैमरा अपना रहे हैं।**

**वे नैतिक लोगों को नियुक्त करें और उन लोगों के साथ उचित तरीके से पेश आएं जो नैतिक नहीं हैं। एक नैतिक संगठन को मौजूदा नीतियों और मानकों का ईमानदारी से पालन करने, प्रदर्शन के किसी व्यक्तिगत या सामूहिक पैटर्न का पता लगाने की क्षमता की आवश्यकता होगी जो उस अपेक्षा से कम हो और उन लोगों से निपटने का साहस जो उन विफलताओं के लिए जिम्मेदार हैं।**

**जब** अधिकारी अनैतिक आचरण में लिप्त होते हैं, तो कानून प्रवर्तन में जनता का भरोसा कम होता है, जिससे संस्थाओं में विश्वास टूटता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल (2023) की रिपोर्ट में पुलिस भ्रष्टाचार को भारत के सार्वजनिक संस्थानों में अविश्वास का एक प्रमुख कारण माना गया है। जब कानून प्रवर्तन अपराधियों को बचाता है, तो यह दो-स्तरीय न्याय प्रणाली बनाता है, जहां शक्तिशाली लोग परिणामों से बच निकलते हैं। वोहरा समिति की रिपोर्ट (1993) ने अपराधियों, राजनेताओं और पुलिस के बीच सांठगांठ का खुलासा किया, जिससे कानून प्रवर्तन की अखंडता से समझौता हुआ। अपराधियों को बचाने में शामिल अधिकारी पीड़ितों को न्याय से वंचित करने में योगदान करते हैं, जिससे दंड से मुक्ति का चक्र चलता रहता है। बिहार और उत्तर प्रदेश (2022-23) में हाल ही में हुए हाई-प्रोफाइल मामलों में पुलिस की संलिप्तता प्रभावशाली अपराधियों को बचाने और न्याय में देरी करने में देखी गई है। इस तरह का अनैतिक व्यवहार पुलिस बल के भीतर भ्रष्टाचार की संस्कृति को बढ़ावा देता है, जिससे संभावित रूप से संस्थागत अपराध को बढ़ावा मिलता है। मुंबई पुलिस (2021) के भीतर भ्रष्टाचार के घोटालों ने उजागर किया कि कैसे वित्तीय लाभ के लिए अपराधियों को बचाया जाता है। पुलिस द्वारा अपराधियों को संरक्षण दिए जाने की सार्वजनिक जानकारी से अराजकता बढ़ती है और सामाजिक अशांति पैदा होती है, जिससे शासन व्यवस्था कमजोर होती है। उत्तर प्रदेश में (2023) हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए, जब पुलिस द्वारा स्थानीय माफाया समूह को संरक्षण दिए जाने की रिपोर्टें सामने आईं। पुलिस अधिकारियों के लिए मूल्य-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने से उनमें नैतिक व्यवहार और ईमानदारी पैदा हो सकती है, जिससे भ्रष्टाचार कम हो सकता है। दूसरा एआरसी (2008) पेशेवर जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए पुलिस प्रशिक्षण में नैतिक मॉड्यूल की सिफारिश करता है। आंतरिक निगरानी और पुलिस शिकायत प्राधिकरण जैसे बाहरी निकायों को मजबूत करना अनैतिक व्यवहार के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करता है। प्रकाश सिंह मामले (2006) ने पुलिस सुधारों को जन्म दिया, जिसमें स्वतंत्र जवाबदेही तंत्र स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। व्हिसल-ब्लोअर सुरक्षा सुनिश्चित करने से अधिकारी बिना किसी प्रतिशोध के डर के अनैतिक व्यवहार की रिपोर्ट कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता को बढ़ावा मिलता है। व्हिसल-ब्लोअर सुरक्षा अधिनियम (2014) भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले लोक सेवकों के लिए सुरक्षा उपाय प्रदान करता है। अपराधियों को बचाने वाले अधिकारियों के लिए कठोर कानूनी दंड लगाना एक निवारक के रूप में कार्य करता है, जो नैतिक मानकों का पालन सुनिश्चित करता है। 2023 में, यूपी पुलिस ने आपराधिक साजिश में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया, जो शून्य-सहिष्णुता के दृष्टिकोण का संकेत देता है। बॉडी कैम और स्वचालित निगरानी जैसे प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को लागू करने से वास्तविक समय की निगरानी प्रदान करके पुलिस के कदाचार को रोका जा सकता है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्य पुलिस की जवाबदेही बढ़ाने के लिए बॉडी कैमरा अपना रहे हैं। समुदाय-पुलिस भागीदारी को मजबूत करने से विश्वास को बढ़ावा मिलता है और समुदायों को अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराने की अनुमति मिलती है। केरल में जनमैत्री सुरक्षा परियोजना बेहतर पुलिस-समुदाय संबंधों को बढ़ावा देती है, जिससे भ्रष्टाचार के मामले कम होते हैं। कानून प्रवर्तन में नैतिक अखंडता का निर्माण करने के लिए संस्थागत सुधार, जवाबदेही तंत्र और कदाचार को रोकने के लिए मजबूत कानूनी ढांचे की आवश्यकता होती है। प्रशिक्षण और सामुदायिक जुड़ाव द्वारा समर्थित नैतिकता की संस्कृति जनता के विश्वास को बहाल करने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। ज्ञान, तर्कसंगतता और नैतिक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण के अपने स्तर पर निर्भर करता है। आदर्श नैतिक आचरण से कम कुछ भी विभाग, समुदाय और पूरे राष्ट्र के लिए विनाशकारी हो सकता है। जबकि अधिकारी केवल इंसान हैं और गलतियां करते रहेंगे, नैतिक कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अपने अधिकारियों के नैतिक व्यवहार को सुनिश्चित करने के लिए, एजेंसियों के पास तीन बुनियादी सिद्धांत होने चाहिए। सबसे पहले, उनके पास एक नीति होनी चाहिए जो उनके नैतिक मिशन को स्पष्ट करती हो और ऐसे मानक तय करती हो जिनका अधिकारियों को पालन करना चाहिए। दूसरा, मजबूत और नैतिक नेतृत्व मौजूद होना चाहिए।

# जागरूकता के बगैर मिशन शक्ति का उद्देश्य पूरा होना असंभव: बबीता

■ महिला पीजी कॉलेज के पुरातन छात्र परिषद के सम्मेलन में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने बताए नारी सुरक्षा के उपाय

जन एक्सप्रेस । बहराइच



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।



कार्यक्रम का उद्घाटन

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने कहा है कि मिशन शक्ति का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब महिलाएं जागरूक होकर अपने अधिकार और सुरक्षा के लिए स्वयं आगे आएंगी। उन्होंने समाज के हर वर्ग का आह्वान किया कि वह महिला सुरक्षा तथा महिला उत्थान के कार्यों में अपना योगदान दें।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रविवार को अपराहन शहर के महिला पीजी कॉलेज में आयोजित पुरातन छात्र परिषद के सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थी। कहा कि हाल ही में उन्होंने दो आदेश पारित किए जिसमें महिलाओं के कपड़ों की नाप के लिए महिला टेलर तथा जिम में महिला ट्रेनर की तैनाती होना अनिवार्य बताया गया है। उन्होंने कहा कि उनके पास कई ऐसे मामले आते हैं जब पुरुषों से ऐसे कार्यों को करते समय बैड टच की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति उत्पन्न न होने पाए इसके लिए हर वर्ग को अपनी मानसिकता में बदलाव लाकर नारी सुरक्षा के मार्ग को प्रशस्त करना होगा। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं जब पति-पत्नी दोनों कामकाजी होते हैं और पति कहता है कि मुझे सुबह इतने बजे नाश्ता चाहिए जबकि पत्नी को भी ऑफिस जाना होता है और वह पत्नी के काम में हाथ बंटाना मुनासिब नहीं समझता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति भी स्त्री को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित करती है ऐसे में पति को अपनी पुरुष मानसिकता से उबरना होगा। अंत में उन्होंने समाज के सभी वर्गों का आह्वान किया कि वह नारी सुरक्षा तथा सम्मान की अपनी पुरानी परंपरा का निर्वहन करें।

कॉलेज की पूर्व छात्रा, नगर विधायक तथा पूर्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अनुपमा जायसवाल ने कहा कि मुझे वह दिन याद है जब मैं इस महाविद्यालय की छात्रा हुआ करती थी। एनएसएस के कार्यक्रम में मैं इस विद्यालय परिसर में खुरपी लेकर घास छीलकर श्रमदान करती थी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आज के कार्यक्रम में होलिया में उड़ेला गुलाल गीत गाया गया उसी प्रकार कभी मैं भी ऐसे गीत पर नृत्य करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती थी और रंजना मैडम तथा मोहिनी मैडम मेरा मार्ग निर्देशन करती थी। उन्होंने अपनी राजनीतिक संघर्ष तथा उपलब्धियों पर भी चर्चा की।

कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव श्याम करण टेकड़ीवाल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष का स्वागत किया तथा जिले के एक मात्र महिला पीजी कॉलेज की विकास गाथा प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं व कालेज स्टाफ के लोगों से अपेक्षा की कि वह जिले की छात्राओं के शैक्षिक व सामाजिक उत्थान में सक्रिय इस महाविद्यालय को विकसित करने में अपना योगदान दे। किसान पीजी कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि वैदिक युग से हमारा समाज नारी शक्ति का सम्मान करता रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ सामाजिक विसंगतियों के कारण नारी सुरक्षा तथा सम्मान पर आघात हुआ है। इसे जागरूकता तथा सक्रियता से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्त्रियों में असीम शक्ति होती है। वह स्वयं तीन बेटियों के पिता है जो उच्च पदों पर आसीन होकर अपनी योग्यता तथा दृढ़ संकल्प को सार्थक सिद्ध कर रही हैं। कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर मनीषा खन्ना तथा डॉ रीमा शुक्ला ने किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत करने के साथ-साथ अनेकता में एकता से संबंधित कार्यक्रम तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि के पहुंचने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह तथा सुधा टेकरीवाल नगर पालिका अध्यक्ष बहराइच मौजूद रही। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह जीतू, लायंस क्लब के कमल शेखर गुप्ता, कॉलेज प्रबंध समिति के सदस्य आदर्श अग्रवाल अजय अग्रवाल कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ मोहिनी गोयल, पूर्व चीफ प्रॉक्टर डॉ रंजन उपाध्याय, किसान पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग प्रभारी डॉ नीरज कुमार पांडे बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ पत्रकार मनीष अग्रवाल, सचिव मनोज गुप्ता समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ उमेश प्रताप सिंह, डॉक्टर कलीम अहमद, डॉ.संजय पाल, डॉ अमृता मिश्रा, डॉ.रीता शुक्ला, डॉ. रामदेव चातक, डॉ.ज्योति त्रिपाठी,डॉ श्याम कुमार चौधरी कार्यालय अधीक्षक राजेश पाल रावत वासिफ खान आदि का सक्रिय योगदान रहा।

# नीमगांव पुलिस ने खुद कराई अपनी फजीहत, लूट का खुलासा नहीं कर पाने पर खेला गया दांव हुआ फेल

■ थाना फरधान व नीमगांव सीमा पर हुई थी वारदात

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र में गोली मारकर बाइक सवार और उसकी पत्नी से हुई लूटपाट मामले का खुलासा करने में नाकाम पुलिस ने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। उसने करीब 23 दिन बाद घटनास्थल फरधान क्षेत्र का होने की आशंका जताई है।

अफसरों के निर्देश पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइश की तो घटनास्थल नीमगांव थाने का ही निकला। इससे नीमगांव पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है। घटना 17 अक्टूबर को भदूरा-नीमगांव मार्ग पर थाना नीमगांव क्षेत्र के किशनपुर गांव के पास हुई थी। सीतापुर जिले के थाना हरगांव के गांव भदेवा निवासी सुमित अपनी पत्नी को लेकर अपनी उसके मायके थाना फरधान क्षेत्र के गांव रत्ना पुर जा रहा था। शाम करीब सात बजे किशुनपुर गांव के नजदीक बंद पड़ी क्रेशर के पास तीन बाइक सवार लुटेरों ने सुमित को गोली मार दी थी, जिससे वह घायल हो गया था। बदमाश सुमित और उसकी पत्नी से नकदी व जेवर लूटकर भाग निकले थे।

मामले की पीड़ित ने नीमगांव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के खुलासे में नीमगांव पुलिस के अलावा छह थानों की दस से अधिक टीमें लगी हुई हैं, लेकिन घटना 23 दिन बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। शाहजहांपुर, सीतापुर और हरदोई के साथ ही जिले से करीब 68 लोगों से पूछताछ के बाद भी पुलिस के हाथ ऐसे कोई क्लू नहीं आए जिससे पुलिस खुलासे के आसपास पहुंच सके। चारों तरफ से हताश पुलिस ने अब एक नया पैंतरा चल दिया, लेकिन यह दांव उसी पर भारी पड़ गया।

दरअसल बाइक सवार दंपत्ति को गोली मारकर घायल करने की वारदात थाना फरधान और नीमगांव सीमा पर हुई है। तमाम प्रयासों के बाद थाना नीमगांव पुलिस को जब और कोई रास्ता दिखाई नहीं दिया तो उसने शनिवार को थाना संपूर्ण समाधान दिवस में घटनास्थल को लेकर विवाद खड़ा कर दिया। नीमगांव पुलिस का कहना था कि घटनास्थल थाना फरधान क्षेत्र का है, लेकिन फरधान पुलिस इसे मानने को तैयार नहीं हुई। नतीजतन अफसरों के निर्देश पर रविवार को राजस्व टीम मौके पर पहुंची और पैमाइश की। राजस्व निरीक्षक पूजा कनौजिया और हल्का लेखपाल महिला एसआई अंजना जायसवाल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने पैमाइश की तो घटनास्थल नीमगांव का निकला। इससे नीमगांव पुलिस की मंशा धरी की धरी रह गई।

# आक्रोशित पत्रकारों ने भीरा पुलिस को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बिजुआ खीरी

भीरा थाना क्षेत्र के मालपुर की आर्यव्रत बैंक में शुक्रवार के दिन हुए हंगामे की कवरेज कर रहे एक पत्रकार से बैंक कर्मियों द्वारा की गई अभद्रता से नाराज बिजुआ क्षेत्र के दर्जनों पत्रकारों ने भीरा पुलिस को एक ज्ञापन देकर बैंक कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। शुक्रवार के दिन क्षेत्र की मालपुर स्थित आर्यव्रत बैंक में बैबहा मुन्नू सिंह निवासी कोटेदार दिनेश राज ने बैंककर्मियों द्वारा अपने साथ की गई अभद्रता से छुब्द होकर अपने ऊपर पैट्रोल डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। जिसके बाद एकत्र हुए क्षेत्र की नाराज भीड़ व बैंक कर्मियों के बीच भारी हंगामा हुआ था। सूचना पर पहुंची भीरा पुलिस ने बैंक कर्मी को अपनी हिरासत में लेते हुए मामला शांत कराया था। इसी हंगामे की कवरेज करने गए पड़रिया तुला कस्बा निवासी यूपी खबर हिंदी के एडिटर इन चीफ पत्रकार दीपक पण्डित ने जब बैंक कर्मियों से घटनाक्रम के बारे में जानने की कोशिश की तो बैंक शाखा सहायक प्रबंधक सुमित कुमार सुमन ने दीपक पंडित का फोन तोड़ते हुए उन्हें बैंक के अंदर बंधक बना लिया और जान से मार देने की धमकी देते हुए अभद्रता की। इस पर भीरा पुलिस ने बैंक का ताला खुलवाते हुए दीपक पण्डित को बाहर निकलवाया था। बैंक कर्मियों द्वारा पत्रकार साथी के साथ हुई घटना से नाराज क्षेत्र के दर्जनों पत्रकारों ने रविवार के दिन भीरा थानाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा को एक ज्ञापन व दीपक पण्डित की तरफ से एक तहरीर देते हुए उक्त बैंक कर्मी के विरुद्ध मुकदमा पंजिकृत कर कार्यवाही करने की मांग की। इस मौके पर पत्रकार जितेंद्र भारद्वाज, राम निवास मिश्रा, सोनू शुक्ला, दीपक पंडित, पवन जयसवाल, सूरज सिंह, सुशील गुप्ता, अजीत गुप्ता, अतीस त्रिवेदी, सतीश त्रिवेदी, नागेंद्र प्रताप शुक्ला, प्रेम यादव, अंतिम सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# 27000 प्राथमिक विद्यालय बंद करने संबंधी प्रदेश सरकार के फैसले के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

■ नगर मजिस्ट्रेट को सोपा ज्ञापन, कहा विद्यालय बंद करना गरीबों दलितों और अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय

जन एक्सप्रेस । बहराइच

योगी सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को बंद करने के तुगलकी फरमान के खिलाफ शनिवार को आम आदमी पार्टी ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कारियों का नेतृत्व पार्टी जिलाध्यक्ष अनुज पाठक कर रहे थे।

जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि 27000 सरकारी विद्यालयों के बंदी आदेश आम जनमानस विरोधी है। 27,000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना बनाई गई है। यह प्रदेश सरकार द्वारा 2020 तक बंद किए गए 26,000 स्कूलों के बाद अब एक नया कदम है। सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश न केवल सरकार की नीतियों को संदिग्ध बनाता है बल्कि यह सीधे तौर पर गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा जानबूझकर सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों को मान्यता देने और उन्हें खोलने की नीति अपनाई जा रही है, ताकि सरकारी विद्यालयों में छात्र की संख्या कम हो सके और उन्हें बंद करने का रास्ता तैयार हो। यह एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है, जिसके अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों की अनुमति दी जा रही है, जबकि नियमानुसार एक किलोमीटर की परिधि में ऐसे विद्यालयों को मान्यता नहीं दी जा सकती। श्री पाठक ने कहा आम आदमी पार्टी मांग करती है कि हर जनपद के हर ब्लॉक में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाए, जो सरकारी विद्यालयों के पास स्थित हैं और अवैध रूप से खोले गए हैं। यह एक गंभीर मामला है, क्योंकि इन निजी विद्यालयों की अनुमति देने से सरकारी विद्यालयों में छात्रों की संख्या घटती है और उनका अस्तित्व संकट में आ जाता है। 27,000 सरकारी विद्यालयों को बंद करने का आदेश गलत है इससे न केवल छात्रों की शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ेगा, बल्कि इससे कई योग्य शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे, जो पहले से राज्य सरकार की शिक्षक पात्रता परीक्षा (ज्ञश्वज्ञ) पास कर चुके हैं और उन्हें रोजगार का अवसर मिल चुका है। इस कदम से सरकारी शिक्षा का ढांचा कमजोर होने के साथ साथ सामाजिक असमानता और आर्थिक विषमताओं को बढ़ावा मिलेगा।

ज्ञापन में कहा गया कि आम आदमी पार्टी मांग करती हैं कि इस मामले को संज्ञान लेकर सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों पर तुरंत रोका लगाई जाए। और सरकारी विद्यालयों को बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित रहे। इस दौरान अनेक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा ने रामगोपाल के पिता को सौंपी 50 हजार रुपए की एकाउंट पेई चेक

■ महराजगंज हिंसा के दौरान गोली का शिकार हुआ था 22 वर्षीय युवक रामगोपाल मिश्रा

जन एक्सप्रेस । बहराइच

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के दो दर्जन प्रांतीय पदाधिकारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष पं प्रशान्त पाण्डेय के नेतृत्व में शनिवार को सायंकाल महसी क्षेत्र के रेहुआ मन्सूर पहुँचकर मूर्ति विसर्जन जुलूस में दिवंगत पं रामगोपाल मिश्र के शोकाकुल परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पिता पं कैलाश नाथ मिश्र उर्फ पुतई को 50000 (पचास हजार रुपए)का एकाउंट पेयी चेक सौंपकर घावों पर मरहम लगाते हुए भविष्य में पुनः हर सम्भव सहायता देने का आश्वासन दिया तथा अब तक के घटनाक्रम की पूरी जानकारी लेते हुए प्रशासनिक सहायता के बारे में पूछा।इस पर परिजनों ने अभी दिवंगत रामगोपाल मिश्र के आश्रित को अभी नौकरी न मिलने की बात कहकर अपनी व्यथा सुनाई एवं परिजनों, ग्रामीणों व क्षेत्रवासी विप्रों का पुलिसिया उत्पीड़न जारी होने पर नाराजगी जाहिर की। इस पर महासभा पदाधिकारियों ने प्रकरण को उच्चस्तर पर ले जाकर इसके निराकरण का ढांढ़स बंधाया। इसके पूर्व बस्ती से बहराइच पहुँची महासभा पदाधिकारियो की इस टीम का झिंगहा घाट स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रतिमा पर भव्य स्वागत माल्यार्पण महासभा के बहराइच प्रतिनिधि चैतन्य पाण्डेय के नेतृत्व में पी के पाण्डेय समेत दर्जन भर लोगों ने जय श्री अजर अमर अविनाशी चिरंजीवी जामदग्न्य, जय जय श्री हनुमान व जय विप्र एकता तथा ब्राह्मण महासभा जिंदाबाद के नारों के साथ पंचमुखी हनुमान जी का पूजन अर्चन व माल्यार्पण करने के बाद किया। रेहुआ पहुंचे महासभा प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय अध्यक्ष पं प्रशांत पाण्डेय के अतिरिक्त प्रदेश संगठन मंत्री आकाश पाण्डेय, प्रदेश संयोजक अवनीश शुक्ल, जिला प्रभारी बस्ती रमेश पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष बस्ती ज्ञानेंद्र तिवारी समेत दो दर्जन पदाधिकारी तथा स्थानीय लोगों में बहराइच प्रतिनिधि चैतन्य पाण्डेय, युवा देवेश कुमार, राजा राम, माधव दीन मिश्र, लकी, गौरव, वैभव, आदित्य, ज्ञानी बाबा समेत दर्जन भर रेहुआ के ग्रामीण रहे।

## महिलाओं ने आंवला पूजन कर की सुख समृद्धि की कामना

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका परिषद परिसर में आंवला नवमी का त्यौहार श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। महिलाओं ने आंवला वृक्ष का पूजन कर सुख समृद्धि और सौभाग्य की कामना की। मान्यता है कि भगवान विष्णु आंवले के वृक्ष में निवास करते हैं। सतयुग का शुभारंभ भी आंवला नवमी से ही माना जाता है।रविवार को महिलाओं ने उपवास रखकर नगर पालिका परिषद परिसर स्थित आंवले के वृक्ष का पूजन किया। महिलाओं ने वृक्ष के नीचे भोजन कर व्रत का पारण किया। नगर पालिका की ओर से पूजन के अवसर पर तहरी भोज का आयोजन किया गया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आंवला वृक्ष की पूजा कर रही श्रद्धालु महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### नाबालिक युवक को सराफ के यहां कुंडल बेचे जाने की सूचना पर पुलिस थाने लाई फिर छोड़ा

जन एक्सप्रेस । गोलागोकर्णनाथ खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी कौशल किशोर का बेटा शिवांशु हाई स्कूल का छात्र है। बताते हैं कि इन दिनों खीरी सीतापुर ब्रांच नहर में पानी नहीं है। तो आस पास गांव के बच्चे उसमें खेलते हैं। शिवांशु भी नहर पर गया। उसका कहना है कि नहर की बालू में ऊपर पीली धातु दिखाई दी जब उसने उसे उठाया तो वह कुंडल थे। वह उसे घर नहीं ले गया रुपयों के लिए वह कुंडल बेचने गोला आ गया और खुटार रोड पर एक सराफ की दुकान पर गया। सराफ ने किशोर के पास कुंडल देख कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस दुकान पर पहुंची और शिवांशु को कोतवाली लाया गया जहां उससे घंटो पूंछताछ हुई। फिर उसके परिजनों को बुलाया गया। आखिरकार शाम को किशोर को परिजनों को दे दिया गया पीड़ित किशोर का कहना है कि मेरा कुंडल पुलिस ने वापस नहीं किया और अपने पास ही रख लिया जिससे लोगों का कहना है आखिर पुलिस की यह बात समझ से बाहर है।

### दशहरे मेले में धनुष यज्ञ लीला का मंचन देख दर्शक हुए भाव विभोर

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी। कस्बे में चल रहे दशहरे मेले में धनुष यज्ञ लीला का मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गए। दर्शकों ने धनुष भंग होने पर खूब तालियां बजाई। पूरा पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा।राक्षसी ताड़का वध के बाद राम और लक्ष्मण को मुनि विश्वामित्र राजा जनक के दरबार में लेकर आते हैं। यहां पर राजा जनक की पुत्री सीता का स्वयंवर होता है। स्वयंवर में देश के बड़े-बड़े भूपत धनुष तोड़ने के लिए आते हैं। सभी जब अपनी ताकत लगाकर हार जाते हैं तब मुनि विश्वामित्र राम से कहते हैं उठो और धनुष को तोड़ो। भगवान राम गुरु की आज्ञा से धनुष उठा लेते हैं और एक ही झटके में तोड़ देते हैं। चारों तरफ जय जयकार होती है। पंडाल में बैठी जनता तालियां बजाते हुए जय श्री राम के नारे लगाती है। इस अवसर पर नगर और क्षेत्र की जनता रामलीला मैदान में रामलीला मंचन देखने के लिए एकत्र हुई।

### नये नाला निर्माण को लेकर पुरानी ईट लगाए जाने के मोहल्ले वालों ने की अधिकारियों से शिकायत

जन एक्सप्रेस । गोलागोकर्णनाथ खीरी। नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज गोला देहात में नाला के निर्माण में पुरानी ईंट लगाई जा रही है। जिसकी शिकायत मोहल्लेवालों ने अधिकारियों से की है। मोहल्ला मुन्नूगंज गोला देहात को नई पाईपास रोड से जोड़ने वाली सड़क के किनारे लाखों की लागत से नाले का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार ने न तो नींव खोदवाई है और न ही नई ईंटे लगवा रहा है। मोहल्लेवालों का कहना है कि जो पहले नाली बनी थी उसी दीवार पर पुरानी ईंटों निर्माण शुरू करा दिया गया है। जो नाला बनने के बाद कुछ दिन भी नहीं चलेगी। मोहल्लेवालों ने नाला मानक के तहत और नई निर्माण सामग्री का उपयोग कराये जाने की मांग की है। ताकि सरकार का रुपया बर्बाद न हो और मोहल्लेवालों को दिक्क़त न उठनी पड़े। इस संबंध में जानकारी लेने पर ब्लाक के जेई मनीष गिरि का कहना है कि नाला निर्माण की जानकारी उन्हें नहीं है।

# गौरवशाली अतीत रहा कायस्थ समाज का: मिथिलेश श्रीवास्तव

जन एक्सप्रेस । बहराइच

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त व भगवान श्री राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।महासभा की नवीन कार्यकारणी का गठन होने के पश्चात समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के आवाहन के साथ सामाजिक जन जागरण अभियान चलाकर समूचे जनपद में रहने वाले कायस्थ परिवार को एकजुट करने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव को पद दायित्व निर्वहन का संकल्प दिलाया गया। महसभा की ओर से आयोजित बैठक में प्रदेश संरक्षक वरिष्ठ प्रशासक रहे मिथिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज का गौरवशाली अतीत रहा है। स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, डॉ राजेंद्र प्रसाद व लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का मूल्यांकन समूचा विश्व करता है तथा करोड़ो लोग इन महापुरुषों को अपना आदर्श मानकर परिवार समाज एवं देश के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। आवाहन करते हुए मिथिलेश कुमार ने कहा कि हम सब लोग मिलकर समाज के लोगो को मजबूती के साथ इकट्ठा कर समाज एवं देश के नव निर्माण में सहभागी बने तभी कायस्थ समाज का भला हो सकेगा। संरक्षक एवं संगठक डॉ. शिव मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद कायस्थ समाज का राष्ट्र के नव निर्माण में आज़ादी के बाद से ही बड़ी भूमिका रही है और हमारे पूर्वजों ने जनपद के शैक्षणिक व वैधानिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया है देश काल एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कायस्थ समाज को एक मंच पर आकर जनपदीय नेतृत्व का गुरुतर दायित्व करना चाहिए और कुशल नेतृत्व क्षमता विकसित करना चाहिए ।प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने समाज की सर्वांगीण विकास में हर संभव सहयोग का आवाहन करते हुए समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए सामाजिक जन जागरण अभियान चलाए जाने की बात तय की। जिला संरक्षक ओम प्रकाश सक्सेना ने समाज के अन्य उपवर्गों में बटे समस्त लोगो के एक साथ जोड़ कर सामाजिक सदभाव को आत्मसात कर सभी प्रकार के भेदभाव को दूर करने का आवाहन किया। प्रदेश संरक्षक, प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला संरक्षको द्वारा युवा समाजसेवी संगठनकर्ता व पूर्व से जिला अध्यक्ष पद का निर्वहन कर रहे अनुज श्रीवास्तव को पुनः जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत करने का प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्गत पत्र सौंपा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद अनमोल श्रीवास्तव ने किया तथा अध्यक्षता शिक्षाशास्त्री प्राचार्य आर पी एन श्रीवास्तव ने किया। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष स्मिता श्रीवास्तव ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर शसक्त एवं स्वावलंबी समाज बनाने का आवाहन किया तथा ग्रामीण स्तर पर संगठन के विस्तार की रणनीति बनाई। बैठक को प्रवक्ता आनंद मोहन प्रधान, उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट, बैंकिंग सेवा प्रदाता सुशील श्रीवास्तव, प्रवक्ता सचिन श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, वरिष्ठ महामंत्री रवि श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, भाजपा नेत्री सोनी श्रीवास्तव, चित्रगुप्त सेवा समिति जिला अध्यक्ष बैजयंती श्रीवास्तव, समाज शास्त्री पूनम श्रीवास्तव, गायत्री परिजन रेखा श्रीवास्तव, राधेश्याम श्रीवास्तव आदि ने सामाजिक जन जागरण अभियान चलाकर सामाजिक एकता व अखंडता के लिए विशेष अभियान चलाए जाने की आवश्यकता बताई तथा संगठन के मजबूती के लिए हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्धता भी दर्शायी।आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से करुणा करण, सजल श्रीवास्तव चित्रांश शुभम प्रभात, उत्कर्ष श्रीवास्तव, निखिल, मोहित, राज, अजय श्रीवास्तव, महिला समाजसेवी, पल्लवी प्रधान, अखिलेश श्रीवास्तव व प्रवक्ता पंकज श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर चित्रगुप्त भगवान की स्तुति के साथ समस्त समाज के अखंडता, एकजुटता का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। विशिष्ट अतिथियो को युवा प्रकोष्ट द्वारा अंगवस्त्रं पहनाकर स्वागत किया गया।

# वलीमा में पहले से तय चिकवा से गोश्त नहीं खरीदा तो दूल्हा पक्ष पर किया हमला

■ दूल्हे के पिता समेत आधा दर्जन घायल, तीन को आई गंभीर चोटें, चिकवा ने भी थाने में दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । बहराइच

वलीमा में गोश्त खरीदने को लेकर चिकवा तथा वर पक्ष के लोगों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में चाकू, बोगदा के साथ लाठी डंडे भी चलाए गए। इस संघर्ष में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कसाई ने अपनी दुकान से गोश्त न खरीदने से नाराज होकर दुल्हा, उसके घरवालों तथा मेहमानों पर हमला बोल दिया। दूल्हा पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला किशुनपुर गांव है। जहां एक ग्रामीण ने बेटे के वलीमा कार्यक्रम में मीट को लेकर उस वक्त मारपीट हुई जब पीड़ित परिवार ने दूसरे कसाई की दुकान से गोश्त खरीद लिया। इससे नाराज पहले चिकवा ने शुक्रवार शाम को ग्रामीण के घर पर हमला कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उधर चिकवा ने भी केस दर्ज करवा दिया है। मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर निवासी मोहम्मद शरीफ के बेटे सोनू का विवाह चिलवरिया से तय हुआ था। निकाह के बाद चार नवंबर को बारात आ गई। पांच नवम्बर को वलीमा कार्यक्रम आयोजित था। इसके लिए मोहम्मद शरीफ ने एक चिकवा से बकरा और मुर्गे के मीट व चिकन के लिए बात की, लेकिन कम रुपए में दूसरा चिकवा मीट देने के लिए तैयार हो गया। जिस पर पांच तारीख को वलीमा निपट गया। इससे खुन्नस खाए पहले के चिकवा ने शुक्रवार शाम को मोहम्मद शरीफ और अन्य से विवाद शुरू कर दिया। विवाद के दौरान चिकवा और उसके अन्य साथियों ने छुरी और लाठी से हमला कर दिया। जिसमें मोहम्मद शरीफ, सोनू और मतीन घायल हो गए। सभी को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि केस दर्ज लिया गया है। उधर चिकवा ने भी रिसिया थाने में मोहम्मद शरीफ समेत अन्य पर केस दर्ज कराया है।

## जनपद भ्रमण पर पहुंचा प्रशासनिक अधिकारियों का दल

जन एक्सप्रेस । बहराइच। फील्ड स्टडी एण्ड रिसर्च प्रोग्राम के तहत 09 दिवसीय भ्रमण हेतु भारतीय प्रशानिक सेवा के वर्ष 2024 में चयनित 12 अधिकारियों का दल बहराइच पहुंचा। भ्रमण पर अधिकारियों के दल में महाराष्ट कैडर के आईएफएस रामानन्द किशनराव खांडरे व आईआरएस सूरज प्रभाकर निकम, यूपी कैडर की आईआरएस सुरम्या शर्मा, छत्तीसगढ़ कैडर की आईआरएस रश्मि पाइक्रा, झारखण्ड कैडर के आईएएस नाज़िश उमर अंसारी, जम्मू कश्मीर कैडर की आईएएस अनमोल राठौर, केरल कैडर के आईएफएस धीनो पुरूषोथमन, यूपी कैडर की आईएएस आकांक्षा सिंह, मध्यप्रदेश कैडर के आईआरएस प्रज्ज्वल चौरसिया, गुजरात कैडर के आईआरएस झा समीक्षा सत्येन्द्र, महाराष्ट्र कैडर के आईएफएस शिरिन संजय पंडित व मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस तेजस अग्निहोत्री शामिल हैं। फील्ड स्टडी एण्ड रिसर्च प्रोग्राम के तहत जनपद भ्रमण पर अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी के नेतृत्व में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आकांक्षात्मक जनपद की भौगोलिक परिस्थिति, दर्शनीय एवं पर्यटन स्थलों तथा नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, वित्तीय समायोजन, कौशल विकास, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं कृषि सेक्टर में अर्जित की गई उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया।

# गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो लोगों की मौत, चार घायल

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

गन्ना भरकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली रविवार की सुबह अचानक शंकरपुर चौराहा के निकट जेबी गंज रोड पर अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गई।इससे उस पर सवार छह लोग ट्राली में भरे गन्ने के नीचे दब गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी को बाहर निकाला और सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।कोतवाली मोहम्मदी के गांव भुईहरा निवासी विनोद उर्फ नन्हे रविवार की सुबह गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर अजवापुर चीनी मिल जा रहा था। मोहम्मदी-शाहजहांपुर हाइवे पर शंकरपुर चौराहे से कुछ दूरी पर जेबी गंज रोड पर भट्टे के पास ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित हो गई और सड़क जाकर पलट गई। ट्राली पर गांव के ही पांच अन्य लोग भी सवार थे।

सभी छह लोग ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से गन्ना हटवाया और चालक समेत सभी लोगों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी मोहम्मदी भेजा, जहां डॉक्टर ने अशोक (21) व निवास (25) को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। हालत गंभीर होने पर विनोद उर्फ नन्हें को शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इसके अलावा घायल तन्नू पुत्र मुनेश्वर, दुर्गेश पुत्र बृजेश ठाकुर व दिवाकर पुत्र बृजेश ठाकुर का मोहम्मदी सीएचसी में उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से गांव के ही दो युवकों की मौत की खबर जब गांव पहुंची तो मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। जिसने हादसा सुना, वही मौके की तरफ दौड़ पड़ा। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद शव जब गांव पहुंचे तो लोगों की भारी भीड़ उमड़ी पड़ी। मृतकों के परिवारों में चीख पुकार मच गई। आसपास की महिलाएं और पुरुष बिलख रहे परिवार वालों को ढांढस बंधा रहे थे। पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

# गोरखपुर विकास प्राधिकरण बना यूपी का न्यू इन्वेस्टमेंट हब

■ रोड कनेक्टिविटी के लिए 7०85 करोड़ का नया फंड ए निवेश के लिए एंटरप्रेन्योर्स की पहली पसंद

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीडीए) पिछले सात सालों में निवेश के लिए एक प्राइम लोकेशन के रूप में उभरा है। कारोबारियों को ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस का सपोर्ट देने के लिए जीडीए में बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर करोड़ों रुपये का इन्वेस्टमेंट किया गया है। इसी कड़ी में अब जीडीए के सेक्टर 22 के फेज़ 1 और 2 ट्रांसपोर्टनगर में रोड कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए 7.85 करोड़ रूपए का नया फंड अलोकेट किया गया है।




### अपडेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर से आकर्षित हो रहे नए बिज़नेस

जीडीए का यह अपडेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर न सिर्फ इंडस्ट्रीज़ बल्कि डाइवर्स बिज़नेस सेक्टर्स को भी आकर्षित कर रहा है। इस बदलाव के चलते गोरखपुर का इंडस्ट्रियल सीन तेज़ी से बदल रहा है और क्षेत्र में ग्रोथ और इन्वेस्टमेंट का नया दौर शुरू हो चुका है।

### जीडीए में निवेश का माहौल हुआ सकारात्मक

2017 से पहलेए जीडीए में कमजोर लॉ एंड ऑर्डरए आउटडेटेड फैसिलिटीज़ और सरकारी सपोर्ट की कमी के चलते इन्वेस्टमेंट की संभावनाएं बेहद कम थीं। लेकिन योगी सरकार के आते ही यहां का पूरा लैंडस्केप ट्रांसफॉर्म हो गया है। अब यहां इंडस्ट्रीज़ की नई चेन खड़ी हो रही हैए और एंटरप्रेन्योर्स निवेश के लिए हाइली मोटिवेटेड हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद अब तक जीडीए में करीब 2800 करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट प्रपोज़ल्स पर काम शुरू हो चुका है। सरकार का विज़न है कि जीडीए को नोएडा की तरह डेवेलप किया जाए।

### एंटरप्रेन्योर्स का सेफ्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान

एंटरप्रेन्योर्स का सेफ्टीए इंडस्ट्री-फ्रेंडली पॉलिसीज़ और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ सीएम योगी आदित्यनाथ की एक्टिव पार्टिसिपेशन ने जीडीए को इन्वेस्टर्स के लिए एक प्रीमियम डेस्टिनेशन बना दिया है। जीडीए प्रशासन यहां के इंडस्ट्रियल माहौल को बूस्ट करने के लिए लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट पर फोकस कर रहा है। न्यू रोड्स का कंस्ट्रक्शन हो रहा हैए जबकि एक्ज़ीस्टिंग रोड्स का वाइडनिंग और स्ट्रेंथनिंग किया जा रहा है ताकि बिज़नेस को बेस्ट-इन-क्लास फैसिलिटीज़ मिल सकें।

### जीडीए में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट के लिए जारी हुआ टेंडर

हाल ही में जीडीए प्रशासन ने सेक्टर 22 के फेज़ 1 और फेज़ 2 ट्रांसपोर्टनगर में रोड डेवेलपमेंट के लिए 7.84 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया है। अगले नौ महीनों में इस वर्क को कंप्लीट करने का टारगेट हैए जिससे गोरखपुर के इंडस्ट्रियल और कमर्शियल ईकोसिस्टम को और मजबूती मिलेगी।

# पुरुष की आवाज में सहेली कर दी थी जीना मुश्किल, पुलिस जांच में हुआ खुलासा

■ जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से प्रकाशित की खबर, सहेली ही अश्लील कॉल कर रही परेशान




जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के कैंपियरगंज इलाके में एक गांव की लड़की पिछले दो सालों से एक रहस्यमय कॉल से त्रस्त थी। एक पुरुष की आवाज में उसे बार.बार अश्लील बातें सुनाई जातीं और धमकियां दी जाती थीं। अलग-अलग नंबरों से आ रहे इन कॉल्स ने लड़की की जिंदगी को मुश्किल बना दिया था। आखिरकारए तंग आकर उसने पुलिस में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

एक्सप्रेस असर

### जांच में सामने आई चौंकाने वाली सच्चाई

पुलिस जांच में जो खुलासा हुआए वह किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं था। दो साल से मानसिक प्रताड़ना देने वाला कोई अनजान युवक नहीं बल्कि उसी की पुरानी सहेली थीए जो मेंहदावल की रहने वाली है। जांच में सामने आया कि यह सहेली ही पुरुष की आवाज में फोन कर अश्लील बातें और धमकियां दे रही थी।

### अश्लील बातें करने में आता था मजा

पुलिस ने आरोपित लड़की को गिरफ्तार कर जब पूछताछ की तो हैरान करने वाला सच सामने आया। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसे अपनी सहेली को इस तरह परेशान करने में मजा आ रहा था। उसने कुशलता से पुरुष की आवाज में बात की और पीड़ित लड़की को मानसिक तनाव में रखा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांतिभंग का मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

### पीड़िता और उसके परिवार को भी बनाया था निशाना

पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि पिछले दो वर्षों से अलग.अलग नंबरों से कॉल्स आ रही थींए जिनमें पहले अश्लील बातें की जातीं और फिर गालियों की बौछार होती। कॉल करने वाला कभी भी अपना नाम या पहचान नहीं बताता थाए और कई बार महिला की आवाज में भी फोन आते थे। इन कॉल्स ने न केवल लड़की बल्कि उसके परिवार को भी परेशान कर दियाए क्योंकि उसके परिजनों को भी फोन करके अपमानजनक बातें कही जा रही थीं। जांच के दौरान पुलिस ने नंबरों का पता लगाया और जब असलियत सामने आईए तो सभी हैरान रह गए। आरोपी सहेली पुरुष की आवाज इतनी सहजता से निकाल लेती थी कि किसी को शक भी नहीं हुआ। उसने कबूल किया कि उसे इस तरह की हरकतों में मजा आता था।

# अवैध मस्जिद ईदगाह के मामले में संयुक्त टीम ने की पैमाईश

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



तहसील तमकुहीराज अंतर्गत ग्राम पंचायत गड़हिया चिंतामन में अवैध मस्जीद और ईदगाह मामले में प्रशासन की कार्यवाही तेज हो गई है। रविवार को पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा मौके का सीमांकन किया गया। अवैध रूप से सरकारी जमीन को कब्जा करके मुस्लिम समुदाय द्वारा मस्जिद और ईदगाह का निर्माण किया गया था। यह प्रकरण जब प्रकाश में आया तो आग की तरह फैल गया। शासन प्रशासन की नजर इस अवैध कब्जे पर टिक गई और संयुक्त टीम के द्वारा तहसीलदार तमकुही राज, कानूनगो, हल्का लेखपाल तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी के समक्ष रविवार को सीमांकन किया गया। सीमांकन में मस्जिद और ईदगाह पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा पाया गया। शिकायतकर्ता द्वारा ये आरोप लगाया गया था की पूर्व प्रधान इस्लाम अंसारी द्वारा अपने कार्यकाल मे पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अपने समुदाय के साथ मिलकर अवैध कब्जे को अंजाम दिया गया था । यह कब्जा धीरे धीरे बढ़ता गया और पीडब्ल्यूडी की पूरी जमीन को निगल लिया गया। इस मामले ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया और चर्चा का विषय बन गया। इस मामले में अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेते हुए मौके का निरीक्षण कर सीमांकन किया गया । इस सम्पूर्ण प्रकरण पर हिंदू संगठन सनातन सेना भी नजर बनाए हुए है। उच्च अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ को भी ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है। अब प्रशासन का बुलडोजर इस अवैध कब्जे पर कब चलता है यह देखना बाकी है।

# ड्यूटी पर तैनात पीआरडी जवान की राड से पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

ड्यूटी पर तैनात पीआरडी जवान की एक बदमाश युवक द्वारा लोहे के राड़ से सर पर पीट. पीटकर हत्या कर दी गई। पीआरडी जवान भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष भी थे। पुलिस द्वारा घटना के बाद घायलावस्था में उन्हें सीएचसी तुर्कहां इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैए घटना के बाद इलाके में सनसनी फ़ैल गई। सीओ ने बताया कि हत्यारे को पुलिस हिरासत में लिया गया है। वहीं घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक खड्डा थाना क्षेत्र के करदह तिवारी टोला गांव निवासी रमाकांत तिवारी 58 वर्ष पीआरडी के जवान थे। वह लोगों में किसानों की समस्याओं को लेकर मुखर थे और भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष भी थे। शनिवार को देर रात वह अपने एक अन्य सहयोगी जवान आनंद तिवारी के साथ छितौनी कस्बा में ड्यूटी पर तैनात रहे।

संदिग्ध की निगरानी के दौरान एक नशेड़ी बदमाश युवक से टीका टिप्पणी जवानों ने की और एक जवान पुलिस चौकी पर सूचना देने के लिए गया इसी दौरान बदमाश युवक ने लोहे के राड़ से पीट-पीट कर उन्हें मरणासन्न कर दिया। थानाध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने बताया कि मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी तुर्कहां भर्ती कराया जहां से चिकित्सक ने उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी युवक विपिन वर्मा पुत्र राम विलास वर्मा निवासी छितौनी कस्बा थाना हनुमानगंज को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है।सीओ सदर अजय कुमार अंजेय ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात पीआरडी जवान के हत्यारोपी को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। शव को पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# गोरखपुर में पुलिस वाला बनकर की साइबर ठगी

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में चौरीचौरा के फुलवरिया टोला के रहने वाले बृजेश कुमार के साथ ठगी हुई है। जालसाज ने उनके नंबर पर फोन करके खुद को पुलिसकर्मी बताया। कहा कि उनका बेटा एक लड़की के साथ गलत हरकत करते हुए पकड़ा गया है। कॉलर ने धमकी दी कि अगर तुरंत पैसे नहीं भेजे गए तो उनके बेटे को जेल भेज दिया जाएगा। कॉलर की डीपी पर पुलिस का लोगो थाए और कॉल के दौरान किसी के रोने की आवाज भी आ रही थीए जिससेमामला और गंभीर लगने लगा। बेटे को लेकर घबराए बृजेश ने बिना समय गंवाए कॉलर को चार हजार रुपये गूगल पे के जरिए भेज दिए। थोड़ी देर बाद जब बृजेश का बेटा सुरक्षित घर लौटाए तो असली सच्चाई का खुलासा हुआ। बेटे ने बताया कि उसे किसी पुलिस ने नहीं पकड़ा थाए और वह पूरी तरह सुरक्षित है। तब बृजेश को एहसास हुआ कि वे एक ठगी का शिकार हो चुके हैं। खुद को ठगा हुआ महसूस करते हुए बृजेश तुरंत चौरीचौरा थाने पहुंचे और घटना की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि कॉलर की डीपी पर पुलिस का लोगो थाए जिससे वे पूरी तरह भ्रमित हो गए थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और लोगों को ऐसी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# लोहे के रॉड से पीटकर पीआरडी जवान की हत्या कर दी

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

छितौनी कस्बा चौराहे पर पीआरडी जवान रमाकांत तिवारी(58) शनिवार की रात ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक विपिन वर्मा टहल रहा था। उसे देख पीआरडी के जवान ने टोका तो उस समय आरोपी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके थोड़ी देर बाद वह लोहे की रॉड से पीआरडी जवान रमाकांत तिवारी के सिर पर वार कर दिया। कुशीनगर जिले के हनुमानगंज थाना क्षेत्र के छितौनी कस्बा में ड्यूटी पर तैनात एक पीआरडी जवान को मानसिक विक्षिप्त ने लोहे की रॉड से पीटकर उनकी जान ले ली। रात के वक्त मानसिक विक्षिप्त टहल रहा था, जिसेपीआरडी के जवान ने रात होने पर टहलने से टोका था। इसके थोड़ी ही देर बाद उसने पीआरडी जवान पर हमला कर दिया।

बताया जाता है कि लोहे की राड से जवान के सिर और चेहरे पर गंभीर रुप से हमला कर उन्हें घायल दिया। इस दौरान उनकी मौत भी हो गई। सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि छितौनी कस्बा चौराहे पर पीआरडी जवान रमाकांत तिवारी (58) पुत्र स्व. लालजी तिवारी निवासी करदह तिवारी टोला थाना खड्डा शनिवार की रात ड्यूटी पर तैनात थे।

इसी दौरान एक मानसिक रूप से विक्षिप्त विपिन वर्मा पुत्र राम विलास वर्मा निवासी छितौनी कस्बा थाना हनुमानगंज टहल रहा था। उसे देख पीआरडी के जवान ने टोका तो उस समय आरोपी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके थोड़ी देर बाद वह लोहे की रॉड से पीआरडी जवान रमाकांत तिवारी के सिर पर वार कर दिया।

# नि :शुल्क जांच शिविर में हुआ 550 मरीजों का नेत्र परीक्षण

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर




गुरवलिया बाजार के पूर्वी चौराहे पर रविवार को राज आई हास्पिटल के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया इसमें 550 मरीजों का नेत्र जाँच किया गया और 50 मरीजों को मोतियाबिंद के आपरेशन की सलाह दी गई। इसके पूर्व कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार द्वारा सम्मानित ग्राम पंचायत ठाढ़ीभार के प्रधान जयप्रकाश यादव ने शिविर का शुभारंभ किया और कहा कि गरीबों की सेवा एक पुनीत कार्य है।

इन्हें निशुल्क सेवा प्रदान किया जाना सराहनीय कदम है इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाना चाहिए। आयोजक एवं राज आई सेवा संस्थान का यह प्रयास निश्चित रूप से समाज के लिए अनुकरणीय है। आयोजक आनंद मेडिकल स्टोर के संचालक आनंद यादव ने कहा कि शिविर में गाँव के लोग जिस उत्साह से शामिल हुए हैं इससे काफी प्रसन्नता हुई है।

इस प्रकार का आयोजन आगे भी होता रहेगा और गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों की मदद की जाएगी। आयोजक द्वारा अतिथियों एवं क्षेत्रीय पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। राज आई हास्पिटल की टीम में डा अंकित यादव, डाक्टर विशाल मौर्या, अंकित दुबे, राज रतन राव, शमशाद अंसारी ने मरीजों की नेत्र परीक्षण किया और आवश्यकतानुसार उन्हें निशुल्क दवा एवं चश्मा उपलब्ध कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप यादव ने की। इस दौरान प्रेम शंकर सिंह, शंभु यादव, भोला शर्मा, सिकंदर कुशवाहा, संदीप गुप्ता, पूर्व प्रधान धुरी प्रसाद, राम विश्वास प्रसाद, शर्मा यादव, स्वामीनाथ यादव, गोपाल यादव, जितेंद्र प्रजापति, नथुनी यादव, बासुकीनाथ यादव, धर्मराज यादव, कंहैया शर्मा, दीपक यादव, बुधु कुवर यादव, नगीना यादव, गोविंद यादव, महेंद्र प्रसाद, प्रिंस यादव, प्रधान अमावश यादव आदि मौजूद रहे।

# वसुधैव कुटुंबकम फाउंडेशन ने शुरू किया नि :शुल्क कोचिंग सेंटर



जन एक्सप्रेस । चौरीचौरा

ग्रामसभा छबैला विकास खंड सरदार नगरए जनपद गोरखपुर में वसुधैव कुटुंबकम फाउंडेशन ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया। इस कोचिंग सेंटर के माध्यम से बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान की जाएगीए जिससे वे अपने शैक्षिक और व्यक्तिगत जीवन में सफल हो सकें। ग्राम प्रधान गुलाब यादव ने इस अवसर पर बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। फाउंडेशन के संस्थापक बृजलाल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना हैए चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य है कि ग्रामीण बच्चों को शैक्षिक सहायता के साथ-साथ आत्मविश्वास भी मिलेए ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।'

यह कोचिंग सेंटर बच्चों को स्कूल के बाद का समय उपयोगी ढंग से बिताने का अवसर देगा। फाउंडेशन का मानना है कि खेलकूद के समय में संतुलन रखते हुए ये बच्चे अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं।

# नगर में अवैध रूप से संचालित स्पा सेंटर पर छापेमारी, हुआ सील



जन एक्सप्रेस । महराजगंज

जनपद के श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के नगर पंचायत परतावल में संचालित स्पा सेंटर पर रविवार को तहसीलदार सदर पंकज शाही ने पुलिस टीम के साथ छापामारी की। इस दौरान संचालक द्वारा न तो आवश्यक प्रपत्र दिखाया गया और ना ही किसी प्रकार का पंजीकरण पाया गया। कार्रवाई करते हुए टीम ने स्पा सेंटर को सील कर दिया।

रविवार को तहसीलदार सदर पंकज शाही के नेतृत्व में नायब तहसीलदार बिबेक कुमार श्रीवास्तवए थानाध्यक्ष अभिषेक सिंहए चौकी प्रभारी मनीष पटेल दल बल के साथ छातिराम कप्तानगंज मार्ग पर स्थित स्पा सेंटर पर पहुंचे। वहां मौजूद सेंटर के कर्मचारी रोहन पटेल से पूछताछ की। टीम ने उससे पंजीकरण समेत अन्य जरूरी दस्तावेज दिखाने के लिए कहा। कर्मचारी द्वारा कोई प्रपत्र नहीं दिखाया गया।

तहसीलदार पंकज शाही ने बताया कि पूर्व में प्राप्त शिकायत व प्रार्थना पत्र की जांच के क्रम में परतावल से कप्तानगंज मार्ग पर छातीराम में स्थित तेजस्वी प्रताप उर्फ आशु सिंह के मकान में संचालित लाइफ स्पा एण्ड सैलून सेन्टर की जांच पुलिस टीम के साथ किया गया।

मौके पर उपस्थित कर्मचारी रोहन पटेल निवासी थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर से सम्बंधित पंजीकरण व अन्य प्रपत्र मांगा गया। उसने कोई भी वैध प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किया। भौतिक निरीक्षण में प्रथम दृष्ट्या संदिग्ध पाया गया तथा आस पास के लोगों ने नाम न बताने की शर्त स्पा सेन्टर में आपत्तिजनक गतिविधियां होने की पुष्टि की। स्पा सेन्टर का आगन्तुक रजिस्टर व सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को कब्जे में लेते हुए स्पा सेन्टर को सील कर दिया गया।

# बरगदवा गांव में तस्करी का 22 बोरी चावल बरामद

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

रविवार की दोपहर बरगदवा गांव के हरदी टोला में नेपाल भेजने के लिए एक घर मे अवैध गोदाम में रखा गया 22 बोरी चावल को पुलिस ने जब्त कर लिया। बरामद चावल को पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम को सुपुर्द कर दिया।नायब तहसीलदार नौतनवा सौरभ श्रीवास्तव उपनिरीक्षक रवींद्र मिश्रा ने अवैध गोदाम में तस्करी का चावल होने की सूचना पर छापेमारी किया। दो घंटे तक हुई छापेमारी से तस्करों में हड़कंप मच गया। मौके से तस्कर निसार निवासी पिपरा को तस्करी के चावल के साथ पकड़ लिया। थानाध्यक्ष बरगदवा अमित कुमार सिंह ने बताया कि तस्करी की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान चलाकर तस्करों पर नकेल कसा जा रहा है।

# लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत तीन पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

जनपद के घुघली थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सभा पकड़ी सिसवा के लेखपाल राहुल प्रकाश गौतम ने तहरीर देकर बताया ।हल्का लेखपाल ने दिये तहरीर में बताया कि तीन सितंबर को क्षेत्र भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि गाटा संख्या 603 पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। मौके पर पहुंच कर देखा ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि बारात घर का निर्माण कराया जा रहा है।

लेकिन मेरे द्वारा कहा गया कि नियमानुसार भूमि प्रबंधन समिति व ग्राम से प्रस्ताव करा कर निर्माण कराया जाय। लेकिन मेरे द्वारा कहा गया कि नियमानुसार भूमि प्रबंधन समिति व ग्राम से प्रस्ताव करा कर निर्माण कराया जाय। मना करने के बाद भी ग्राम प्रधान पारस पुत्र कोदई द्वारा निर्माण कराया गया। पुनः मेरे द्वारा 21 सितम्बर को मौके की जांच की गई तो मौका पर शीला पत्नी भग्गन तथा गोबरी पुत्र हरहंगी द्वारा बताया गया कि इस जमीन पर मेरे द्वारा निर्माण कराया गया। ग्राम प्रधान व करुणेश पाण्डेय को इस जमीन के एवज में 70 हजार दिया है।और वह लोग सहयोग कर निर्माण कार्य कराये है। ग्राम प्रधान व करुणेश द्वारा जमीन विक्रय करने का बयान व वीडियो भी है।जो हल्का लेखपाल द्वारा तहरीर के साथ संलग्न किया है।

थानाध्यक्ष रामचरन सरोज के अनुसार लेखपाल के तहरीर पर तीन के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दी है।

# आज सैकड़ों ट्रैक्टर संग कलेक्ट्रेट में गरजेंगे किसान

जन एक्सप्रेस । देवरिया

देवरिया बाईपास निर्माण को लेकर भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति की संयुक्त तत्वाधान में पड़री चौराहे एवं बैतालपुर बरारी मोड़ पर चल रहा धरना रविवार को बीसवें दिन भी जारी रहा। धरना की अध्यक्षता पूर्व ग्राम प्रधान अजय सिंह ने किया। धरना स्थल पर प्रभावित 37 गांवों के किसानों की एक बैठक हुई जिसमें एडीएम प्रशासन/सक्षम प्राधिकारी बाईपास एन एच 727ए गौरव श्रीवास्तव पर किसानों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया एवं जिला प्रशासन द्वारा मुआवजा से संबंधित प्रपत्र जमा कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। किसानों को सम्बोधित करते हुए भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा सरकार मुआवजा देने के नाम पर किसानों का गला रेत रही है। भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कल 11 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर होने वाला ट्रैक्टर रैली ऐतिहासिक होगा। सभी किसान पड़री चौराहे से ट्रैक्टर पर सवार होकर सोनूघाट होते हुए जिला मुख्यालय के लिए कूच करेंगे। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश के किसी भी जिले में 67 प्रतिशत की कोई कटौती नहीं हो रही हैं। मात्र देवरिया जिले में एन एच 727ए से बनने वाले सभी फोर लेन सड़क/बाईपास में कटौती कर किसानों को रौदा जा रहा हैं।




### भाजपा को शून्य पर समेटने की कसम लेंगे किसान

धरने में मौजूद किसानों ने एक स्वर में भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि सोमवार की ट्रैक्टर रैली के पश्चात कलेक्ट्रेट परिसर में ही 37 गांवों के प्रभावित किसान जो आज जनपद की सभी विधानसभा सीटों पर काबिज है उसे शून्य पर समेटने की कसम लेंगे।धरने में मुख्य रूप से भाकियू जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव रायएभाकियू के वरिष्ठ नेता एस एस अंसारी भूमि बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ नेता सुग्रीव मिश्रा, अजय सिंह, मदन चौहान, राजनाथ यादव, लाल प्रताप सिंह, संजय सिंह, लल्लन कुशवाहा, राजन कुमार, सचिन यादव, नूर आलम खान, हरिलाल यादव, ध्रुव नारायण चौहान, सुधीर चौहान, राघवेन्द्र चौहान, शिवाजी चौहान सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# युवा उत्सव-2024 कार्यक्रम में ग्यारह प्रकार की प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज





युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के युवा विभाग तथा उत्तर प्रदेश सरकार के युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यूनाइटेड प्रबन्धन संस्थान नैनी के सभागार में प्रधानमन्त्री के सपनों के भारत के निर्माण हेतु पंच प्रण आधारित युवा शक्ति से जनभागीदारी पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गयी।पंच प्रण आधारित युवा उत्सव-2024 का आयोजन किया गया।जिसमे कुल ग्यारह प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें पेंटिंग कविता भाषण प्रतियोगिता मोबाइल फोटोग्राफी एकल लोकगीत एकल लोकनृत्य समूह लोकगीत समूह लोकनृत्य समूह विज्ञान प्रदर्शनी एकल विज्ञान प्रदर्शनी युवाकृति हैडीक्राफ्ट मेला तथा अन्य विभागों गंगा टास्क फोर्स संस्कृति विभाग केन्द्रीय संचार ब्यूरो जिला उद्योग केन्द्र स्वास्थ्य विभाग की प्रदर्शनियों के स्टाल भी लगाए गए।यह प्रतियोगिताएं कैम्पस के ही विभिन्न सभागारों में आयोजित की गईं तथा मुख्य कार्यक्रम सांस्कृतिक प्रतियोगिता के साथ यूनाइटेड के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ।भाषण प्रतियोगिता व कविता लेखन प्रतियोगिता का मंच संचालन नेहरू युवा केंद्र के निर्मल कांत पाण्डेय ने तथा सम्पूर्ण कार्यक्रम आयोजन में मुख्य संचालन यूथ एम्बेसडर रहे युवा अमरेश दूबे ने किया। इन 11 विधाओं में से युवा कल्याण विभाग की तरफ से हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी प्रतियोगिता एकल नृत्य एकल लोकगीत समूह लोकगीत तथा निर्णायक मंडली में प्रमुख योगदान रहा। समूह लोकनृत्य मोबाइल फोटोग्राफी पेंटिंग भाषण समूह विज्ञान प्रदर्शनी एकल विज्ञान प्रदर्शनी में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज तथा यूनाइटेड कॉलेज का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ यूनाइटेड प्रबन्धन संस्थान के प्राचार्य डॉ0 देवेन्द्र कुमार तिवारी अरविंद स्वरूप कुशवाहा उपनिदेशक युवा कल्याण विभाग तथा प्रयागराज की सहायक नगर आयुक्त शिखा पाण्डेय ने दीप प्रज्वलन करके किया।इस मौके पर निर्णायक मंडल के सभी सदस्य तथा अन्य विभागीय अतिथि उपस्थित रहे।जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय ने कार्यक्रम में आए अतिथियो का स्वागत किया व युवा उत्सव के विभिन्न विधाओं के पुरस्कार तथा उनके नियमों के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से बताया।उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में विशेष योगदान यूनाइटेड प्रबन्धन संस्थान के प्राचार्य देवेंद्र तिवारी तथा सहायक प्रोफेसर नेहा पाण्डेय तथा पंजीकरण टीम रहा है ऐसे कार्यक्रमों में युवाओं को आगे आकर प्रतिभाग करने से बड़े मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और उत्सव जैसा माहौल अन्य उभरते कलाकारों को उत्साहित भी करता है।युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग से जिले का प्रतिनिधित्व जिला युवा कल्याण अधिकारी गुलशन शर्मा तथा उनकी ब्लॉक ऑफिसर्स की टीम ने तथा मंडल स्तरीय अधिकारी उपनिदेशक अरविंद स्वरूप कुशवाहा ने किया।अरविंद कुशवाहा ने युवा प्रतिभागियों को आशीर्वचन प्रदान किए।निर्णायक मण्डली में सदस्य के रूप में कमलेश नारायण दुबे सेवानिवृत उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन डा0अशोक पांडेय प्रोफेसर ई सी सी डॉ0देवेन्द्र तिवारी प्राचार्य यूनाइटेड प्रबन्धन संस्थान डॉ0सच्चिदानंद त्रिपाठी डॉ0अरविंद मिश्रा डॉ0विशाल जैन आशुतोष श्रीवास्तव गजल गायक उर्मिला कथक केन्द्र सचिन सैनी तथा यूनाइटेड के प्रोफेसर दीपांशु अंजनेय नीरज शगुफ्ता अली वैष्णवी आशीष शिखा महेन्द्र ने प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल सदस्यों के रूप में भूमिका अदा की एवं अंक प्रदान कर निर्णय देते हुए प्रथम द्वितीय तृतीय विजेताओं की घोषणा की।विजेताओं को युवा कल्याण द्वारा आयोजित कराई जाने वाले मंडल स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग का मौका मिलेगा।प्रयागराज के मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे तथा यूनाइटेड ग्रुप के वाइस चेयरमैन डॉ0सतपाल गुलाटी ने युवाओं को सम्बोधित किया।

# महाकुम्भ से पहले एन डी आर एफ टीम ने नाविक संगठन को दिया ट्रेनिंग









जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

11एन डी आर एफ वाराणसी की टीमे मनोज कुमार शर्मा उप-महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में आपदा प्रबन्धन व प्रशिक्षण हेतु वृहद पैमाने पर सामुदायिक जागरूकता स्कूल सुरक्षा एवं क्षमता निर्माण के कार्यक्रम के अभियान चला रही है। इसी क्रम में रविवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम 11त्र टीम कमांडर निरीक्षक अनिल कुमार एवं राम सिंह व टीम के द्वारा अरैल घाट संगम प्रयागराज मे लगभग 200 से नाविक व स्थानीय नागरिक को समुदाय जगरूकता व जल आपदा बचाव की प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आगामी महाकुम्भ को देखते हुए पानी मे डूबने से कैसे बचे तथा आने वाले श्रद्धालुओ को कैसे ध्यान रखे सी पी आर देने का तकनिक इंप्रोवाइज राफ्ट बनाने तकनीक व उपयोग तथा अस्पताल ले जाने पूर्व चिकित्सा आदि की जानकारी दी गयी साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्ति को इंप्रोवाइज मेथड से एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने स्ट्रेचर बनाना फर्स्ट एड देना सर्पदंश के समय उपचार देने के तरीके शामिल थे। आपदा प्रबंधन जागरूकता अभियान के तहत आपदाओं से बचने व उसके नुकसान को कम करने के तरीके बताएं गए तथा करीब 150 स्थानीय नाविक को जल आपदा बचाव की प्रशिक्षण दिया गया तथा सभी लोगो को प्रमान पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आपदा प्राधिकरण से कड़ेदीन यादव तथा विभिन्न घाटो पे नाव चलाने वाले सहित आम नागरिक उपस्थित थे।

# मंगलवार से प्रारम्भ होंगे मांगलिक कार्य, बजेंगी शहनाई: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली दूसरी एकादशी को देवोत्थान एकादशी अथवा देवठान कहा जाता है।चार महीने की योगनिद्रा के बाद इसी दिन से जगत के पालनहार भगवान विष्णु सृष्टि का कार्यभार सँभालते हैं और सभी मांगलिक एवं शुभ कार्यों का शुभारम्भ भी हो जाता है। ज्योतिर्विद स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार इस बार देवोत्थान एकादशी आज सोमवार सांय 06:46 मिनट से प्रारंभ होकर मंगलवार सांय 04:04 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के हिसाब से मंगलवार यानि 12 नवम्बर को देवठान मनाया जाएगा।

स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि शास्त्रों में एकादशी तिथि का बड़ा महत्व होता है। कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष एकादशी को देवउठनी एकादशी अथवा देव प्रबोधिनी या देवोत्थान एकादशी के नाम से भी जाना जाता है।देव शयनी एकादशी से देवोत्थान एकादशी के चार महीनों में सभी शुभ एवं मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं,क्योंकि मांगलिक कार्यों के अधिष्ठात्र देव भगवान विष्णु निंद्रा में रहते हैं। देव जागरण या उत्थान होने के कारण इस दिन से शुभ कार्य भी प्रारंभ हो जाते हैं।

देवोत्थान एकादशी पूजा के विषय में स्वामी जी ने कहा कि इस दिन प्रातः दैनिक कार्यों से निवृत होकर गाय के गोबर के साथ पूजन वाले स्थान की लिपाई करके गंगाजल द्वारा पवित्र करके भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित करें और विधि विधान से पूजन अर्चन कर गेरू एवं चावल के पानी से आकृतियाँ बनाएं,गन्ने का मंडप बनाकर तुलसी और शालिग्राम जी के विवाह की परंपरा भी भी इस दिन निभाई जाती है साथ ही गन्ने के जूस एवं सिंघाड़ा के भोग लगाकर घंटी और स्तुतियों के माध्यम से अपने आराध्य को जगाएं।

मान्यता है कि जिस मांगलिक कार्य का शुभ मुहूर्त ज्ञात नहीं हो वह देवठान के दिन अबूझ मुहूर्त यानि इस दिन किसी भी मुहूर्त की जरुरत नहीं होती वह इस दिन शुभ कार्य कर सकते हैं साथ ही इस साल 17,18,23,25,27,28 नवम्बर तथा दिसंबर में दिनांक 2, 3, 4, 6, 7, 10, 11,14 को विवाह का शुभ लग्न मिलेगा।

## गौ अष्टमी पर गायों का हुआ पूजन

जन एक्सप्रेस । आगरा

नगर पालिका परिषद अछनेरा के अंतर्गत रायभा रोड़ स्थित कान्हा गौशाला में शनिवार को गौ अष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि महेंद्र सिंह भगत ने गौ माता के लिए सवा कुंटल दलिया एवं गौ माता का पूजन का कार्यक्रम रखा एवं कार्यक्रम में आये हुये आगुन्तकों के लिए प्रसादी की भी व्यवस्था की गई। गौ माता पूजन में प्रमोद चाहर, डॉ0रामेश्वर चौधरी एवं उपजिलाधिकारी किरावली राजेश कुमार द्वारा गौ माता का तिलक कर माला पहनाकर गुड़ खिलाकर के गौ माता का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर ओमवती देवी अध्यक्ष, ईओ अछनेरा अरुण कुमार, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ0नेम सिंह चौधरी, एसडीओ बिजली विभाग, डॉ0 गजेंद्र पशु चिकित्सा अधिकारी, सभासद शिवा माहौर, गीतम प्रधानपति, सुखबीर सिंह प्रधान, सभासद पवन छौंकर सभासद योगेश व्यास, मनोज पाठक, कुन्दन सिंह लोधी समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# महाकुम्भ के लिए कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

मेला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।सर्वप्रथम सभी अधिकारियों ने शास्त्री ब्रिज पर जाकर गंगा नदी में पानी के बहाव तथा पांटून पुल के कार्यों को ऊपर से देखा एवं मेला अधिकारी से मेला क्षेत्र में प्रस्तावित बसावट के लेआउट के बारे में आवश्यक जानकारी ली। तत्पश्चात झूंसी अंधावा मोड़ हेता पट्टी सहसो छतनाग तथा रिंग रोड के दृष्टिगत विभिन्न स्थानों पर कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया एवं दृष्टिगत विभिन्न स्थानों पर कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया एवं ट्रैफिक प्लान के दृष्टिकोण ने रास्तों को समझा।निरीक्षण में पुलिस आयुक्त तरुण गाबा मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत मेला अधिकारी विजय किरण आनंद जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भ मेला राजेश द्विवेदी समेत अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।





## थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक ने सुनी समस्याएं, 6 शिकायत आई 5 का मौके पर निस्तारण

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ।इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई।पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया।प्रभारी निरीक्षक सुरेश चन्द्र द्वारा थाना निबोहरा में आयोजित थाना समाधान दिवस में समस्यायों को सुना,जहां प्रभारी निरीक्षक ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।समाधान दिवस में 6 शिकायत दर्ज हुई जिसमें 5 का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

## थाना दिवस में एसडीएम ने सुनी फरियाद

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** शनिवार को थाना अछनेरा परिसर में एसडीएम किरावली राजेश कुमार व थाना प्रभारी अछनेरा विनोद कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना दिवस लगाया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव से कुल 10 शिकायतें आयी। जिसमें 06 शिकायते राजस्व से संबंधित थी व 04 शिकायतें अपराध से संबंधित थी। राजस्व से संबंधित शिकायतों का मौके पर मौजूद कानूनगों व लेखपालों से अतिशीघ्र निस्तारण करने का आदेश दिया। वही थाना प्रभारी ने भी अपराध संबंधित शिकायतों का संज्ञान लेकर संबंधित हल्का इंचार्ज को निस्तारण हेतु आदेशित किया है।

## बौद्ध महोत्सव में प्रदीप माही को श्रद्धांजलि अर्पीत कर मूर्ति का किया गया अनावरण



जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

तहसील करछना के क्षेत्र के माही ग्राम सभा में रविवार दोपहर 1ः00 बजे के करीब विशाल बौद्ध महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां महोत्सव कार्यक्रम के तत्पश्चा भगवान बुद्ध के प्रचारक एवं समाजसेवी स्वर्गीय प्रदीप माही को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मूर्ति का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि एडवोकेट जेएस कश्यप एमएलसी मानसिंह यादव मुन्ना प्रधान मनोज पासी सुशील कुमार जिला पंचायत सदस्य राजकुमारी पटेल अजय मोहन कुशवाहा शाहिद सैकड़ो लोग बौद्ध महोत्सव में उपस्थित रहे।

## हर मुश्किल में साथी, हर संकट में सहारा 112, 247 सजग प्रहरी है हमारा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कार चलाते समय अचानक बीमार पड़ने पर, कमिश्नरेट आगरा की यूपी-112 पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगरा के कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ के निर्देश पर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से एक व्यक्ति की जान बची है। इस दौरान उसके परिजनों ने वीडियों संदेश के माध्यम आगरा पुलिस की जमकर तारीफ की है।

कारगिल चौराहा पर कमिश्नरेट आगरा की वढ-112 पीआरवी संख्या 0006 आ रही थी कि तभी पुलिस टीम को ऋषिपुरम के पास एक कार में एक महिला के रोने की आवाज सुनायी दी, पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर देखा तो कार में महिला रो रही थी जिसका पति बीमार हालत में था जिसके मुँह से झाग आ रहा था। बता दें कि पुलिस टीम द्वारा बिना देरी किये व्यक्ति को अपनी पीआरवी वाहन में लिटाकर नेशनल हॉस्पिटल में भर्ती कराया, चिकित्सक द्वारा बताया गया कि हार्ट अटैक आया था समय से अस्पताल में भर्ती कराया गया जिससे व्यक्ति की जान बचायी जा सकी।

## जमीनी विवाद को लेकर चली लाठियां

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना क्षेत्र के गांव नगला केहरी,अयेला में आपस में चल रहे जमीनी विवाद को लेकर खेत पर गए दो भाइयों पर पड़ोसियों द्वारा लाठियों से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को मेडीकल परीक्षण के लिए भेजा है।
गांव नगला केहरी में घूरे सिंह व सीताराम पक्ष के मध्य काफी समय से विवाद चला आ रहा है।

## परोपकार ही सबसे बड़ा मानव धर्म: गोपालानन्द महाराज



जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन बृन्दावन से पधारे गोपालानन्द महाराज ने रास पंचाध्यायी मथुरा गमन एवम रुक्मिणी विवाह की भावमय कथा सुनाई।कहा कि भागवत मानव को सदमार्ग पर चलने की कला सिखाती है।कन्हैया ने जब हजारो सखियो संग महारास की लीला रचाई जिसे देखने चन्द्रमा अपने स्थान और ठहर गया।गोकुल से भगवान श्री कृष्ण जब मथुरा जाने लगे तब विरह में सभी गोपियाँ बेहाल हो गयी।रुक्मिणी विवाह की कथा के मंगल गीत पर सभी श्रोता झूमकर नाचने लगे और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारो से गुंजायमान रहा पण्डाल।मुख्य यजमान दशरथ लाल केसरवानी व चन्दा देवी ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शांतिस्वरूप मिश्र काशी प्रसाद त्रिपाठी सुरेश केसरवानी सुखलाल सुमन्त भार्गव शिवकेश शर्मा राकेश मिश्रा राजकुमार आशीष केसरी मोहित केसरवानी नीरज केसरवानी मनीष केसरवानी अशोक यादव राजू केसरवानी अविनय सहित श्रोता उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने बूथों पर लगे कैंपों का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । आगरा

शनिवार को विधानसभा फतेहपुर सीकरी में निर्वाचन आयोग के आदेश पर बूथों पर कैम्प लगाया गया था। एसडीएम राजेश कुमार और तहसीलदार देवेन्द्र प्रताप सिंह ने किरावली में लगे बूथों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अलग अलग बूथों पर 10 बीएलओ गैर हाजिर मिले। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि गैर हाजिर मिले सभी 10 बीएलओ के वेतन रोक दिया गया है। एवं विशेष अभियान में सभी बीएलओ को मौजूद रहने की हिदायत दी गई है। बीएलओ अंजलि अग्रवाल, मोनिका नागर, नितिन सोलंकी, प्रीति दिवाकर, रंजना सीमा चाहर, रीना यादव, चन्द्र प्रकाश सोलंकी, नकुल कुमार और जितेंद कुमार गैर हाजिर मिले।

# प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का आयोजन





जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी के कुशल निर्देशन में आज दिनांक नौ नवम्बर 2024 को किया गया। एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को ज्ञानवर्धक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर इत्यादि से परिचित कराया गया, जिसमें आनन्द भवन तारामंडल इलाहाबाद संग्रहालय चंद्रशेखर आजाद पार्क विक्टोरिया पार्क खेलकूद पार्क इत्यादि का भ्रमण कराया गया। एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में पांच दिव्यांग बच्चों जिनका जन्मदिन आज दिनांक नौ नवंबर 2024 को था जिसमें विकास खण्ड हंडिया के हर्षित धनूपुर के विशाल कौड़ीहर द्वितीय के नित्या सिंह चाका के तारीफ बानो नगर क्षेत्र के कात्यायन कुशवाहा का जन्मोत्सव कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में इलाहाबाद संग्रहालय में मनाया गया। इस कार्यक्रम में राजेन्द्र प्रसाद निदेशक इलाहाबाद संग्रहालय जिला दिव्यांग अधिकारी अशोक गौतम डॉ सुशील शुक्ला कोऑर्डिनेटर इलाहाबाद संग्रहालय राजीव तिवारी जिला समन्वय मध्यान भोजन विकास पाण्डेय जिला समन्वय समेकित शिक्षा खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र प्रतिभा सिंह स्काउट गाइड टीम फिजियोथैरेपिस्ट एवं स्पेशल एजुकेटर उपस्थित रहे।

# जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आयोजित की गई वाद-विवाद प्रतियोगिता में शिवानी द्विवेदी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज





स्वर्गीय कमला बहुगुणा के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओ के लिए आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के फाइनल राउंड का आयोजन इंडियन प्रेस चौराहा स्थित श्रीराम वाटिका में किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ हेमवती नंदन बहुगुणा समिति के महासचिव शेखर बहुगुणा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रतियोगिता में प्री राउंड में चयनित 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।सभी प्रतिभागियों को सुनकर निर्णायक मण्डल में मौजूद प्रोफेसर मृदुला तिवारी डॉक्टर संत प्रकाश तिवारी डॉक्टर अभय प्रताप पाण्डेय ने अपना निर्णय दिया।जिसमें शिवानी द्विवेदी ने प्रथम स्थान श्रेयांश शुक्ला ने द्वितीय स्थान तथा रणधीर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि विधायक हर्षवर्धन बाजपेई व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज तिवारी ने प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर छात्र छात्राओ को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने अपने माता पिता के नाम और काम को लगातार आगे बढ़ाने का कार्य किए है वाजपेई ने प्रतिभागियों को बताया कि वह स्वयं कक्षा छः से बात विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेते आ रहे हैं और कहां की इस प्रकार के आयोजनों और प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्र छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और हुनर निखार के सामने आता है। इसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता ने अपने संस्मरण को याद करते हुए बताया कि वकालत के पेशे में और राजनीतिक क्षेत्र में अपनी बात रखने और सम्बोधित करने में जमीन आसमान का फर्क है हर व्यक्ति के सम्बोधित करने का तरीका अलग-अलग होता है और जो अपनी मन की बात सही तरीके से सही जगह पर और सही समय पर लोगों के सामने व्यक्त कर लेता है वही असली वक्ता होता है।

अतिथियों ने सम्बोधित करते हुए प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया और स्व कमला बहुगुणा को श्रद्धांजलि अर्पित कर निर्णायक मण्डल को अंग वस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इस दौरान आयोजक मंडल ने बताया कि प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी दिनांक 12 नवम्बर 2024 को लखनऊ स्थित बाबू बनारसी दास स्टेडियम में प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में शामिल होंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रशान्त सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक शुक्ल विजय पुर्सवानी मानस शर्मा श्रीकांत पाण्डेय सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला गन्ना अधिकारी ने बीसलपुर सहकारी गन्ना विकास समिति क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

- किसी भी असुविधा के लिए अपनी गन्ना विकास समिति के सचिव या फिर टॉल फ्री नंबर पर संपर्क करें- खुशीराम भार्गव

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**





रविवार को जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने जनपद की तहसील बीसलपुर की सहकारी गन्ना विकास समिति के क्रय केंद्र खनंका का निरिक्षण किया। क्रय केंद्र पर केंद्र प्रभारी अजय कुमार सिंह तौल कार्य कर रहे थें। जिनके पास जिलाधिकारी द्वारा निर्गत विधिक लाइसेंस था क्रय केंद्र प्रभारी इस क्रय केंद्र पर 04 नवंबर से तौल कार्य हेतु तैनात हैं। क्रय केंद्र पर मानक बाँट, कांटा जाँच रजिस्टर, दैनिक गन्ना खरीद रजिस्टर मौजूद था क्रय केंद्र पर किसानो के पेय जल हेतु नल लगा हैं। इस क्रय केंद्र पर अब तक 1847.10 कुं गन्ना खरीद की जा चुकी हैं। यह क्रय केंद्र निगोही चीनी मिल द्वारा संचालित हैं। गन्ना विकास समिति बीसलपुर के निगोही चीनी मिल को कुल 12 गन्ना क्रय केंद्र आवंटित हैं। सभी गन्ना क्रय केंद्र सुचारु रूप से संचालित हैं। क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानो द्वारा बताया गया कि वह लोग गन्ना तौल एवं गन्ना यातायात व्यवस्था से संतुष्ट है। प्रभु यन सिंह गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम मे सभी तौल केन्द्रो पर गन्ना विभाग का टॉल फ्री नंबर, चीनी मिल एवं विभागीय अधिकारियो के सी. यू.जी.नंबर प्रदर्शित किये गए हैं। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा किसानो से अनुरोध किया गया कि वह किसी भी असुविधा के लिए अपनी गन्ना विकास समिति के सचिव या फिर टॉल फ्री नंबर पर संपर्क करें। वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान द्वारा बेब्रिज को सील किया गया हैं। क्रय केंद्र निरिक्षण के दौरान राजेश कुमार सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर, गन्ना किसान गंगा प्रकाश, महेश व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# हाईवे पर बाइक सवार महिला से हार लूट कर फरार हो गया बदमाश





*पीड़ित की और से तहरीर प्राप्त हुई है। सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं। एसओजी की टीम को लगाया गया है। शीघ्र ही आरोपित की गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाएगा।*

**विशाल चौधरी,पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर**

- घुंघचाई थाना से महज पांच सौ मीटर दूर पेट्रोल पंप के निकट हुई घटना
- बदमाश की तलाश में एसओजी ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

बाइक सवार बदमाश ने नामकरण संस्कार में शामिल होने जा रही महिला के गले से सोने का हार लूट लिया।वारदात के बाद बदमाश पूरनपुर की और फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दंपत्ति से पूछताछ की। पुलिस क्षेत्राधिकार ने एसओजी के साथ सीसीटीवी कैमरे खंगाले।कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई। जिम्मेदार अफसर भले ही कानून व्यवस्था चाक चौबंद होने की बात कह रहे हो, लेकिन घुंघचाई क्षेत्र में ताबड़तोड़ वारदातों ने दावों की पोल खोल कर रख दी है। पुलिस की लापरवाही से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के सभी दावे फैल हो गए हैं। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलाई निवासी राजीव रविवार शाम अपनी पत्नी कुसमा और दो बच्चों को लेकर बाइक से बंडा थाना क्षेत्र के गांव गज्जाखेडा नामकरण संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। पूरनपुर बायां मैगलगंज नेशनल हाईवे पर घुंघचाई पेट्रोल पंप के पास पीछे से आए बाइक सवार बदमाश ने महिला के गले पर झपट्टा मारकर सोने का हार लूट लिया। दंपत्ति कुछ समझते इससे पहले बदमाश वारदात को अंजाम देकर पूरनपुर की और फरार हो गया। सरे शाम थाना से महज पांच सौ मीटर दूर हाईवे पर लूट की वारदात से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद दरोगा मनोज सैनी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दंपत्ति से घटना की जानकारी की। बदमाश की तलाश में पुलिस क्षेत्राधिकारी विशाल चौधरी ने एसओजी टीम के साथ हाईवे के किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। देर रात तक बदमाश का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

# डीएम को निरीक्षण में फत्तेपुर और कजरी निरंजनपुर गौशाला में मिली अनियमितताएं

- ग्राम पंचायत अधिकारी का वेतन रोकने और प्रधान को नोटिस देने के निर्देश
- पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत के आदेश

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



डीएम ने ग्राम पंचायत कजरी निरंजनपुर और फतेपुर खुर्द में गौशाला का निरीक्षण किया। अनियमितताएं मिलने पर पंचायत सचिव का वेतन रोकने और ग्राम प्रधानों को नोटिस देने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी के निरीक्षण को लेकर खलबली मची रही।

रविवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने पूरनपुर क्षेत्र की गांव फत्तेपुर और कजरी निरंजनपुर गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशालाओं में संरक्षित निराश्रित गौ वंशों की संख्या जानी। उनकी देखरेख एवं कृत्रिम गर्भाधान के संबंध में जानकारी की। इसके साथ ही उन्होंने गोवंशों के ईयर टैगिंग के बारे में भी जाना। निरीक्षण के दौरान डीएम ने भूसे की उपलब्धता की जांच की। निरीक्षण के दौरान गौशालाओं में कमियां मिलने पर पंचायत सचिव का वेतन रोकने और दोनों ग्राम पंचायत के प्रधानों को नोटिस देने के अधीनस्थों को निर्देश दिए। डीएम ने गौशालाओं की साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही साथ उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि हर घर जल योजना के तहत जो भी सड़कें टूटी हैं उनकी शीघ्र मरम्मत कराई जाए। गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम, खंड विकास अधिकारी शिरीष कुमार और ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने कजरी निरंजनपुर एवं फतेहपुर खुर्द गौशाला का किया निरीक्षण

- जल जीवन मिशन के अंतर्गत टूटी सड़कों की मरम्मत कराने हेतु अधिशासी अभियंता जल निगम को दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विकासखण्ड क्षेत्र पूरनपुर के अन्तर्गत कजरी निरंजनपुर एवं फतेहपुर खुर्द गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गोवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशालाओं में संरक्षित निराश्रित गौ वंशों की संख्या जानी। जिलाधिकारी ने गौवंशों की देखरेख एवं कृत्रिम गर्भाधान के सम्बन्ध में जानकारी ली।

इसके साथ ही उन्होंने गोवंशों के ईयर टेगिंग के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान गौशालाओं में छोटी छोटी कमियां पाए जाने पर पंचायत सचिव का वेतन रोकने एवं दोनों ग्राम पंचायत के प्रधानों को नोटिस देने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशालाओं की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

इसके साथ ही साथ उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि जो भी सड़कें टूटी हुई हैं उनकी शीघ्र से मरम्मत कराई जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी पूरनपुर, तहसीलदार पूरनपुर, अधिशासी अभियंता जल निगम, खंड विकास अधिकारी, लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विवाह समारोह में डांस किया घर लौटकर लगा ली फांसी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



मछली शहर। नगर के बरबसपुर मोहल्ला निवासी एक छात्र ने अपने घर के दूसरे मंजिल पर स्थित बरामदे में लगे गाटर के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

बताया गया कि बरबसपुर मोहल्ला निवासी अर्जुन मौर्य 22 वर्ष पुत्र अजय मौर्या प्रयागराज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। शनिवार को परिवार के एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए प्रयागराज से घर आया था। पवारा थाना क्षेत्र के खडांरी गांव में गई बारात में लोगों ने बताया कि उसने खूब डांस किया और बीच-बीच में अपने दोस्तों से कहता रहा कि अब शायद दोबारा मुलाकात नहीं होगी। वह रात 12.00 बजे विवाह कार्यक्रम से वापस घर लौटा और ऊपर सोने जाने की बात कह कर चला गया। सुबह उसके घर के सामने स्थित पड़ोसी परिवार के कुछ लोगों ने अपनी छत से उसका शव साड़ी से लटकते हुए देखा। तब उन लोगों ने आकर अनुज के परिवार वालों को इसकी जानकारी दी। सभी भाग कर ऊपर पहुंचे तो देखा कि अनुज गाटर के सहारे साड़ी का फंदा बनाकर लटका हुआ था। परिजनों में कोहराम मच गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतरवाया। और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बताया गया कि मृतक अनुज ने बख्शी बख्शी पॉलिटेक्निक कॉलेज मुजार से पॉलिटेक्निक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और इसके बाद अपने बुआ के घर प्रयागराज में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वह दो भाईयों और एक बहन में सबसे बड़ा था।

## एक्सप्रेस खबरें...

### आमने-सामने हुई बाइक टक्कर में घायल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर।** आमने-सामने हुई बाइक टक्कर में घायल युवक की तहरीर पर दूसरे बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव कुमरिखा निवासी अभिषेक गंगवार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके पिता 13 अक्टूबर को अपनी बाइक से बीसलपुर से घर बापस जा रहे थे। रात नौ बजे गांव नींवाडाड़ी के पास सामने से आ रही बाइक संख्या यूपी 26 आर 8341 के चालक ने तेजी व लापरवाही से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों बाइकें थाने में खड़ी हैं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### नाबालिक किशोरी को बहला फुंसलाकर भगा ले गया युवक

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को युवक बहला फुंसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की। पलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक किशोरी को दिन दहाड़े बहला फुंसलाकर अखौली निवासी अंकित पुत्र अरबिन्द बहला फुंसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने दर्ज कराये गये मुकदमे में कहा है कि उसके गांव के कुछ लोगों के यहां उसका आना जाना था। तभी वह उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुंसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

### इलाज के दौरान महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** मछलीशहर। मुंगरा बादशाहपुर चौराहे के पास एक निजी चिकित्सालय में भर्ती महिला की ईलाज के दौरान मौत हो जाने पर परिजनो ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पवारा थाना क्षेत्र के सरायबीका गांव निवासी भुवाल गौतम की पत्नी गीता देवी 40 वर्ष की तबीयत खराब होने पर ईलाज के लिए केवला विश्वकर्मा पालीक्लीनिक में भर्ती कराया गया था। तीन दिन से उसका उपचार इसी अस्पताल में चल रहा था। शनिवार रात्रि लगभग नौ बजे उसकी तबियत और बिगड़ गई और रात 11 बजे गीता देवी की मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ कर दिया। घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। काफी समझाने बुझाने के बाद परिजनों ने हंगामा करना बंद कर वहीं चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही को लेकर बाहर बैठ गए हैं। कोतवाली पुलिस ने मृतक महिला की शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह बताया मृत महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी घटना बाबत कोई तहरीर नहीं मिली है।

### निगरानी में लापरवाही से घर में घुसा बाघ,पालतू मवेशी को बनाया निवाला

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर।** गन्ने के खेत से निकलकर किसान के घर में उसे बाघ ने पालतू मवेशी पर हमला कर निवाला बना लिया। शव को पास के ही गन्ने के खेत में खींच ले गया। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम पर निगरानी में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया टीम ने किसान के घर के चारों तरफ खाबर लगाई है। पीटीआर की माला रेंज के जंगल से निकाला बाघ बीते एक माह से कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव चांदूपुर में आबादी के निकट गन्ने के खेतों में डेरा जमाए हुए हैं। शनिवार देर शाम गन्ने के खेत से निकाला बाघ दलजीत सिंह के घर में घुस गया। बाघ ने उनकी पालतू गाय को निवाला बना लिया। शव पास के ही खेत में खींच ले गया ।परिवार के शोर शराबा करने पर बाघ घर के पास गन्ने के खेत में जाकर छिप गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर पग मार्क ट्रेस किए। किसान के घर के चारों तरफ खाबर लगाई गई। रविवार ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम पर निगरानी में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया ।टीम ने बमुश्किल ग्रामीणों को शांत कराया। निगरानी करने वाली टीम में फॉरेस्ट गार्ड हर्षित मिश्रा,सुरजीत कुमार,नीपेंद्र कुमार, टाइगर ट्रेकर कंधई आदि मौजूद रहे।

# तहसीलदार प्रशासन ने किराएदार से खाली कराई दुकान




**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

तहसील प्रशासन द्वारा शनिवार देर शाम अतरडीहा बाजार में पुलिस प्रशासन व राजस्व विभाग की मौजूदगी में किराएदार से दुकान खाली कराया गया।

पूरा भाईराम निवासी दशरथ ने अतरडीहा बाजार में भूमि खरीदकर दुकान का निर्माण कराया था। जिसमें महमूदपुर निवासी राकेश कुमार ने भी एक दुकान किराए पर ले रखी थी किंतु मालिक के कहने के बावजूद उसे खाली नहीं कर रहे थे। दशरथ की पत्नी संगीता ने तहसीलदार प्रशासन को दुकान खाली कराने का प्रार्थना पत्र दिया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया ने नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय को दुकान खाली कराने का निर्देश दिया था।

# भाजपा विधायक के तहेरे भाई की हत्या के चार आरोपित गिरफ्तार







- पांच आरोपितों के विरुद्ध हत्या, बलवा, सहित गंभीर धाराओं में प्राथमिकी
- देर रात एसपी ने थाना पर जुटाई जानकारी, एएसपी ने घटनास्थल पर पंहुचकर की जांच

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

किशोरी को जबरन खींचने के विरोध में पथराव के बाद लाठी डंडों से पीट-पीटकर वृद्ध की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में प्राथमिकी लिखी है। देर रात पुलिस ने वृद्ध की हत्या में शामिल चार आरोपितों को पकड़ लिया। एएसपी ने गांव पंहुचकर स्वजनों से घटना के संबंध में जानकारी की। एसपी ने विधायक की मौजूदगी में मृतक के पौत्र से घटना की जानकारी ली। देर रात आला अफसर गांव दौड़ते रहे। पूरनपुर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के पैतृक गांव उदरहा निवासी तहेरे भाई फूलचंद की हत्या के बाद शनिवार देर रात तक गहमागहमी का माहौल रहा।मृतक के पौत्र ने पुलिस को बताया उदरहा निवासी रामकिशन का जमुनिया निवासी भांजा सचिन कुछ दिन पूर्व उसकी नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। मामले में प्राथमिकी लिखाई गई थी।न्यायालय में बयान के बाद किशोरी को उसके स्वजनों के सुपुर्द कर दिया गया था। घटना को लेकर आरोपित रंजिश मानने लगे। शनिवार साढ़े चार बजे रामकिशन, महेंद्र, कुलदीप, सर्वेश, निवासी उदरहा, दीपक जमुनिया थाना माधोटांडा निवासी एक राय होकर लाठी डंडे, बांका व हथियार लेकर घर में घुस आए। आरोपितों ने वृद्ध फूलचंद की पीट पीटकर हत्या कर दी। पिटाई में गर्भवती महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। घटना के देर रात अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ गांव पंहुचकर घटनास्थल देखा। ग्रामीणों से घटना की जानकारी जुटाई।

एसपी ने भाजपा विधायक बाबूराम पासवान की मौजूदगी में मृतक के पौत्र सचिन से घटना की विस्तृत जानकारी ली। देर रात पुलिस ने वृद्ध की हत्या में शामिल चार आरोपितों को पकड़ लिया।

आरोपित कुलदीप की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। देर रात तक अपर पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार थाना पर मौजूद रहे।

उच्चाधिकारी पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते रहे।

### पोस्टमार्टम के बाद देर रात गांव पंहुचा शव

वृद्ध का शव पोस्टमार्टम के बाद देर रात गांव पहुंचते ही स्वजनों में चीत्कार मच गया। भाजपा विधायक भी गांव मौजूद रहे। रविवार सुबह गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार किया गया। वृद्ध की मृत्यु के बाद से स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### खुशियों के आंगन में मातमी चीत्कार

राजू और उनकी पत्नी जसौदा की पांच वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। वृद्ध फूलचंद अपने पौत्र सोनपाल, सचिन, प्रदीप, पौत्री निशा के साथ रहते थे।12 नवंबर को सोनपाल की शादी थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही है। परिवार के सभी लोग शादी की तैयारियों में जुटे हुए थे। शादी को लेकर खरीदारी भी की जा चुकी थी। 12 नवंबर को दिन में बारात जानी थी।शनिवार तेल पूजन की रस्म पूरी हो रही थी। अचानक खूनी संघर्ष शुरू हो गया। आरोपित ने वृद्ध की पीट पीटकर हत्या कर दी। घर के आंगन में शादी खुशियां मातम में बदल गई।

> सिर में चोट लगने से वृद्ध की मृत्यु हुई है। पांच आरोपितों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में प्राथमिकी लिखी गई है। चार आरोपितों को पकड़ लिया गया। पकडे गए आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। फरार आरोपित की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।
>
> **विशाल चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर।**

# भक्त के वश में होते हैं भगवान: वाचस्पति जी महाराज

- जहरुद्दीनपुर में सात दिवसीय भागवतकथा का चौथा दिन।

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




भगवान अपने सबसे प्रिय भक्तों के वश में होते हैं। उसके पुकारने पर भगवान स्वयं उसकी सभी विपत्तियों से रक्षा के लिए आते हैं। उक्त बातें श्री वैष्णव नारायण स्वामी वाचस्पति जी महाराज ने रविवार को जहरुद्दीनपुर गांव में कमलेश तिवारी मुन्ना पत्रकार के आवास पर चल रही भागवतकथा के चौथे दिन कही।

उन्होंने आगे कहा कि भागवतकथा के श्रवण मात्र से मनुष्य के सारे पाप धुल जाते हैं। मनुष्य के सुख दुःख उसके पूर्व जन्म में संचित कर्मों के ही प्रतिफल होते हैं। जैसे बोया पेड़ बबूल का आम कहां से खाय ठीक उसी तरह जो जैसा करेगा निश्चित रूप से उसके साथ भी वैसा ही होगा। जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है। भगवान के चौबीस अवतारों में बाइस अवतार अंशावतार तथा दो अवतारों क्रमशः राम व कृष्ण को पूर्णावतार माना जाता है। राम लक्ष्मण सहित चारों भाइयों के नामों का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा कि राम अर्थात जो सभी मे रमताहै वही राम है। लक्ष्मण यानी जो हमेशा लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त रहे। भरत जो संसार का भरण पोषण कर सके और शत्रुघ्न अर्थात जो शत्रुओं का संहार कर सके।

कथा में पधारे हुए श्रोताओं जनकधारी दुबे, राजेश चौबे, प्रदीप दुबे, पवन पाल आदि के प्रति आभार यजमान शोभनाथ तिवारी, राजनाथ तिवारी, ओम प्रकाश, जय प्रकाश, कमलेश त्रिपाठी आदि ने व्यक्त किया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

- जहरुद्दीनपुर में सात दिवसीय भागवतकथा का चौथा दिन।
- पीड़ित की तहरीर पर पति सहित पांच आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला की हत्या का प्रयास किया। मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पांच आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव गोरा निवासी छाया देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 22 नवंबर 2023 को कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास निवासी आशीष कुमार के साथ हुई थी। पिता ने सामर्थ्य अनुसार दान दहेज भी दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए ससुरालियों ने परेशान करना शुरू कर दिया। शारिरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।पति आशीष व जेठानी मुन्नी देवी, सास सुशीला, जेठ गंगाराम, ननद सत्यवती, ऊषा देवी, ननदोई देवेन्द्र व जगपाल ने गाली गलौज शुरू कर दी। मायके से पांच लाख की नकदी, बुलेट बाइक की मांग करने लगे। आए दिन मारपीट शुरू कर दी गई। कई दिन भूखा रखा गया। महिला के पिता ने कई बार समझाया लेकिन ससुराली नहीं माने। पांच जून को बेरहमी से मारपीट कर गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। रूपये और बुलेट बाइक न लाने पर जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस ने पांच आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है।

# निर्धन खिलाड़ियों की हरसंभव मदद करेगी समाजवादी पार्टीः गोप

- नवोदित हॉकी खिलाड़ियों को मिला ट्रैक शूट, खिलाड़ियों के खिले चेहरे

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**




गरीब परिवार से आने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को हॉकी के गुर सिखा कर बेहतरीन खिलाड़ी तैयार करने वाले महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब की पहल सराहनीय है। यह क्लब बच्चों में खेल के साथ देशभक्ति की भावनाएं भी जाग्रत कराती है। ताकि नवोदित बच्चे राष्ट्रीय खेल की गंभीरता को समझ सके और पूरे मनोयोग से भारत मान सम्मान ऊंचा कर सके। यह बात रविवार को गांधी भवन महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित नवोदित खिलाड़ी सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। श्री गोप ने क्लब से जुड़े नवोदित हॉकी खिलाड़ियों को ट्रैक शूट देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर श्री गोप ने वरिष्ठ राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रोबेंद्र कुमार चटर्जी (रोबू) को के.डी सिंह बाबू खेल सेवा अवार्ड और रेलवे के पूर्व सीनियर खिलाड़ी सलाहउद्दीन किदवई व विजय कुमार अवस्थी को समाजिक सहभागिता सम्मान से सम्मानित किया। श्री गोप ने आगे कहा कि अखिलेश यादव ने हमेशा खेल और खिलाड़ियों का सम्मान किया। बेहतरीन खेल के लिए इकाना स्टेडियम बनवाया जिसमें आज अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेले जाते है। यह सोच नेताजी मुलायम सिंह यादव की थी जिनकी विचारधारा को धरातल पर उतारने का काम अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी कर रही है। क्लब के निर्धन मेधावी खिलाड़ियों की समाजवादी पार्टी हरसंभव मदद करेंगी। ज़िला ओलम्पिक एसोसिएशन के सचिव धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षा जगत में 'सुपर 30' के नाम चर्चित संस्थान के संस्थापक आनंद कुमार की तरह ही खेल जगत में 'सुपर 16' हॉकी टीम तैयार करने वाले दिग्गज हॉकी खिलाड़ी एवं क्लब के अध्यक्ष सलाहउद्दीन किदवई की मेहनत भी एक दिन जरूर रंग लाएगी। सभा की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रोबेंद्र कुमार चटर्जी (रोबू) ने की। कार्यक्रम का संचालन युवा समाजसेवी श्री पाटेश्वरी प्रसाद ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्लब के संस्थापक राजनाथ शर्मा, मोहम्मद उमैर किदवई, विजय कुमार सिंह (मुन्ना), समाजसेवी अशोक शुक्ला, मृत्युंजय शर्मा, विनय कुमार सिंह, सईद अहमद, ज्ञान सिंह यादव, वीरेंद्र प्रधान, हशमत अली गुड्डू, अशोक जायसवाल, अनिल वर्मा टिल्लू, हॉकी खिलाड़ी मो. फ़ारूख़, मुजीब अहमद, रामाशीष वर्मा, निसार अहमद आदि उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब की पहल सराहनीयः धीरेन्द्र वर्मा

- सीनियर हॉकी खिलाड़ी रोबू चटर्जी को मिला के.डी सिंह बाबू खेल सेवा अवार्ड

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

गरीब परिवार से आने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को हॉकी के गुर सिखा कर बेहतरीन खिलाड़ी तैयार करने वाले महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब की पहल सराहनीय है। यह क्लब बच्चों में खेल के साथ देशभक्ति की भावनाएं भी जाग्रत कराती है। ताकि नवोदित बच्चे राष्ट्रीय खेल की गंभीरता को समझ सके और पूरे मनोयोग से भारत मान सम्मान ऊंचा कर सके। यह बात रविवार को गांधी भवन महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित नवोदित खिलाड़ी सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। श्री गोप ने क्लब से जुड़े नवोदित हॉकी खिलाड़ियों को ट्रैक शूट देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर श्री गोप ने वरिष्ठ राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रोबेंद्र कुमार चटर्जी (रोबू) को के.डी सिंह बाबू खेल सेवा अवार्ड और रेलवे के पूर्व सीनियर खिलाड़ी सलाहउद्दीन किदवई व विजय कुमार अवस्थी को समाजिक सहभागिता सम्मान से सम्मानित किया। श्री गोप ने आगे कहा कि अखिलेश यादव ने हमेशा खेल और खिलाड़ियों का सम्मान किया। बेहतरीन खेल के लिए इकाना स्टेडियम बनवाया जिसमें आज अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेले जाते है। यह सोच नेताजी मुलायम सिंह यादव की थी जिनकी विचारधारा को धरातल पर उतारने का काम अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी कर रही है। क्लब के निर्धन मेधावी खिलाड़ियों की समाजवादी पार्टी हरसंभव मदद करेंगी। ज़िला ओलम्पिक एसोसिएशन के सचिव धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षा जगत में 'सुपर 30' के नाम चर्चित संस्थान के संस्थापक आनंद कुमार की तरह ही खेल जगत में 'सुपर 16' हॉकी टीम तैयार करने वाले दिग्गज हॉकी खिलाड़ी एवं क्लब के अध्यक्ष सलाहउद्दीन किदवई की मेहनत भी एक दिन जरूर रंग लाएगी। सभा की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रोबेंद्र कुमार चटर्जी (रोबू) ने की। कार्यक्रम का संचालन पाटेष्वरी प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्लब के संस्थापक राजनाथ शर्मा, मोहम्मद उमैर किदवई, विजय कुमार सिंह(मुन्ना), समाजसेवी अशोक शुक्ला, मृत्युंजय शर्मा, विनय कुमार सिंह, सईद अहमद, ज्ञान सिंह यादव, वीरेंद्र प्रधान, हशमत अली गुड्डू, अशोक जायसवाल, अनिल वर्मा टिल्लू, हॉकी खिलाड़ी मो.फ़ारूख़, मुजीब अहमद, रामाशीष वर्मा, निसार अहमद आदि उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम के 40 बुजुर्गों को चित्रकूट यात्रा पर भेजा

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

वृद्धाश्रम में रहने वाले 40 बुजुर्गों को बस से चित्रकूट धाम यात्रा पर भेजा गया। डीएम शुभ्रांत शुक्ल और सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीएम ने कहा कि तीर्थ यात्रा से मन की शांति के साथ नई ऊर्जा मिलती है। तीर्थ यात्रा से स्वास्थ्य लाभ होने के साथ-साथ पौराणिक जगहों पर जाने से देवी-देवताओं से जुड़ी कथाएं और परंपराएं मालूम होती हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों को तीर्थयात्रा में जाने के लिए काफी उत्सुकता थी। इसलिए तीर्थयात्रा के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि यात्रा में वृद्धजनों को पानी, भोजन आदि सुविधाओं में कमी नहीं होना चाहिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि डीएम की ओर से वृद्धजनों की तीर्थ यात्रा की अच्छी पहल चलाई गई है।

## बिल्हौर थाना क्षेत्र के बदन निवादा गांव में दो पक्षों में मारपीट पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो।** कोतवाली क्षेत्र के उत्तरीपूरा चौकी क्षेत्र में ग्राम बदननिवादा गांव में दो पक्षों के बीच हुई गाली गलौज व मारपीट के बाद सूचना पर पहुंची डायल हंड्रेड पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया लेकिन देर शाम काम करके आये घर पर बबिता पति गोविंद निवासी ग्राम बदननिवादा ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि पड़ोसी शालिनी व उसकी मां एवं पिता जगरुप ने एक राय होकर गाली गलौज करने लगे तभी हमने विरोध किया तो एक राय होकर मेरे साथ मारपीट करने लगे सूचना पर पहुंचे उत्तरी पूरा चौकी इंचार्ज अमित कुमार यूटी उपनिरीक्षक संजय सिंह यूटी उपनिरीक्षक देव सिंह दिवान राजेन्द्र सिंह फौजी ने उपरोक्त लोगों पर प्राथमिकता दर्ज कर घायल पक्ष को आश्वासन दिया कि उपरोक्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## काकूपुर गांव में श्रीमद्भागवत कथा का समापन भंडारे का आयोजन होगा





**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर के काकुपुर हलबल गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत गीता का आयोजन में रविवार को कथा का समापन हुआ। सोमवार को कथा स्थल पर विशाल भंडारे आयोजन होगा। आयोजक अंकुल तिवारी ने बताया की चार तारीख को कलश पूजन साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू हुई थी। कन्नौज से पधारे आचार्य रामजी मिश्रा ने भक्तों को कई राजाओं और उनके प्रजा देशों के विषय में बताया है।

उन्होंने कलयुग शुरू होने से पहले राजा परीक्षित के बारे में बताया व मनुष्य को न्याय अन्य धर्म राधा श्याम सुदामा मित्रता के विषय में भक्तों जानकारी दी। इस दौरान आयोजक अंकुल तिवारी ने बताया कि कथा स्थल पर सोमवार को कन्या भोज के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## मकनपुर में मदारूल आलमीन में की गई गुल पोशी की रस्म अदायगी





**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में अरौल थाना क्षेत्र के मकनपुर स्थित हज़रत जिंदा शाह मदार की दरगाह में देर शाम गुल पोशी की रस्म अदायगी की गई उर्स का चांद नज़र आते ही दरगाह की रस्में शुरू होने लगी है दूर दराज से आए जायरीनों ने चादर चढ़ा कर दुआ की। अल्लामा वा मौलाना हकीम सूफ़ी सय्यद इंतिखाब आलम जाफरी ने बताया दरगाह जिंदा शाह मदार में गुलपोशी की रस्म बड़ी धूम धाम से मनाई गई है।

### दरगाह को फूलो से सजाया गया है

नात मनकावत सलातो सलाम पड़ा गया दुआ के साथ रस्म का समापन किया गया वही दूर दराज वा कस्बे के लोगो ने एक दूसरे को मुबारक बाद दी मेला कमेटी के सदस्य डॉक्टर लाले जाफरी मदारी ने बताया हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूम धाम से जिंदा शाह मदार का 608 वा उर्स ए मदारुल का आगाज़ 18,19,20, नवंबर उर्दू के मुताबिक 15,16,17, जमादीउल मदार को किया जाएगा वही मौलाना इंतिखाब आलम वा इंतजामिया कमेटी की तरफ से शासन वा प्रशासन से ईसन नदी में पानी, प्रयाप्त पुलिस प्रशासन, आटोमेटिक टुवैलेट, सफाई कर्मी, 24 घंटे तीन दिन तक बिजली समेत आदि प्रकार की मांग की गई है ।

### गुल पोशी के मौके पर

मौलाना इंतिखाब आलम ने दरगाह में क्षेत्र वा देश में शांति वा सुवस्थ रहने की दुआ की सय्यद कैफ़ी जाफरी, ज़फरयाब आलम जाफरी मदारी, अरगून मिया, अख्तियार अहमद, ताबीब आलम, मौलाना मुनव्वर अली, डॉक्टर लाले जाफरी, फैजी जाफरी इमरान शिकोह, फैजुल अनवार, निज़ाम जाफरी, इश्के नबी मुफ्ती निसार हुसैन, महमुदुल हंक, मोने जाफरी समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## युवती ने दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दी

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

किराये के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही युवती ने दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मकान मालकिन ने शव देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली के मोहल्ला शिवाजीनगर निवासी आशीष पाल के मकान में उमर्दा क्षेत्र के गांव कुढ़िना निवासी प्रेमनारायण की पुत्री गुड्डन (27) चार माह से किराये पर रह रही थी। गुड्डन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। वह प्रतिदिन लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए जाती थी। शनिवार की शाम को आशीष पाल की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मां काम करके वापस आई तो गुड्डन का कमरा बंद देखकर आवाज लगाई। जवाब न मिलने पर उन्होंने आसपास के लोगों को बुलाया। कमरे के झरोखे में देखा तो गुड्डन को दुपट्टे से फंदे पर लटका हुआ पाया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सूचना पर पिता प्रेमनारायण व इंस्पेक्टर कपिल दुबे मौके पर पहुंचे। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच पड़ताल की। मौके पर मिले कई सामान को पुलिस ने कब्जे में लिया। परिजनों से पूरे मामले की जानकारी करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे का कहना है कि युवती ने फंदा लगाकर जान दी है। उसके आधार कार्ड को देखकर परिजनों को सूचना दी है। परिजन आ गए है। अभी आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवती से मिलने आता था युवक

मकान मालकिन की माने तो युवती से मिलने के लिए एक युवक अक्सर आता था। युवती उसको भाई बताती थी। युवती की मौत के बाद परिजन आए तो उन्होंने भाई होने की बात से इन्कार कर दिया। ऐसे में युवक कौन था। पुलिस इसके बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# बिल्हौर थाना क्षेत्र के गडरानी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा की फांसी से मौत



### मायके पक्ष ने सर से खून निकलता देख जताई हत्या की आशंका

इसी बीच सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने मृतक महिला के सर से खून निकलता देख वृद्ध महिला की फांसी से मौत न होकर हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### फांसी से उतारते समय शव गिरने से आई चोट

वृद्धा के परिवार जनों के अनुसार वृद्धा के शव को फांसी से उतारते समय शव फर्स पर गिर पड़ा था। इसी कारण सर में चोट लगने से खून निकलने लगा। वहीं घटना के बाद मायके पक्ष के लोगों के आरोप लगाने पर वृद्ध मौके से फरार हो गया।

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**



बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के गदनपुर चोरसा ग्राम सभा के मजरा गड़रानी गांव में रविवार को एक वृद्ध महिला का शव घर के अंदर फांसी पर लटका मिला। जानकारी पाकर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने वृद्धा की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू की। थाना क्षेत्र के गड़रानी गांव निवासी हुकुम लाल रिटायर सरकारी कर्मचारी हैं। उनके कोई अपना बच्चा नहीं है। उन्होंने ने अपने भाई के लड़के को अपने पास रख लिया था। उसकी शादी के बाद दोनो पति पत्नी कानपुर में रहते हैं। जबकि वृद्ध रिटायर होने के बाद पत्नी के साथ गांव में ही रह रहा था। उनकी 71 वर्षीय पत्नी शान्ती देवी का रविवार सुबह घर के अंदर कमरे में छत के कुंडे में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली।

जानकारी होने पर वृद्ध ने रस्सी काटकर किसी तरह महिला को फांसी से उतारा और शव के अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगा तभी मायके पक्ष की सूचना पर मौके पर पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# विजय दुबे हत्याकांडः एक आरोपी के खिलाफ अभी भी चल रही सुनवाई



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

छिबरामऊ। 21 साल पहले हुआ सिकंदरपुर के बहुचर्चित विजय दुबे हत्याकांड में नामजद किए गए आठ आरोपियों में से दो की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी। शेष बचे छह आरोपियों में पांच को बुधवार को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुना दी है। हत्याकांड में नामजद किए गए फौजी के खिलाफ सुनवाई अभी तक जारी है।

बता दें कि 26 अक्तूबर 2003 को सिकंदरपुर निवासी राजीव पांडेय उर्फ पप्पू, मनीष दीक्षित, पंकज सिंह, सुनील सिंह, विपिन बिहारी दीक्षित, रामचंद्र शर्मा, विनय शर्मा, लला तिवारी ने लाठी डंडों व असलहों से लैस होकर पड़ोस के विजय दुबे के घर पर धावा बोल दिया था। फायरिंग में गोली लगने से विजय दुबे की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि उनके भाई सुरेश दुबे, रवींद्र दुबे को तमंचों की बटों व हाकियों से मारपीट कर घायल कर दिया था। उसी दौरान रास्ते से गुजर रहे मुन्ना के साथ ही भी मारपीट की थी। सुरेश दुबे की तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर डॉ. रामचंद्र शर्मा व विनय शर्मा को उसी दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि अन्य सभी आरोपी फरार हो गए थे। बाद में सभी ने न्यायालय में सरेंडर किया था। 21 साल तक चली मुकदमे की सुनवाई में छह नवंबर को हत्यारोपी राजीव कुमार पांडेय, मनीष कुमार दीक्षित, सुनील सिंह, विपिन बिहारी दीक्षित, विनय शर्मा व लला तिवारी को आजीवन कारावास की सुनाते हुए जेल भिजवा दिया है। हत्याकांड के मामले में नामजद डॉ. रामचंद्र शर्मा की सुनवाई के दौरान ही मौत हो चुकी है।

### सेना में नौकरी करता था आरोपी पंकज सिंह

वादी सुरेश दुबे ने बताया कि इसी मामले में नामजद पंकज सिंह सेना में तैनात था। दीपावली पर छुट्टी लेकर घर आया था। दीपावली की प्रतिपदा पर हुए हत्याकांड के बाद फरार हुए साथियों के साथ वह भी मौके से भाग गया था। सूत्रों की मानें तो वह भागकर अपने तैनाती स्थल पर पहुंचकर ज्वाइनिंग ले ली थी। उसने उच्च न्यायालय से गिरफ्तारी पर स्टे ले लिया और पुलिस का आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल होने से पहले अग्रिम जमानत करा ली। जमानत मिलने पर पुलिस ने आरोप पत्र से उसका नाम फाइल से हटा दिया। उसकी सुनवाई के लिए अलग फाइल तैयार की गई, जिसकी सुनवाई अभी तक चल रही है, जिसका निर्णय अभी भविष्य के गर्भ में है।

## महिला को 50 हजार रुपये में बेचने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

गुरसहायगंज। महिला को 50 हजार रुपये में बेचने का मामला प्रकाश में आया है। गुरसहायगंज कोतवाली पहुंची महिला ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। महिला का आरोप है कि खरीदने वाला उसे ट्रेन से दिल्ली ले गया था पर वह बच कर वापस आ गई। गुरसहायगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि पति गुजरात में निजी व्यवसाय करते हैं। 21 अक्तूबर से पहले पति घर आया था। इस बार कहासुनी हो गई थी। इसके बाद पति गुजरात चले गए और काफी दिन तक पति से फोन पर बात नहीं हुई। इसकी जानकारी गांव की एक महिला को हो गई। महिला ने उसे एक युवक से मिलवाया। युवक की बातों में आकर वह उसके साथ चली गई। वह उसे ट्रेन से दिल्ली ले जा रहा था। रास्ते में युवक ने बताया कि तुम्हें 50 हजार रुपये में खरीदा है तो उसके होश उड़ गए। युवक के सो जाने पर वह एक स्टेशन पर ट्रेन से उतर गई। स्टेशन पर कुछ लोगों को इसकी जानकारी दी। उनकी मदद से वह बालाजी धाम पहुंची। कई दिनों तक वहां पर रहने के बाद ससुराल पहुंची। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जन्मदिन पार्टी में तीन साल की बच्ची पर गिरा डीजे, मौत



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

पड़ोसी के बच्चे की जन्मदिन पार्टी में तीन साल की मासूम बच्ची पर डीजे का सामान गिर गया। इससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया।

शुक्रवार को शाम तीन बजे शहर के मेरापुर मोहल्ला निवासी स्वामीनाथ की पुत्री सुरभि (03) घर के सामने बच्चों के साथ खेल रही थी। उनके पड़ोसी योगेश कुमार के बच्चे के जन्मदिन में लगा डीजे का फ्रेम दीवार के सहारे रखा था। खेलते-खेलते बच्चे इस डीजे के एंगल पार्ट के पास पहुंच गए। इस दौरान एंगल के गिरने से सुरभि गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को डीजे स्वामी योगेश कुमार और परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर इलाज के दौरान चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्रभारी कोतवाल डीके मिश्रा का कहना है कि परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## दिवारी में महोबा टीम विजेता, बांदा उपविजेता

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

**मुस्करा।** पूर्व प्रधान रसिकलाल राजपूत की पुण्य स्मृति में दो दिवसीय बुंदेलखंड स्तरीय दिवारी लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रामचरण यादव महोबा टिकरीपुरा टीम ने विजय हासिल की। उपविजेता बांदा टीम रही। बड़ोखर खुर्द की महिला टीम आकर्षण का केंद्र रही। दिवारी लोक नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य करण सिंह राजपूत ने फीता काटकर किया।

सर्वप्रथम उरई कुठौंद की टीम ने लोकनृत्य का प्रदर्शन किया। जबकि महोबा से आई टीम की वेशभूषा, साज सज्जा व कलाकारों की वेशभूषा को देखकर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया।

## मोपेड में साड़ी फंसने से 10 मीटर घिसटी महिला, मौत

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**




तालग्राम। मोपेड में साड़ी फंसने से गिरी महिला 10 मीटर तक घिसटती चली गई। साड़ी फंसने के कारण मोपेड पलट गई, जिसमें महिला, पति और बेटा तीनों घायल हो गए। इलाज के दौरान घायल महिला की मौत हो गई। महिला मायके में भाईदूज करके लौट रही थी। पति के साथ लौटते समय तालग्राम के ढिपारा गांव के पास हादसा हुआ।

गुरसहायगंज के भवनियापुर निवासी किसान सुनील कुमार वर्मा (35) खेती करते हैं। सुनील की पत्नी गीता देवी (33), बेटे कुलदीप (12) भाईदूज पर मायके तिर्वा के धर्मपुर गांव गईं थीं। शुक्रवार दोपहर सुनील पत्नी और बेटे के साथ मोपेड से घर आ रहे थे। तालग्राम क्षेत्र के ढिपारा गांव के पास गीता की साड़ी मोपेड में फंस गई और वह गिर गईं। गिरने से गीता 10 मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई। राहगीरों ने तीनों घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी गुरसहायगंज भिजवाया। वहां पर महिला की हालत में सुधार न होने पर मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। रात 11 बजे गीता ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीखपुकार मच गई। महिला के छोटे पुत्र सचिन (10) का रो-रोकर हाल बेहाल है। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# कांग्रेस समाज की सामूहिक ताकत को तोड़ना चाहती है, एक हैं तो सेफ हैं: पीएम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड पहुंचे। यहां उनका एक मेगा रोड शो और चुनावी रैलियों का कार्यक्रम है। सबसे पहले पीएम मोदी ने बोकारो में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को तोड़कर उन्हें छोटी-छोटी जातियों में बांटना चाहती है। उन्होंने झारखंड की जनता को एकजुट रहने का संदेश देते हुए 'एक हैं तो सेफ हैं' का नारा भी बुलंद किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा के पक्ष में प्रचंड आंधी चल रही है। छोटा नागपुर का ये पठार भी कह रहा है- रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए सरकार। भाजपा-एनडीए का यहां एक ही मंत्र है। हमने झारखंड बनाया है, हम ही झारखंड संवारेंगे। ऐसे लोग कभी झारखंड का विकास नहीं करेंगे, जो झारखंड राज्य के निर्माण के विरोधी रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज से 10 साल पहले, 2004 से 2014 तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, मैडम सोनिया सरकार चलाती थीं और मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में बिठाया था। उस समय केंद्र सरकार ने झारखंड को 10 साल में बड़ी मुश्किल से 80 हजार करोड़ रुपये दिए थे। 2014 के बाद दिल्ली में सरकार बदली, आपने अपने इस सेवक मोदी को सेवा करने का मौका दिया और बीते 10 साल में हमने झारखंड को 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिए हैं।




### 'भ्रष्टाचारियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए लड़ाई लड़ेंगे'

पीएम मोदी ने कहा कि आप मुट्ठीभर बालू के लिए तरस रहे हैं, और इनके नेता बालू की तस्करी करके करोड़ों कमा रहे हैं। इनके पास से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। अब आपने भाजपा-हृष्ट सरकार बनाने का निर्णय कर लिया है। मैं आपसे वादा करता हूं कि सरकार बनने के बाद इन भ्रष्टाचारियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए हम अदालत में पूरी लड़ाई लड़ेंगे। आपके हक का पैसा आप पर ही खर्च होगा, आपके लिए खर्च होगा, आपके बच्चों के भविष्य के लिए खर्च होगा।

### 'झारखंड में हमारी सरकार ने लाखों करोड़ रुपये खर्च किए'

हम पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा सीधे झारखंड के किसानों के बैंक खातों में भेजते हैं और पूरे के पूरे उन्हें मिलते हैं। ऐसे ही हाइवे, रेलवे और एयरपोर्ट के कितने ही काम होते हैं, जिसपर केंद्र सरकार सीधे खर्च करती है, किसी को बीच में से कट करने का मौका ही नहीं मिलता। झारखंड में भी हमारी सरकार ने लाखों करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

### 'भाजपा-एनडीए सरकार नए उद्योगों को बढ़ावा दे रही'

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा-एनडीए सरकार नए उद्योगों को बढ़ावा दे रही है। हम झारखंड में बंद पड़े पुराने कारखाने भी खुलवा रहे हैं। सिंदरी का खाद कारखाना भी तो पहले की सरकारों की कुनीति की वजह से बंद हो गया था। हमने सिंदरी खाद कारखाने को शुरू करवाया। इससे झारखंड के हजारों युवाओं को रोजगार मिला है।

### पेपर लीक पर कही बड़ी बात

हमने हरियाणा में खर्ची और पर्ची दोनों को दफना दिया है। हम झारखंड में भी यहीं करेंगे। यहां छ्ररूरू-कांग्रेस ने जो पेपर लीक और भर्ती माफिया पैदा कर दिया है, उन सब पर प्रहार किया जाएगा। ऐसे सभी लोगों को पाताल में से भी ढूंढकर जेल भेज दिया जाएगा। झारखंड की हमारी बहन-बेटियों का जीवन आसान हो, ये मेरी प्राथमिकता है। हमारी सरकार की योजनाओं से बहनों को शौचालय मिले, बैंक में खाते खुले, गर्भावस्था के दौरान सीधे उनके खाते में पैसा पहुंचा है।

### कांग्रेस-जेएमएम की एक बहुत बड़ी साजिश से सतर्क रहना होगा

पीएम मोदी ने कहा कि अब झारखंड भाजपा ने यहां गोगो दीदी योजना का वादा किया है। झारखंड की मेरी माताओं-बहनों को ये मोदी की गारंटी है कि सरकार बनने के बाद गोगो दीदी योजना लागू हो जाएगी। इस योजना से हमारी माताओं-बहनों के बैंक खातों में सीधे पैसे जाएंगे। झारखंड के तेज विकास के लिए सबका प्रयास यानी सभी की सामूहिक शक्ति लगनी बहुत जरूरी है। इसलिए आप सभी को कांग्रेस-जेएमएम की एक बहुत बड़ी साजिश से सतर्क रहना है।

### एससी/एसटी/ओबीसी की घोर विरोधी रही है कांग्रेस

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से एससी/एसटी/ओबीसी की एकजुटता की घोर विरोधी रही है। आजादी के बाद जब तक स्ट समाज बिखरा रहा एसटी समाज बिखरा रहा... ओबीसी समाज बिखरा रहा, कांग्रेस मजे से केंद्र में सरकारें बनाती रही, लेकिन जैसे ही ये समाज एकजुट हुआ... कांग्रेस फिर पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में अपनी सरकार नहीं बना पाई।

### 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे'

उन्होंने कहा कि 1990 में ओबीसी समाज को आरक्षण मिला। ओबीसी की अलग-अलग जातियों का संख्या बल एक साथ जुड़ गया, उसके बाद से कांग्रेस आज तक लोकसभा में 250 सीटें भी नहीं जीत पाई है। इसलिए कांग्रेस ह्व्रष्ट की इस सामूहिक ताकत को तोड़ना चाहती है और इस ताकत को तोड़कर ह्व्रष्ट को सैकड़ों अलग-अलग जातियों में बांट देना चाहती है। कोई नहीं चाहता है कि समाज बिखरे, समाज छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट जाए। इसलिए हमें ये हमेशा याद रखना है - एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

### हिमंत बिस्वा सरमा ने दी जानकारी

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड बीजेपी के सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी रांची में 3 किलोमीटर का ऐतिहासिक रोड शो करेंगे। इसमें बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। इसके साथ ही पीएम मोदी के रोड शो में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।

### 10 दिनों में दूसरा दौरा

गौरतलब कि बीते 10 दिनों में यह पीएम मोदी का झारखंड का दूसरा दौरा है। बीते सप्ताह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद यानी 5 नवंबर को पीएम मोदी ने राज्य का दौरा किया।

### चाईबासा में विरोधियों पर बरसे थे पीएम

अपनी चाईबासा रैली में पीएम मोदी ने कहा कि अगर झारखंड में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार बनी तो घुसपैठ रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे और आदिवासी महिलाओं की हड़पी गई जमीन वापस करने के लिए कानून बनाया जाएगा।

### 'भाजपा के लिए आदिवासी स्वाभिमान सर्वोपरि'

मोदी ने जनसभा में आगे नारे लगाते हुए कहा था, पूरा झारखंड एक सुर में कह रहा है- रोटी, बेटी और माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-राजग (एनडीए) सरकार। उन्होंने कहा, भाजपा के लिए आदिवासी भाई-बहनों की आकांक्षा, उनका स्वाभिमान हमेशा सर्वोपरि रहा है। जब पहली बार भाजपा सरकार बनी। दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी को सेवा करने का अवसर मिला। अटल देश के प्रधानमंत्री बने।

# खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप कनाडा में गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ओटावा




खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप सिंह गिल्ल उर्फ अर्शदीप दल्ला को कनाडा में गिरफ्तार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि दल्ला को ओंटारियो प्रांत के मिल्टन शहर में 27-28 अक्तूबर को हुई गोलीबारी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया। हालांकि, इसको लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि उसे जेल से रिहा किया गया है या वह अभी भी हिरासत में है। अर्शदीप को हरदीप सिंह निज्जर का सहयोगी माना जाता है, जिसे पिछले साल ब्रिटिश कोलंबिया में अज्ञात हमलावरों में मार गिराया था।

### एचआरपीएस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

कनाडा की हल्टन रीजनल पुलिस सर्विस (एचआरपीएस) ने पिछले मंगलवार को दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी थी। इन दोनों पर हथियार से गोली चलाने का इरादा रखने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान का खुलासा नहीं किया है। लेकिन यह बताया कि दोनों जमानत पर सुनवाई होने तक हिरासत में रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक, इन दो में से एक अर्शदीप दल्ला हो सकता है, जो खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) आतंकी संगठन से जुड़ा हुआ है। अर्शदीप आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर के लिए आतंकी गतिविधियों का संचालन करता था, जिसे पिछले साल जून में मारा गया था।

### अर्शदीप के खिलाफ भारत में कई मामलों की चल रही जांच

अर्शदीप दल्ला पर पंजाब में लक्षित हत्याओं, आतंकवाद के लिए पैसा जुटाने और उगाही करने के आरोप हैं। भारत सरकार ने जनवरी 2023 में उसे आतंकवादी घोषित किया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) की एक अधिसूचना के मुताबिक, अर्शदीप भारत में नशीली दवाओं और हथियारों की भारी मात्रा में तस्करी करने में शामिल था। एनआईए अर्शदीप के खिलाफ विभिन्न मामलों की जांच कर रही है। जिनमें लक्षित हत्याएं, आतंकवाद के लिए धन जुटाना, हत्या का प्रयास और पंजाब में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने जैसी गतिविधियां शामिल हैं। सरकार का मानना है कि दल्ला आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल है, इसलिए उसे 1967 के गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित किया गया।

### सुरक्षा एजेंसियों को गोलीबारी के बारे में जानकारी मिली

कनाडा और भारत के बीच इस मामले को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है, क्योंकि दोनों देशों के बीच सभी कूटनीतिक चैनल बंद हैं। सुरक्षा एजेंसियों को गोलीबारी के बारे में जानकारी मिली, जिसमें दल्ला शामिल था। इस बीच, पंजाब पुलिस ने अर्श दल्ला गिरोह के दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। ये शूटर एक सिख कार्यकर्ता की हत्या में शामिल थे।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर साधा निशाना, कहा, जुबान पर आई मन की बात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी के एक हैं तो सेफ हैं वाले बयान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर एक फोटो शेयर करते हुए लिखा है कि मन की बात जुबान पर आई। शेयर की गई फोटो में लिखा है एक है तो सेफ हैं और इसमें पीएम मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उद्योगपति गौतम अदाणी, एनएसए अजीत डोभाल और सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच का फोटो लगाया गया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर नांदेड़ में रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि कांग्रेस चाहती है कि एससी, एसटी, ओबीसी समाज अलग-अलग जातियों में बंटा रहे... कांग्रेस आदिवासी समाज की पहचान, एसटी की एकता को तोड़ने में लगी हुई है। कांग्रेस को एकता पसंद नहीं है। अगर एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र को जिस सुशासन की जरूरत है, वह महायुति सरकार ही दे सकती है। दूसरी तरफ, महाअघाड़ी की गाड़ी में न पहिए हैं, न ब्रेक और ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए भी झगड़ा हो रहा है।% इस बयान के बाद लगातार विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को घेर रहा है। संजय राउत, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई विपक्षी नेताओं ने भी इस बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछा था। वहीं भाजपा भी लगातार विपक्ष को घेर रही है।

### महाराष्ट्र में एमवीए बनाम महायुति

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होने हैं, सभी 288 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) से मिलकर बना विपक्षी एमवीए गठबंधन राज्य में सत्ता हासिल करना चाहता है, जो महायुति गठबंधन को चुनौती देता है, जिसमें एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल हैं।

# मल्लिकार्जुन खरगे का योगी पर हमला, कहा गेरुआ कपड़े पहनने वाले फैला रहे नफरत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज कल कई नेता साधुओं के वेश में रहते हैं। कुछ तो मुख्यमंत्री भी बन गए हैं। वे गेरुआ कपड़े पहनते हैं और नफरत फैला रहे हैं। मुंबई में संविधान बचाओ सम्मेलन में खरगे ने कहा कि अगर नेता हैं तो सफेद कपड़े पहनें। अगर आप संन्यासी हैं और गेरुआ कपड़े पहनते हैं तो राजनीति से बाहर निकलें। एक तरफ गेरुआ कपड़े पहनते हैं और दूसरी तरफ कहते हैं बटोगे तो कटोगे। वह लोगों के बीच नफरत फैला रहे हैं और बांटने की कोशिश कर रहे हैं। महाराष्ट्र और यूपी उपचुनाव को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार ये बयान दे रहे हैं कि बंटोगे तो कटोगे। इसे लेकर लगातार विपक्षी दल भाजपा और सीएम योगी पर हमला बोल रहे हैं। अब कांग्रेस अध्यक्ष ने भी इस पर जवाब दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनका क्या मतलब है? आप किसको काटेंगे? इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश को एकजुट रखने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। यह योगी जी का नारा है।

### आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा हटाने का वादा

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि महाराष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए हमारे पास पांच स्तंभ हैं, जो कृषि और ग्रामीण विकास, उद्योग और रोजगार, शहरी विकास, पर्यावरण और लोक कल्याण पर आधारित हैं। घोषणा पत्र जारी करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को 4000 रुपये मासिक वजीफा दिया जाएगा। 25 लाख रुपये की हमारी स्वास्थ्य बीमा योजना राजस्थान में अशोक गहलोत द्वारा शुरू की गई थी और इसे महाराष्ट्र में भी लागू किया जाएगा। हम मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराने का वादा करते हैं। हमने जाति जनगणना करने का फैसला किया है और हम तमिलनाडु की तरह आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटा देंगे।

# उत्तरी बेरूत में इस्राइल के हवाई हमले, 20 की मौत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेरूत

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस्राइली सेना ने रविवार को लेबनान की राजधानी बेरूत के उत्तरी क्षेत्र में हवाई हमले किए। इन हमलों में दो दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। वहीं, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि हमला उत्तरी बेरूत के आलमात गांव में हुआ, जिसमें 20 लोग मारे गए हैं। जबकि छह अन्य घायल हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया के मुताबिक, जिस क्षेत्र में हवाई हमले हुए हैं, वहां हिजबुल्ला की बड़ी मौजूदगी है। फिलहाल, इस्राइल की ओर से इन हमलों को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इसके अलावा, रविवार को एक अन्य हमले में गाजा सिटी में एक घर को निशाना बनाया गया। जिसमें हमास संचालित सरकार के मंत्री वाएल अल-खर, उनकी पत्नी और तीन बच्चों की मौत हो गई। पिछले एक महीने में इस्राइली सेना ने गाजा के जबालिया और उसके आसपास के इलाकों की पूरी तरह से घेराबंदी कर ली है, जिससे मानवीय मदद की आपूर्ति में भारी कमी आई है। इस संघर्ष में छह अक्तूबर से अब तक सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग गाजा सिटी में शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। इससे पहले, संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के समूहों ने शुक्रवार को चेतावनी दी थी कि उत्तरी गाजा में भुखमरी का संकट बढ़ सकता है और वहां लोगों को अत्यधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस ने शनिवार को चेतावनी दी कि उत्तरी गाजा में लोगों को अकाल का सामना करना पड़ सकता है, अगर तत्काल मदद की आपूर्ति नहीं की गई।

### गाजा में भी इस्राइल के हमले जारी

इससे पहले इस्राइली हवाई हमले में शनिवार को गाजा के उत्तरी हिस्से जबालिया में एक शरणार्थी शिविर को निशाना बनाया गया। जिसमें 17 लोगों की मौत हुई। गाजा सिटी के अल-अहली अस्पताल के निदेशक डॉक्टर फादल नइम ने बताया कि मारे गए लोगों में नौ महिलाएं शामिल थीं। उन्होंने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि बचाव कार्य जारी हैं। वहीं, इस्राइली ने कहा कि उसने जबालिया में एक ऐसे ठिकाने को निशान बनाया है, जहां आतंकवादी सक्रिय थे। हालांकि इस्राइली सेना इसके कोई सबूत साझा नहीं किए।

# मध्य रेलवे ने सात महीने में 861 खोए-भटके बच्चों को माता-पिता से मिलवाया, इनमें 272 लड़कियां शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय रेलवे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाने के साथ खोए और बच्चों को भी उनके माता-पिता से मिलाकर उन्हें भटकने से बचा रहा है। आंकड़ों की मानें तो ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत मध्य रेलवे ने अप्रैल से अक्तूबर के बीच अब तक 861 ऐसे बच्चों को अपने माता-पिता से मिलवाया है, जो या तो खो गए थे या भागने की फिराक में थे। रेलवे के इस अभियान से जुड़ी कुछ कहानियां भी सामने आई हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के खंडवा स्टेशन में निगरानी के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के कर्मी ईश्वर चंद जाट और आरके त्रिपाठी को एक अकेला बच्चा बैठा मिला। इस बच्चे के दाएं हाथ में मोबाइल नंबर गुदा हुआ था. इस नंबर पर फोन करने में सामने आया कि वह मानसिक स्वास्थ्य समस्या से गुजर रहा है और बार-बार रास्ता भटक जाता है। बाद में आरपीएफ ने इस बच्चे- सुमित को उसके परिवार से मिलवाया। सुमित की तरह ही 860 और कहानियां हैं, जिनमें मध्य रेलवे ने नन्हें फरिश्ते अभियान के तहत बच्चों को अभिभावकों के पास पहुंचाया। हालांकि, बच्चों के खोने का कारण हमेशा स्वास्थ्य नहीं होता। कई बार माता-पिता से लड़ाई, पढ़ाई को लेकर डांट या अच्छी जिंदगी की तलाश और मुंबई की ग्लैमर की दुनिया भी बच्चों के घरों से भागने का कारण होता है। रेलवे ने ऐसे बच्चों को भी निगरानी तंत्र के जरिए अपने परिवारों के पास पहुंचाया। मध्य रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक, खोए या भटके बच्चों में 589 लड़के थे। वहीं, इनमें 272 लड़कियां थीं। उन्होंने बताया कि आरपीएफ कर्मी खोए बच्चों को ढूंढने के बाद उन्हें समझाते-बुझाते हैं और फिर उनका सुरक्षित लौटना भी सुनिश्चित करते हैं। आरपीएफ कर्मियों के इस अभियान के लिए माता-पिता भी उनके शुक्रगुजार रहे हैं।

# यूक्रेन का रूस पर अब तक सबसे बड़ा ड्रोन हमला, मॉस्को एयरपोर्ट बंद, एक घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को

रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को अब तीन साल होने वाले हैं। हालांकि, दोनों ही तरफ से जबरदस्त हमलों का दौर जारी है। इस बीच यूक्रेन ने रविवार को मॉस्को पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। बताया गया है कि कीव की तरफ से रूसी राजधानी में 32 ड्रोन्स के जरिए हमला किया गया। इसके चलते शहर के तीन एयरपोर्ट्स को बंद कराना पड़ा और यहां आने वाले विमानों को दूसरे स्थानों पर लैंडिंग के लिए भेजना पड़ा। रूस ने कहा है कि उसने मॉस्को की तरफ आ रहे सभी 32 ड्रोन्स मार गिराए। यह ड्रोन्स मॉस्को क्षेत्र के रैमेन्सकोय और कोलोमेन्स्की जिले को निशाना बनाने आए थे। इसके अलावा इनके निशाने पर दोमोदेदोवो शहर भी था, जहां मॉस्को का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। रूसी अधिकारियों का कहना है कि इस हमले में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि, एक व्यक्ति के घायल होने की खबर नहीं है। ड्रोन्स को खत्म किए जाने के बाद एयरपोर्ट्स पर सामान्य सेवा शुरू कर दी गई। इस ड्रोन हमले के कुछ अपुष्ट वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर भी वायरल हो रहे हैं। इनमें यूक्रेनी ड्रोन्स को मॉस्को के आसमान में गरजते देखा जा सकता है। रूसी अधिकारियों ने कुछ अन्य क्षेत्रों- कलुगा, ब्रायंस्क और ओरलोव क्षेत्र में भी यूक्रेनी ड्रोन्स के हमले की बात कही है।

# पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस बांग्लादेश लाना चाहती है अंतरिम सरकार, इंटरपोल से मांगेगी मदद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस देश लाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ छात्र आंदोलन में हुई मौतों का मुकदमा चलाने के लिए उनको बांग्लादेश लाया जाएगा। इसके लिए अंतरिम सरकार इंटरपोल की मदद मांगेगी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपनी सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर छात्र नेतृत्व वाले विद्रोह के बीच पांच अगस्त को भारत चली गई थीं। इस दौरान हुए विरोध प्रदर्शन में कई लोग घायल हुए। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुताबिक विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 753 लोग मारे गए और हजारों लोग घायल हुए। इस मामले में हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ अपराध और नरसंहार की 60 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शेख हसीना के खिलाफ 225 मामले दर्ज हैं, इनमें हत्या के 194, मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के 16 मामले, अपहरण के तीन मामले, हत्या के प्रयास के 11 मामले और 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' की रैली पर हमले के संबंध में एक मामला शामिल है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कानून मामलों के सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा कि इंटरपोल के जरिये बहुत जल्द रेड नोटिस जारी किया जाएगा। चाहे ये फासीवादी लोग दुनिया में कहीं भी छिपे हों, उन्हें वापस लाया जाएगा और अदालत में जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट परिसर में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (द्बष्ट्ठ) में जीर्णोद्धार की स्थिति का निरीक्षण करने के बाद कहा कि हसीना और उनके कई कैबिनेट सहयोगियों और अवामी लीग के नेताओं पर विशेष न्यायाधिकरण में मुकदमा चलाया जाएगा।

### बांग्लादेश में क्यों भड़की हिंसा?

बांग्लादेश को साल 1971 में आजादी मिली थी। आजादी के बाद से ही बांग्लादेश में आरक्षण व्यवस्था लागू है। इसके तहत स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को 30 प्रतिशत, देश के पिछड़े जिलों के युवाओं को 10 प्रतिशत, महिलाओं को 10 प्रतिशत, अल्पसंख्यकों के लिए 5 प्रतिशत और दिव्यांगों के लिए एक प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान था। इस तरह बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में 56 प्रतिशत आरक्षण था। साल 2018 में बांग्लादेश के युवाओं ने इस आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन किया। कई महीने तक चले प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश सरकार ने आरक्षण खत्म करने का एलान किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)